राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार,21 अप्रैल 2025

वर्ष 06,अंक 202, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

जेसीबी ने काट डाला अंडर ग्राउंड हाईटेंशन लाइन का केबिल 6 घण्टे ठप रही आपूर्ति...03

अमेरिकी उपराष्ट्रपति की 4 दिवसीय भारत यात्रा, आर्थिक और भू-राजनीतिक संबंधों पर होगी चर्चा....12

# मुर्शिदाबाद हिंसा- किसने, कैसे और क्यों भड़काया

## हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समुदाय के घरों को निशाना बनाया गया। लेकिन कौन थे हमलावर इसका जवाब नहीं है।

**स्वतंत्र प्रभात**

**मुर्शिदाबाद हिंसा-** किसने, कैसे और क्यों भड़काया। हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समुदाय के घरों को निशाना बनाया गया। लेकिन कौन थे हमलावर इसका जवाब नहीं है। सवाल है कि अगर मुस्लिम ही हमलावर थे तो फिर मुसलमानों के घरों और दुकानों पर किसने हमला किया।? पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में फिलहाल शांति है, लेकिन बीजेपी राज्य की ममता सरकार को हिंसा रोकने में नाकाम रहने के लिए जिम्मेदार ठहराने के इस 'अवसर' को हाथ से नहीं जाने देना चाहती। अब बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग उठाई जा रही है, जबकि मामले को गर्माए रखने के लिए शुक्रवार और शनिवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस और राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य इलाके के दौरे पर पहुंचे। मुर्शिदाबाद में हिंसा कैसे भड़की और किसने फैलाई, इसे लेकर सोशल मीडिया पर दावे और प्रति दावे लगातार जारी है और यह भी कहा जा रहा है कि यह हिंसा राजनीतिक नहीं बल्कि सांप्रदायिक थी। कुछेक ऐसी रिपोर्ट्स भी सामने आई हैं जिनमें बताया जा रहा है कि हिंदू और मुसलमानों दोनों ने मिलकर मुर्शिदाबाद में भीड़ को रोकने की कोशिशें की थीं, लेकिन सियासी दांव-पेंचों के शोर में ऐसी बातें गुम हो गई हैं।

ऐसे ही एक सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा गया कि जब मानिक के घर पर हमला हुआ, तो उसके पड़ोसी सनौल और दूसरे मुस्लिम पड़ोसियों ने हमले को नाकाम करने की कोशिश की। इलाके की अर्चना सरकार अपने मुस्लिम पड़ोसियों कि एहसानमंद हैं कि उन्होंने उसकी जान बचाई और सुरक्षित निकलने में मदद की। इस किस्म के कुछ वीडियो क्लिप्स एबीपी लाइव ने भी शेयर किए हैं जिनमें हिंदू अपने मुस्लिम पड़ोसिओं की तारीफ कर रहे हैं, लेकिन अखबारों और कथित मुख्यधारा के मीडिया में ऐसा कुछ देखने-पढ़ने को नहीं मिल रहा।

आरोप है कि हिंसा तब शुरु हुई जब मुसलमानों ने वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन सवाल है कि अगर मुसलमानों ने ही हिंसा की तो फिर आखिर वे अपने ही घरों को आग क्यों लगाते? आखिर वह कौन लोग थे जिन्होंने मुस्लिम सांसद तृणमूल कांग्रेस के खलीलुर्रहमान के घर पर हमला किया?

तृणमूल कांग्रेस ने भी ऐसी महिलाओं के वीडियो जारी किए हैं जो कैमरे के सामने बोल रही हैं कि बीजेपी समर्थकों ने उनके घरों पर सिर्फ इसलिए हमला किया क्योंकि उन्होंने 'मुस्लिम पार्टी' को वोट दिया था। मीडिया ने भी ऐसी रिपोर्ट सामने रखीं कि हिंसा बड़े पैमाने पर हुई, जबकि हकीकत यह है कि उपद्रव मुर्शिदाबाद के दो उपखंडों के सिर्फ 4 ब्लॉक तक ही सीमित था। इसमें संदेह नहीं कि हिंदुओं के घरों को भी निशाना बनाया गया। लेकिन किसने यह काम किया इस सवाल का जवाब अभी तक सामने नहीं है। यह भी नहीं पता चला है कि किसने हरगोबिंद दास और उनके 40 वर्षीय बेटे चंदन की घर से खींचकर हत्या कर दी और उनके घर को आग लगा दी। पुलिस का दावा है कि उसने सीसीटीवी कैमरों में कैद तस्वीरों की मदद से हमलावरों की पहचान कर ली है, लेकिन पुलिस के पास इस सवाल का जवाब नहीं है कि आखिर इन दोनों को ही निशाना क्यों बनाया गया। सिर्फ संदर्भ के लिए बता दें कि ये दोनों सीपीएम कार्यकर्ता थे। मुर्शिदाबाद हिंसा में एक और व्यक्ति की हत्या हुई है और वह मुर्शिदाबाद का एक मुस्लिम युवक है। आरोप है कि वह पुलिस की फायरिंग में मारा गया।

तृणमूल कांग्रेस ऐसे वीडियो सर्कुलेट कर रही है जिनमें पीड़ित दावा कर रहे हैं कि सारा उपद्रव बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया न कि मुसलमानों ने। दावा है कि उन्हें उनके घरों से बाहर खींचा गया। मुर्शिदाबाद के चार ब्लॉक के करीब 300 हिंदू परिवारों को नजदीक के मालदा जिले में बीएसएफ की सुरक्षा में भेजा गया है। इन परिवारों



में से कई के मकानों को भीड़ ने फूंक दिया है।

बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंदबोस और राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने गांवों का दौरा कर निशाने पर आए घरों आदि का मुआयना किया। लेकिन जो अटपटी बात सामने आई वह यह कि जब राज्यपाल रिलीफ कैंप में थे तो उसी समय भीड़ जय श्रीराम के नारे लगा रही थी और कुछ लोग भगवा गमछे भी लहरा रहे थे। दूसरी तरफ बीजेपी नेता तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस ने ही हिंसा भड़काई ताकि स्कूली शिक्षकों की नौकरी जाने से पैदा हुए रोष से ध्यान भटकाया जा सके। इन शिक्षकों की नौकरी पर हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तलवार लटक गई है। केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने दावा किया है कि हमलावर बांग्लादेशी घुसपैठिए थे जो राज्य में हिंसा फैलाना चाहते हैं। लेकिन तृणमूल कांग्रेस और पुलिस का कहना है कि हिंसा में पड़ोसी राज्य झारखंड और बिहार से लोग लाए गए थे जो महज 6 किलोमीटर दूर हैं। ऐसे ही दो युवाओं के वीडियो शेयर किए जा रहे हैं जो मुस्लिम टोपी पहने हैं, लेकिन कहा जा रहा है कि दोनों पड़ोसी राज्य के हिंदू हैं।

कानून-व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए, राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की बीजेपी की अब तक की जानी-पहचानी मांग के बाद, मजूमदार और सोशल मीडिया पर बीजेपी के आधिकारिक हैंडल ने दंगों के नौ वीडियो शेयर किए, जिनके बारे में दावा किया गया है कि यह बंगाल मे हुई हिंसा के ताजा मामले हैं। लेकिन पुलिस ने इन तस्वीरों को पुराना करार देते हुए कहा है कि कुछ तो 2019-20 में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के हैं, और तस्वीरें बीजेपी शासित राज्यों की हैं। इसके बाद बीजेपी ने इस पोस्ट को हटा दिया। अधिकांश नेता और पुलिस इस बात पर सहमत हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा में 'बाहरी लोगों' का हाथ है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि वे भीड़ में शामिल लोगों को नहीं पहचानते, और इससे यह बात पुख्ता होती है। लेकिन पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता कि वे कौन थे या क्या कोई राज्य के बाहर से आया था, जैसा कि बीजेपी और तृणमूल दोनों नेता आरोप लगा रहे हैं। मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल पुलिस ने अब तक 274 गिरफ्तारियां की हैं। पश्चिम बंगाल में अगले साल मार्च-अप्रैल में चुनाव होने हैं। इस साल आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत फरवरी माह में 10 दिन के बंगाल प्रवास पर थे। इसके बाद मार्च में बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकार ने ऐलान किया कि वे बीजेपी के सत्ता में आते ही मुस्लिम विधायकों को बंगाल विधानसभा से निकाल बाहर करेंगे। गौरतलब है कि उन्होंने यह नहीं कहा कि 'अगर बीजेपी सत्ता में आई तो....।' इस बयान पर मुर्शिदाबाद से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने तुरंत प्रतिक्रिया दी थी। अखबारों ने कबीर के हवाले से लिखा कि अगर सुवेंदु अधिकारी ने 13 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में कदम रखने की हिम्मत की, तो उन्हें बुरी तरह पीटा जाएगा। 13 अप्रैल का महत्व क्या है, यह नहीं पता, लेकिन 11-12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़क उठी।

# भाजपा नेता के भाई के खिलाफ केस दर्ज, संभल में सील हो गई यह फैक्टरी

**स्वतंत्र प्रभात**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नियमों में सख्ती की नीति संभल के भाजपा नेता के भाई के मामले में भी दिखाई पड़ी है। मुख्यमंत्री से एक सप्ताह पहले की गई मुलाकात भी किसी काम नहीं आ सकी और पुलिस ने चोरी के वाहन काटने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। आगे की छानबीन जारी है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि तथ्य जो भी प्रकाश में आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ेगी। अपराध किसी को नहीं करने दिया जाएगा। भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल और उनके भाई कपिल सिंघल ने लखनऊ पहुंचकर 12 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस मुलाकात की तस्वीरें तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दिखाई दी थीं। अब कपिल सिंघल के खिलाफ स्क्रैप फैक्टरी में चोरी के वाहन कटान के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई की है। यह कार्रवाई भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के यूजर्स इसको मुख्यमंत्री की सख्ती के मामले में तटस्थता नीति का उदाहरण बता रहे हैं। कहा जा रहा है कि अपराध कोई भी करे, वह कानूनी कार्रवाई की जद में आएगा। वहीं, दूसरी ओर इस कार्रवाई को लेकर भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल का पक्ष जानना चाहा, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रझेड़ा सलेमपुर में संचालित कबाड़ फैक्टरी पर पुलिस ने छापा मारा। मौके पर कई गाड़ियों के पार्ट्स व अन्य सामान मिला है। पुलिस ने भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के भाई कपिल सिंघल के खिलाफ चोरी के वाहन काटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही पुलिस आगे की छानबीन कर रही है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि मेरठ की तरह संभल में भी अवैध तरीके से वाहन काटने के मामले की जानकारी प्रकाश में आई थी। इसके बाद ही मुखबिर के माध्यम से पुलिस ने चौकसी शुरू की और कार्रवाई की है। मौके पर दस्तावेज





नहीं मिले। सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे थे। आगे की छानबीन जारी है। फिलहाल फैक्टरी को सील कर दिया गया है। यह रिपोर्ट कैलादेवी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने अपनी तहरीर में कहा है कि स्क्रैप आरआर एंड आर मैंटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फैक्टरी संचालित हो रही है। शुक्रवार की रात को मुखबिर ने सूचना दी थी कि चोरी के वाहन फैक्टरी में काटे गए हैं। मौके पर स्क्रैप पड़ा है।

सूचना मिलने पर फोर्स के साथ पहुंचे तो कई वाहनों के अलग-अलग पार्ट्स पड़े थे। दस्तावेज दिखाने के लिए कहा तो मौके पर मौजूद लोग नहीं दिखा सके। बताया कि यह फैक्टरी कपिल सिंघल द्वारा संचालित की जाती है। थाना प्रभारी के अनुसार यह वाहन चोरी के हैं जिन्हें काटा गया है। एसपी ने बताया कि थाना प्रभारी की तहरीर के आधार पर कपिल सिंघल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसपी ने बताया कि कुछ समय पहले हरियाणा की पुलिस भी इस फैक्टरी पर छानबीन करने के लिए पहुंची थी लेकिन टीम ने कोई सूचना नहीं दी थी। इसके बाद से ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई थी। उस समय जानकारी मिली थी कि लग्जरी कार को काटा गया है। एसपी ने बताया कि मेरठ के बाद यह काम संभल में चल रहा है इसकी जानकारी लगातार मिल रही थी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान यह मामला सामने भी आया है। इसके आधार पर ही कार्रवाई की गई है। कपिल सिंघल का कहना है कि फैक्टरी का लाइसेंस उनके नाम नहीं है और न जमीन उनके नाम है। बेटे के नाम से यह फैक्टरी संचालित हो रही है। सभी वैध दस्तावेज हैं। परिवहन विभाग की एनओसी पर कबाड़ वाहन काटने की अनुमति है। इसके अलावा सभी तरह का कबाड़ भी हमारे द्वारा खरीदा जा सकता है। जिस आरोप में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है वह गलत है। हम नियमानुसार कार्य करते हैं और पिछले कई महीने से फैक्टरी का संचालन भी नहीं हो रहा है।

मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। मेरठ के बाद संभल में चोरी के वाहन काटने की सूचना मिली थी। उसके आधार पर कार्रवाई की गई है। मौके पर कोई दस्तावेज भी नहीं दिखा सके हैं। सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे थे। छानबीन आगे चल रही है। उसके आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ेगी।

दरअसल कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रझेड़ा सलेमपुर में संचालित कबाड़ फैक्टरी पर पुलिस ने छापा मारा। मौके पर कई गाड़ियों के पार्ट्स व अन्य सामान मिला है। पुलिस ने भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के भाई कपिल सिंघल के खिलाफ चोरी के वाहन काटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल फैक्टरी को सील कर दिया गया है। यह रिपोर्ट कैलादेवी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने अपनी तहरीर में कहा है कि स्क्रैप आरआर एंड आर मैंटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फैक्टरी संचालित हो रही है। शुक्रवार की रात को मुखबिर ने सूचना दी थी कि चोरी के वाहन फैक्टरी में काटे गए हैं। मौके पर स्क्रैप पड़ा है। सूचना मिलने पर फोर्स के साथ पहुंचे तो कई वाहनों के अलग-अलग पार्ट्स पड़े थे। दस्तावेज दिखाने के लिए कहा तो मौके पर मौजूद लोग नहीं दिखा सके। बताया कि यह फैक्टरी कपिल सिंघल द्वारा संचालित की जाती है। थाना प्रभारी के अनुसार यह वाहन चोरी के हैं जिन्हें काटा गया है। एसपी ने बताया कि थाना प्रभारी की तहरीर के आधार पर कपिल सिंघल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## शादी समारोह से लौट रहे युवक पर दबंगों ने किया डंडे से हमला , मुकदमा दर्ज

**नगराम, लखनऊ।** क्षेत्र के नगराम गंगागंज मार्ग पर शुक्रवार की रात निमंत्रण से लौट रहे युवक पर दबंगों ने रास्ते में घेर कर डंडे से वार कर दिया, राहगीरों को देख ऐलानिया धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। नगराम थाना क्षेत्र के शिवपुरा गांव निवासी विजय कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह बीते शुक्रवार को अकरहदू गांव शादी समारोह में शामिल होने गया था बताया कि रात लगभग 10 बजे जैसे ही खवास खेड़ा की मोड़ पर पहुंचा तभी मदारपुर निवासी देवेंद्र उर्फ लाली ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर घेर लिया और डंडे से मारने लगे तभी राहगीरों को जुटता देख देवेंद्र अपने साथियों के साथ एलानिया धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर रविवार को एक नामजद व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिवार गया था ननिहाल, कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर दी जान

**लहरपुर सीतापुर** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है मोहल्ला अम्बरसराय निवासी 23 वर्षीय कुलदीप ने अपने घर में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली घटना शुक्रवार की देर रात की है उस समय मृतक की मां, दो बहनें और एक छोटा भाई अपने ननिहाल विष्णुपुर गए हुए थे। परिजनों ने जब कुलदीप को फोन किया और कोई जवाब नहीं मिला तो वे घर लौटे घर पहुंचकर उन्होंने कुलदीप का शव कमरे में लटका हुआ पाया स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव और कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में अभी तक कोई आरोप-प्रत्यारोप सामने नहीं आया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी कुलदीप के आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है!!

# समस्तीपुर में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार! बंगाली टोला में घटिया सामग्री से हो रहा निर्माण, लोंगो ने किया हंगामा

**स्वतंत्र प्रभात ब्यूरो।**

**समस्तीपुर** शहर के बंगाली टोला वार्ड संख्या -22 में राजेश श्रीवास्तव के घर से ऋषि जी के घर तक करीब 200 फ़ीट संपर्क गली के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में स्थानीय लोंगो ने जमकर हंगामा किया। मोहल्ला वासियों का आरोप है कि अभिकर्ता के द्वारा सड़क निर्माण में घटिया क्वालिटी के गिट्टी और बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ऐसे में घटिया निर्माण किए जाने के कारण जल्द ही सड़क टूटकर खराब हो जाएगा। लोगों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने व निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए काम रुकवा दिया है। लोंगो का कहना हैं कि अभिकर्ता के द्वारा सड़क में घटिया सामग्री



के साथ निर्धारित मापदंड और एस्टीमेट के अनुरूप काम नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में अभिकर्ता के द्वारा गिट्टी के बदले क्रेशर की डस्ट का उपयोग कर गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है। वहीं 8 इंच ढलाई के बदले 2-3 इंच ही ढलाई की जा रही है।

लोंगो का कहना है कि निर्माण स्थल पर योजना का बोर्ड लगाए बिना पचास प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं यह कार्य संवेदक द्वारा नहीं कराया जा रहा है बल्कि इस योजना के अभिकर्ता खुद नगर निगम के कनीय अभियंता अरविंद कुमार हैं। जो सरकारी नियमों का उल्लंघन कर प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य नहीं करा रहे हैं। कार्यस्थल पर कार्य का बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जबकि नियम के मुताबिक निर्माण स्थल पर कार्य प्रारंभ के दौरान ही योजना स्थल पर साइन बोर्ड लगाना है जिसमें योजना का नाम, निर्माण की लागत, अभिकर्ता / संवेदक का नाम, प्राक्कलित राशि अंकित किया जाना है। ताकि निर्माण की गुणवत्ता और लोगों के बीच अन्य जानकारी बनी रहे। लेकिन नगर निगम के अधिकारियों को नियमों की कोई परवाह नहीं है। वहीं इसके कारण लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। मोहल्ला वासियों ने इस मामले में जिलाधिकारी से जांच करने और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में घटिया ईंटों का प्रयोग



**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ** ढोलबजा तकिया गांव में आंगनबाड़ी केंद्र में खराब ईंट लगाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की। आपको बता दें कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी होने के मामले आए दिन सामने आते हैं। विभागीय अधिकारियों तक शिकायतें भी पहुंचती हैं लेकिन जांच में खानापूरी व लेन-देन कर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। अब निर्माण कार्य में घटिया क्वालिटी की ईंट लगाने का मामला ग्राम पंचायत बीरपुर के मजरा ढोलबजा तकिया से सामने आया है। लाखों की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया ईंट उपयोग करने से बच्चों के जीवन को खतरा है। भविष्य में हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की



है। **ग्रामीण-** कमरुद्दीन, राकेश, गौतम, सीताराम, महेश ने आरोप लगाया है कि आंगनबाड़ी भवन में बच्चे पढ़ेंगे,इस तरह घटिया कार्य किया गया तो, कभी भी हादसा हो सकता है।इससे बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। वहीं रमेश, अंसार अहमद, जयचंद, संदीप, राहुल, सुरेंद्र रावत ने आरोप लगाया कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण कर चल रहा है। जिसमें जिम्मेदारों के द्वारा घटिया क्वालिटी की ईंट का प्रयोग करवाया जा रहा है। पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# बाँसी में दर्जनों पक्के मकानों पर चला प्रशासन का बुल्डोजर, सपा ने किया विरोध प्रदर्शन





**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर** जिले के नगर पालिका बाँसी के मंगल बाजार में रविवार को तहसील और नगर पालिका प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत एक दर्जन से अधिक घर और दुकानों को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन का दावा है कि मंगल बाजार में स्थित करोड़ों की यह जमीन रामलीला समिति की है। इस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था जिसे कानूनी प्रक्रिया के तहत खाली कराया जा रहा है। जबकि वहां रह रहे लोगों का कहना है कि अपना ही घर है । और पिछले चार पूर्वजों से वे यहां पर रह रहे हैं उनके पूर्वजों ने यह जमीन उसे वक्त के बाँसी के राजा से ली थी। जिसके लगान की रसीद व उसे जमाने में चल रहे अन्य कागजात भी उनके पास है। इसके अलावा अतिक्रमण हटाओ अभियान का शिकार कुछ परिवारों के पास तो बाकायदा रजिस्ट्री के पेपर हैं जो कई वर्षों पूर्व कुछ लोगों ने उन्हें बनामा किया था। इन सारे कागजात के होते हुए भी इन परिवारों के खिलाफ बुल्डोजर की यह कार्रवाई बड़ा सवालिया निशान उठाती है। परिजनों का कहना है कि जिला और नगर पालिका प्रशासन बिना प्रॉपर वे में पैमाइश किये यह कार्रवाई कर रहा है। पैमाइश के बाद अगर यह कार्रवाई की जाती और उनकी जमीन अतिक्रमण के चपेट में आती तो उन्हें इतनी तकलीफ नहीं होती। वही इस मामले में जब करवाई स्थल पर मौजूद अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो उनका साफ कहना था कि जो भी कार्यवाही हो रही है वह न्याय पूर्ण तरीके से हो रही है ।इस घटनाक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लालजी यादव, पूर्व विधायक विजय पासवान एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

# भ्रष्टाचार

# सामुदायिक केंद्र निर्माण में भारी भ्रष्टाचार के आरोप

## मानक से कम नींव खुदवा कर शुरू कराया गया निर्माण कार्य और कराए जा रहे निर्माण में दोयम दर्जे की इट व घटिया सामग्री लगाए जाने के आरोप

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** जिले की सख्त जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्ती के बाद भी जनपद के विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। ताजा मामला विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत रेउसा का है जहाँ करवाए जा रहे सामुदायिक केंद्र निर्माण कार्य में भारी अनियमितता एवं मानक के विपरीत घटिया किस्म का निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र द्वारा मिली ताजा जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रेउसा में कराए जा रहे सामुदायिक केंद्र निर्माण में नीव की चौड़ाई पर एक नजर डाली जाए तो मात्र चार अंगुल नीव खुदवाकर निर्माण शुरू कर दिया गया है। इतना ही नहीं नीव की खुदाई के बाद दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग किए जाने के साथ-साथ चुनाई में घटिया किस्म की सामग्री लगा गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया जा रहा है।सूत्र द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक केंद्र की नीव में कम से कम चार रोद्दे 14 इंच के लगने चाहिए और उसके बाद 9 इंच के लगने चाहिए लेकिन यहां पर ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।पंचायत भवन का निर्माण कर रहे राजमिस्त्री व मजदूर से जब नीव कम खोदे जाने के विषय में जानकारी चाहि गई तब मिस्त्री ने ऑन कैमरा बताया कि जे.ई. साहब ने बताया है कि एक 14 इंच रोद्दा खोद लो शेष पटाई में आ जाएगा। यहां पर सबसे अहम सवाल पैदा होता है क्या एस्टीमेट में एक 14 इंची रूददा लगाना अंकित है? क्या 14 इंच एक रोद्दा मजबूती दे पाएगा बिल्डिंग को?वहीं दूसरा बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि जब एस्टीमेट में प्रथम श्रेणी ईट है तो दोयम दर्ज की ईट क्यों और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से लगाई जा रही है?जिम्मेदार अवर अभियंता और खंड विकास अधिकारी को यह अनियमितता क्यों नहीं दिखाई पड़ रही है? और यदि इस गड़बड़ झाले की खबर उनको है तो फिर किन कारणों से उक्त मामले पर



कार्रवाई नहीं की जा रही है।यदि मामले की करा ली जाए उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच तो मामला खुलकर आएगा सामने ऐसा दर्जनों लोगों का आरोप है।

**वर्जन-** उपरोक्त मामले पर जब जे ई सजल वर्मा से जानकारी चाहि गयीं तो उन्होने बताया की मामला मेरी जानकारी मे आया था मैंने मामले की जांच की है तो नीव मे दो रोद्दे कम कर दिये जाने की पुष्टि हुई है।एम.बी करते समय मै इनका भुगतान रोक दूंगा।

वही जब उपरोक्त मामले पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन उनके स्टेनो द्वारा उठाया गया और बताया गया आप वीडियो फोटो डालें मैं तत्काल कार्रवाई करवाता हूं।

# संक्षिप्त खबरें

## नगर पंचायत भानपुर द्वारा विद्युत पोलो व पथ प्रकाश के खम्भो तथा मार्ग के अवरोधक, अवैध होल्डिंग बैनर हटायें जाने का संघन अभियान जारी



**बस्ती।** बस्ती जिले केभानपुर शासन की मंशानुरूप आयुक्त महोदय व जिलाधिकारी महोदय बस्ती के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान के नेतृत्व में नगर पंचायत भानपुर द्वारा विद्युत पोलो व पथ प्रकाश के खम्भो तथा मार्ग के अवरोधक एवं अवैध होल्डिंग बैनर हटायें जाने संघन अभियान चलाया जा रहा हैं, अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान दिनांक 19.04.2025 की सायं को प्रारम्भ किया गया जिसमें कुल 23 अवैध होल्डिंग बैनर हटायें गय थे, आज दिनांक 20.04.2025 को नगर पंचायत द्वारा कर्मचारियों की 2 टीम बनाकर भानपुर तथा सोनहा बाजार में अवैध होल्डिंग बैनर हटायें जाने का अभियान चलाया जा रहा हैं, अभियान में 4 सफाई नायक 20 कर्मचारियों द्वारा जे0सी0बी0, स्काई लिफट के माध्यम से अबतक 13 बड़े अवैध होल्डिंग व 41 छोटे होल्डिंग बैनर हटाये जा चुके हैं। अवैध होल्डिंग बैनर हटायें जाने का अभियान दिनांक 21.04.2025 को भी चलाया जायेगा।

## जानलेवा हमले करने वाला आरोपी गिरफ्तार, तंमचा-कारतूस बरामद

**चित्रकूट** - जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने जान से मारने की नियत से फायर करने वाले आरोपी तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 16 अप्रैल को हर्ष द्विवेदी पुत्र कौशल किशोर द्विवेदी निवासी कसहाई ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि वह अपने बाबा के साथ दरवाजे पर बैठा था। इस दौरान विपिन पाण्डेय निवासी खोह, अमित सिंह पटेल व साही पटेल निवासीगण कसहाई रोड़ उसके दरवाजे पर आये और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से उसकी तरफतमंचे से फायर कर दिया। जिसके बचाव में शिकायकर्ता जमीन पर लेट गया और मौका पाते वहाँ से भाग निकला। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश चौकी प्रभारी जिला कारागार रगौली विजय बहादुर यादव को दिए गए थे। मामले की विवेचना करते हुए 20 अप्रैल को उपनिरीक्षक विजय बहादुर यादव व उनकी टीम चौकी प्रभारी खोह सत्यमपति त्रिपाठी, आरक्षी शुभम वर्मा, अदनान व संजयपाल द्वारा रामसैया मन्दिर के पास से आरोपी अमित सिंह पटेल को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

## परिक्रमा मार्ग में चलाया गया सफाई अभियान




**चित्रकूट** - नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी व कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। सफाई अभियान के दौरान लोगों से प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील की गई। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने परिक्रमा मार्ग में समस्त दुकानदार एवं घरों में डस्टबिन के प्रयोग के लिए अपील की। साथ ही बताया कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में होने वाले भंडारों में थर्माकोल प्लास्टिक के गिलास, प्लास्टिक की चम्मच आदि पूर्णत प्रतिबंधित है। साथ ही बताया कि कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में यदि कोई कचरा फेंकते हुए पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध जुर्माना एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखे कचरे को नगर पालिका द्वारा संचालित गाड़ियों में अलग-अलग दें। अपील की कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें। सफाई अभियान में जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, अंकुर केशरवानी, सफाई नायक जानकी कुशवाह, जिला कंप्यूटर ऑपरेटर राम कुमार, सफाई कर्मचारी आदि ने सहयोग दिया।

# बहुचर्चित प्रीती हत्याकाण्ड मामले में 03 माह बाद भी सोनहा पुलिस ने नही दाखिल की चार्जशीट

**●प्रीती के हत्या का मुख्य आरोपी बाबा और चाचा समेत अन्य लोगों पर सोनहा पुलिस मेहरबानमुख्य आरोपियों द्वारा पीड़िता से सुलह समझौता करने का बनाया जा रहा दबाव, सुलह समझौता न करने पर लगातार मिल रही जान से मारने की धमकी**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती में बहुचर्चित प्रीती हत्याकाण्ड मामले में सोनहा पुलिस टीम ने स्थानीय पर दिनांक 31.12.2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0 325/24 धारा 108 (103 ), 238, 351(3) BNS से सम्बंधित अभियुक्त राकी जान मैथ्यू पुत्र जान मैथ्यू निवासी खानीवली जनपद पालघर महाराष्ट्र उम्र करीब 24 वर्ष, को दिनांक 24.03.2025 पाडरी रेलवे स्टेशन के बगल से अंतर्गत थाना पाडरी मुकदमा उपरोक्त में गिरफ्तार किया था । नियमानुसार निकटतम मजिस्ट्रेट जे0एम0एफ0सी0 पाडरी बलसाड गुजरात से ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर दिनांक-26.03.2025 को गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय बस्ती भेजा गया था । गिरफ्तार आरोपी राकी जान मैथ्यू ने बस्ती न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल किया जाता था लेकिन बस्ती न्यायालय ने हत्या से जुड़ा मामला होने के कारण गिरफ्तार आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दिया है ।सूत्रों की माने तो सोनहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जोगिया में दिनांक - 14 - 12 - 2024 को 15 वर्षीय लड़की प्रीती को चाचा समेत अन्य लोगों ने पीट - पीट कर हत्या कर दिया था और आनन फानन में शव को ठिकाने लगाने का आरोप मृतक प्रीती की मां माया देवी पत्नी चिनगी प्रसाद ने लगाया था। हत्या आरोपियों ने मृतक की मां माया देवी को भी 03 दिनों तक घर में कैद किये हुए थे और धमकी दे रहे थे कि



यदि तुम घर से बाहर निकली या किसी ग्रामवासियों / रिश्तेदारों को फोन करके प्रीती के मृत्यु की सूचना दिया तो तुम्हे भी प्रीती की तरह मौत के घाट उतार दूंगा और तुम्हारे मायके वाले भी लाश को नहीं देख पायेंगे । पीड़ित मां अपने भाई रविन्द्र कुमार ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर कप्तानगंज निवासी के साथ लगातार 03 महीने से उच्च अधिकारियों से शिकायत कर प्रीती के हत्या आरोपियों की गिरफ्तार की मांग कर रही थी लेकिन सोनहा पुलिस की लापरवाही के कारण 03 माह बीतने के बाद भी हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो पाई है । पीड़ित मां ने अपने ससुर, देवर व अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाई थी । मामला तूल पकड़ने के बाद सोनहा पुलिस ने हत्या के 15 दिन बाद आरोपी ससुर, देवर व अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है । हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नही हो पाई है खुलेआम हत्या आरोपी घूम रहे है । प्रीती के हत्या आरोपियों द्वारा लगातार पीड़िता को धमकी दिया जा रहा है कि हत्या का मुकदमा यदि तुम सुलह समझौता नही करूंगी तो हम सब मिलकर प्रीती के तरह तुम्हे भी मार देगें ।प्रीती हत्याकांड के 03 माह बीतने के बाद भी सोनहा पुलिस चार्ज शीट कोर्ट / न्यायालय बस्ती में नही दाखिल कर पाई है । अब बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि प्रीती की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाले / साक्ष्य मिटाने वाले आरोपियों पर सोनहा पुलिस क्यों मेहरबान है ? क्या सोनहा पुलिस किसी बड़े घटना की प्रतीक्षा में है ? क्या सोनहा पुलिस फोन से लड़की से बात करने वाले लड़के की गिरफ्तारी कर मुख्य आरोपियों को बरी करके हत्या मामले में लीपापोती करने में जुटी है? क्या सोनहा पुलिस प्रीती हत्याकांड को आत्महत्या में बदलने की तैयारी में तो नही है ? सोनहा पुलिस पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे है । अब देखना है कि प्रीती हत्याकांड मामले में सोनहा पुलिस पीड़ित मां को न्याय दिला पाती है यह नही ? ।

## कोईलपुरा गाँव के प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण जागरूकता का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बस्ती सदर के कोईलपुरा गाँव के प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण जागरूकता का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, बच्चों और किशोरियों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और घरेलू पोषण के महत्व से अवगत कराना है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया। उन्होंने पोषण वाटिका के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न केवल पोषण सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आय में भी सहायक हो सकती है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजलि वर्मा (गृह विज्ञान वैज्ञानिक) ने महिलाओं व बच्चों के लिए उचित आहार योजना, पौष्टिक रेसिपी और खाद्य विविधता के बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि किस प्रकार सीमित संसाधनों में भी पोषणयुक्त आहार तैयार किया जा सकता है। बच्चों के लिए स्वस्थ भोजन की आदतें, आयरन और विटामिन की आवश्यकता तथा साफ-सफाई का महत्व समझाया गया।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे पोषण संबंधी संदेश को प्रभावी ढंग से फैलाया जा सके। डॉ. वी. बी. सिंह (पादप प्रजनन वैज्ञानिक) ने पौष्टिक किस्मों की खेती और घरेलू उपयोग हेतु मोटे अनाज के उन्नत बीजों की जानकारी दी। डॉ. प्रेम शंकर (पौध सुरक्षा वैज्ञानिक) ने पोषण वाटिका में उगाए जाने वाली सब्जियों में कीट व रोग नियंत्रण हेतु जैविक/प्राकृतिक तरीके अपनाने पर जोर दिया। आर. वी. सिंह (प्रसार वैज्ञानिक) ने संतुलित आहार और रोज़मर्रा के जीवन में पोषण की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## बसपा जिलाध्यक्ष ने किया दलित युवक मदनलाल हत्याकाण्ड के उच्चस्तरीय जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने शनिवार को एक प्रतिनिधि मण्डल के साथ सीओ सदर से वार्ता कर मांग किया कि मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के जोगिया गांव में गत 29 जनवरी 2025 को मदनलाल के संदिग्ध मामलों में उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्याय दिलाया जाय। बसपा अध्यक्ष अनिल कुमार ने एसपी को सम्बोधित पत्र देते हुये बताया कि मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के जोगिया निवासी अनुसूचित जाति दलित चन्द्रिका प्रसाद का छोटा पुत्र 19 वर्षीय मदनलाल गत 29 जनवरी 2025 को सामान खरीदने बाजार गया था, काफी खोजबीन के बाद 30 जनवरी को गडही के कीचड में उसकी लाश बरामद हुई। ऐसा लगता है कि रूपया छीनकर किसी ने मदनलाल की हत्या कर दिया और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से गड़ही में पानी भर दिया। मदनलाल की हत्या के खुलासे की मांग को लेकर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी जोगिया गांव पहुंचे



और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया था। अनेकों प्रार्थना पत्र देने के बावजूद अभी तक मुण्डेरवा पुलिस ने मदनलाल की हत्या मामले में कोई कार्रवाई नहीं किया। मांग किया कि उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। बसपा अध्यक्ष अनिल कुमार, मुख्य मण्डल प्रभारी धर्मदेव प्रियदर्शी ने कहा कि यदि मुण्डेरवा पुलिस ने दलित मदनलाल की हत्या का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर जेल न भेजा तो बसपा का संघर्ष न्याय मिलने तक अनवरत जारी रहेगा। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से सीताराम शास्त्री, संजय धूसिया, अभिषेक कुमार गौतम, श्याम भवन, रामचेत 'निराला', चन्द्रिका प्रसाद, रामरती, चांदनी गौतम आदि लोग शामिल रहे।

## स्वामी शक्तिदेव महराज कर रहे सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार



**चित्रकूट** -ब्रह्मा सिद्ध पीठ श्री ब्रह्मा मंदिर कुरूक्षेत्र हरियाणा के संस्थापक स्वामी शक्ति देव महराज प्रभु श्रीराम की धर्मनगरी चित्रकूट में धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यो के जरिए सनातन धर्म को मजबूत कर रहे है। शक्ति देव महराज संत पूजन, कन्या पूजन, ब्राह्मण पूजन व सनातन धर्म प्रेमियों को रामचरितमानस महाग्रंथ व श्रीराम ध्वजा देकर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे है। उन्होंने धर्मनगरी के प्रतिष्ठित समाजसेवियों सहित गणमान्य व्यक्तियों को श्री रामचरितमानस, श्रीराम ध्वजा, भगवान श्रीराम व हनुमान के स्वरूप भेंट कर सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे है। उन्होंने सदर विधायक अनिल प्रधान, नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेत्री रंजना उपाध्याय, समाजसेवी गोलू शुक्ला, अभय महाजन, समर्थ राव को श्रीरामचरितमानस भेंट कर सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया।

## दबंगों द्वारा जमीन पर जबरिया कब्जे की कोशिश: डीएम को सौंपा ज्ञापनन्याय न मिला तो होगा आन्दोलन- अजय कुमार

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में आजाद समाज पार्टी 'कांशीराम' के जिलाध्यक्ष अजय कुमार, पूर्व मण्डल महासचिव आशुतोष भारती ने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट गांव में अनुसूचित जाति की भूमि गाटा संख्या 706 में भू-माफिया और दबंगों द्वारा किये जा रहे कब्जे को रोकवाया जाय। डीएम को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट गांव में अनुसूचित जाति की भूमि गाटा संख्या 706 में दलित सुरेन्द्र आदि सह खातेदार मकान और सहन बनाकर निवास कर रहे हैं। इस भूमि पर लालगंज थाना क्षेत्र के कड़सरी निवासी भू माफिया दबंग महेश्वर सिंह पुत्र राम आसरे सिहं, अरमान अली ग्राम गायघाट थाना-कलवारी और 4 से 6 अन्य लोग उनकी भूमि पर जबरिया कब्जा कर लेने की धमकी दे रहे हैं। उक्त लोग थानाध्यक्ष कलवारी और चौकी इन्चार्ज गायघाट के द्वारा जबरिया सुलह कराना



चाहते थे, न मानने पर मुकदमा लिखकर दलित सुरेन्द्र को जेल भेज दिया गया। जमानत पर छूट कर आने के बाद उसे दबंगों से लगातार धमकियां मिल रही हैं। ज्ञापन देने के बाद आजाद समाज पार्टी 'कांशीराम' के जिलाध्यक्ष अजय कुमार, युवा मोर्चा जिला प्रभारी रामकेश भारती ने कहा कि गाटा संख्या 706 में अवैध तरीके से कब्जे की कोशिश रोका जाय वरना पार्टी संघर्ष करने को बाध्य होगी। इसी कड़ी में डीएम को सौपे एक अन्य ज्ञापन में पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने कलवारी थाना क्षेत्र के भैसहटी गांव के गाटा संख्या 282, 290 चक मार्ग पर अवैध कब्जा हटवाकर सड़क निर्माण कराये जाने की मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सुनील, अनिल कुमार कन्नौजिया, सत्य प्रकाश राव, शशिकला, झिनका देवी, बलजीत कन्नौजिया, राम जनम चौधरी, अखिलेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सावर गौतम, सुधाकर प्रताप, पंकज, मिट्ठू, अंजू देवी, सुभावती बौद्ध, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, परमधारी, प्रिन्स भाष्कर, राजन आर्य, बी.के. आर्य के साथ ही पीड़ित परिवारों के लोग और पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अज्ञात कारणों से रात लगभग 02 बजे लगी थी आग, दो घरों में रखा सारा समान जलकर हुआ था राख

**● प्रधान प्रतिनिधि गब्बर चौधरी ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का दिया भरोसा- हल्का लेखपाल कृष्ण मोहन पटेल ने पीड़ित दलित गरीब परिवारों के घर पहुंचकर नुकसान का किया मूल्यांकन**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड कप्तानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर के राजस्व गांव भावपुर में सुनीता देवी के घर में बीती रात अर्थात् शुक्रवार रात को लगभग 0 2 बजे अज्ञात कारणों से आग लग



गई थी आग की लपटे इतनी तेज थी कि जब तक ग्रामीण घटना स्थल पर इकट्ठा होते तब घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया । ग्रामीणों ने आग बुझाने में पूरी ताकत झोंक दिया था लेकिन आग को पूरी तरह बुझाने में नाकाम रहे । दलित गरीब सुनीता पत्नी जय सिंह के घर में लगी थी आग इन्द्रावती पत्नी सुभाष के घर तक पहुंची जिससे दो घरों के परिवार बेघर हो गए हैं । घर में रखा कपड़ा ,अनाज , चारपाई , गहना समेत अन्य समस्त समान जल कर खाक हो गया । अग्नि पीड़ित परिवार ने प्रधान प्रतिनिधि महुआ लखनपुर गब्बर चौधरी ने अग्नि पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया । आग्नि पीड़ित परिवारों का रो - रो कर बुरा हाल है हल्का लेखपाल कृष्ण मोहन पटेल ने आग लगने की सूचना पर अग्नि पीड़ित दलित गरीब परिवार के घर पहुंचकर जांच पड़ताल किया और घर में अग्नि से हुए नुकसान का मूल्यांकन किया । हल्का लेखपाल कृष्ण मोहन पटेल ने कहा कि अग्नि पीड़ित गरीब परिवार के घर में अग्नि से हुए नुकसान का मूल्यांकन कर लिया गया है । मूल्यांकन रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जायेगी जिसके आधार पर अग्नि पीड़ित दलित गरीब परिवारों को सरकार से आर्थिक सहायता मिल सके । अग्नि पीडित दलित गरीब परिवारों ने प्रदेश सरकार से आपात कालीन आपदा कोष से तत्काल आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की मांग किया है ।

## जन एक्सप्रेस फाउंडेशन ने अग्निपीड़ित परिवारों को बांटी राहत सामग्री



**मानिकपुर, चित्रकूट**- तहसील क्षेत्र के रैपुरा गांव में विगत हुए भीषण अग्नि कांड से प्रभावित तीन परिवारों को जन एक्सप्रेस फाउंडेशन टीम ने राहत सामग्री वितरित की। जन एक्सप्रेस फाउंडेशन के हेमनारायण, संजय अग्रवाल व सचिन वंदन ने रविवार को उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम के साथ मिलकर आग प्रभावित परिवारों को चारपाई, गद्दा, बाल्टी, सहित बर्तन, कपड़े आदि सामग्री वितरित की। इस दौरान मानिकपुर एसडीएम मोहम्मद जसीम ने कहा कि प्रशासन की तरफसे पीड़ित परिवारों की मदद की गई है। समाजसेवी संगठन मदद का हाथ आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे पीड़ितों को काफी सहायता मिल रही है। जन एक्सप्रेस फाउंडेशन ने रैपुरा गांव के अग्निपीड़ित शिवशंकर पायासी, मिथलेश, प्रतिमा देवी को दैनिक सामग्री वितरित की। इस मौके पर थाना रैपुरा के प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रतात पटेल, धीरेन्द्र भार्गव आदि मौजूद रहे।

## बसपा के मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में बहुजन समाज पार्टी की मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ स्तर पर सांगठनिक मजबूती, युवाओं को जोड़े जाने पर जोर दिया गया। समीक्षा बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये मुख्य मण्डल प्रभारी पूर्व एम.एल.सी. डा. विजय प्रताप ने कहा कि आगामी 2027 का चुनाव बसपा बहन मायावती के नेतृत्व में पूरी मजबूती से लड़ेगी। इसके लिये संगठन का बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत होना जरूरी है। कहा कि बसपा सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ रही है। विशिष्ट अतिथि मुख्य मण्डल प्रभारी धर्मदेव प्रियदर्शी, पूर्व विधायक भगवानदास, सीताराम शास्त्री, पूर्व एम.एल.सी. लालचंद निषाद, आदि ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने उपस्थित नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव आये हैं उसका जमीनी धरातल पर तेजी के साथ क्रियान्वयन कराया




जायेगा। बसपा के मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से संजय धूसिया, अमित चौधरी, शिवशंकर चौधरी 'शाका', विनय अम्बेडकर, तालिब अली उर्फ शब्बू, भरतलाल निषाद, झिनकान गौतम, अभिषेक, रामचेत निराला, बनवारीलाल कन्नौजिया, राम सागर प्रधान, नवमी प्रसाद, उमाशंकर गौतम, राजीव राव, प्रदीप कुमार गौतम, शिव कुमार, देशराज गौतम, कृपाशंकर गौतम, राजेन्द्र आजाद, राजेन्द्र गौतम, रामफेर, रामचन्द्र, जुगुल किशोर चौधरी, अनूप कुमार, राम सरोज, ई. राजेन्द्र प्रसाद, प्रिन्स कुमार, सरयू प्रसाद, राजेश गौतम, शिवम, अनिल आजाद, बृजेश, अरविन्द आर्य, पट्टूराम आजाद, आशीष कुमार, अलीम, दीपक के साथ ही बसपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अरछा बरेठी गांव को बाढ़ से बचाने की पहल शुरू, लेकिन सिंचाई विभाग बेखबर

**● ग्रामीणों की गुहार, अब तक सैकड़ों घर हो चुके ध्वस्त, लोग बेघर होकर खेतों में बसा रहे डेरा**

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** विकास खंड पहाड़ी के अंतर्गत मंदाकिनी नदी के किनारे बसे अरछा बरेठी गांव की बाढ़ से सुरक्षा के लिए अब स्थानीय ग्रामीणों ने आवाज उठानी शुरू कर दी है। हर साल बरसात के मौसम में यह गांव बाढ़ की चपेट में आ जाता है। नदी के किनारे बसे कई घर बह चुके हैं, और ग्रामीणों को अपने ही गांव में दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। गांव के युवा समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने बताया कि बीते दो वर्षों से वह लगातार शासन-प्रशासन से इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक



केवल आश्वासन ही मिले हैं, जमीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार, मंदाकिनी नदी के उफान पर आने पर सबसे ज्यादा नुकसान किनारे बसे घरों को होता है। धीरे-धीरे नदी की कटान से कई मकान बह चुके हैं। हालात इतने बदतर हो जाती हैं कि सैकड़ों ग्रामीणों को गांव छोड़कर खेतों में अस्थायी टेंट और झोपड़ियां डालकर रहना पड़ता है। युवा समाज सेवी शंकर यादव साफ कहना है कि यदि नदी के किनारों पर समय रहते पत्थर से पिचिंग कर दी जाती है, तो मिट्टी का कटाव रुक जाएगा और बचे हुए घर भी सुरक्षित रहेंगे। अब स्थिति यह है कि हर बरसात में गांव के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी इस गंभीर समस्या की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद किसी भी अधिकारी ने गांव का निरीक्षण करने की जरूरत नहीं समझता। समाजसेवी शंकर यादव ने शासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नदी के किनारों की पत्थर से पिचिंग कराकर गांव को कटाव और बाढ़ से बचाया जाए, अन्यथा आने वाले समय में यह गांव पूरी तरह से इतिहास बन जाएगा। ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला प्रशासन से अपील की है कि उनकी दशा पर ध्यान दिया जाए और बाढ़ से स्थायी समाधान हेतु उचित कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस त्रासदी का शिकार न बनें। बाढ़ से त्रस्त अरछा बरेठी अब राहत की उम्मीद में शासन-प्रशासन की ओर देख रहा है। देखना होगा कि कब तक जिम्मेदार इस गांव की सुध लेते हैं।

## कर्ज के बोझ ने छीन ली किसान की ज़िंदगी, साड़ी का फंदा बनाकर दे दी जान

**वर्षो से झेल रहे थे आर्थिक तंगी, पत्नी की आंखों के सामने उजड़ गया संसार**

स्वतंत्र प्रभात

**भरतकूप,चित्रकूट।** एक ओर सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती हैं, वहीं दूसरी ओर खेतों में दिन-रात पसीना बहाने वाला किसान जब कर्ज के दलदल में डूबता है, तो उसका जीवन अंधेरे में समा जाता है। ऐसा ही एक दिल दहला देने वाला मामला जनपद चित्रकूट के भरतकूप थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसौंधा से सामने आया है। यहां 48 वर्षीय किसान श्याम बाबू पुत्र स्वर्गीय चंद्रशेखर गौतम ने कर्ज से तंग आकर अपने ही घर में साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से झूलकर जान दे दी। रविवार की सुबह जब उनकी पत्नी सुमन देवी नींद से जागी तो घर का नज़ारा देख उनके पैरों तले ज़मीन खिसक गई। कमरे के भीतर पंखे से लटके पति के शव को देख वह चीख पड़ीं। ग्रामीणों के अनुसार श्याम बाबू पिछले कई वर्षों



से खेती कर अपने छोटे से परिवार का पालन कर रहे थे। लेकिन बीते दो सालों से सूखा, बारिश की मार और फसल खराबी ने उन्हें आर्थिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया। उन्होंने साहूकारों और बैंकों से कर्ज ले रखा था, जिसकी किश्तें चुकाना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा था। पत्नी सुमन देवी ने रोते हुए बताया, "वो कल शाम खेत से कतराई कराकर लौटे थे। खाने के बाद वो देर तक चुपचाप बैठे रहे। मैं दूसरे कमरे में सो गई थी। सुबह जब उठी तो देखा कि वो पंखे से लटक रहे थे।"घटना की सूचना मिलते ही भरतकूप थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष भरतकूप मनोज कुमार ने बताया, "प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और कर्ज बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।"श्याम बाबू की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। किसान की अंतिम यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को पीड़ित परिवार की मदद करनी चाहिए और मृतक के बच्चों की पढ़ाई का बंदोबस्त करना चाहिए। गौरतलब है कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका लाभ मिलना अब भी बड़ा सवाल है। श्याम बाबू की आत्महत्या ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हमारा अन्नदाता खुद ही सबसे असुरक्षित हो गया है?

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस को मिली सफलता 20 लाख के खोए हुए मोबाइल किया बरामद



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) टीम ने ऑपरेशन मुस्कान" के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिले से कुल 150 खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये बताई जा रही है सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि एक मोबाइल फोन सीतापुर से चोरी होकर करीब 1200 किलोमीटर दूर मुंबई पहुंच गया था। पुलिस की कड़ी मेहनत और तकनीकी सहायता से उस मोबाइल को वहां से बरामद कर उसके वास्तविक मालिक को लौटा दिया गया। रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसपी चक्रेश मिश्रा ने सभी मोबाइल मालिकों को उनके फोन वापस सौंपे बरामद किए गए। मोबाइलों में 131 स्मार्टफोन और 19 कीपैड मोबाइल शामिल हैं यह सभी मोबाइल या तो चोरी हो गए थे या फिर गलती से गिरकर गुम हो गए थे मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई मोबाइल वापस पाने वाली दीक्षा शर्मा ने बताया कि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि उनका फोन वापस मिलेगा उन्होंने एसओजी और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया एसपी चक्रेश मिश्रा ने इस मौके पर आमजन से अपील की कि यदि किसी को कोई परेशानी या सहायता की जरूरत हो तो वे बेहिचक एसओजी या क्राइम ब्रांच से संपर्क करें पुलिस हर संभव सहायता के लिए तत्पर है!!

### केवानी नदी के पुल का रुका काम एप्रोच रोड नहीं बनी, वैकल्पिक मार्ग टूटा आवाजाही प्रभावित



**सीतापुर लहरपुर** क्षेत्र में शारदा नहर रेगुलेटर के पास केवानी नदी पर पुल का निर्माण अधूरा पड़ा है लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे इस पुल का मुख्य निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन एप्रोच रोड न बनने के कारण यह यातायात के लिए बंद है। निर्माण के दौरान बनाया गया 600 मीटर का वैकल्पिक मार्ग डेढ़ साल में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है इस खराब मार्ग पर रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह मार्ग लहरपुर से तंबौर, सकरन, रेउसा और बहराइच जाने वाले वाहनों के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यदाई संस्था ने पुल के निर्माण से जुड़ी कोई जानकारी स्थल पर नहीं लगाई है न तो पूर्ण होने की तिथि का विवरण है और न ही लागत का विभागीय लापरवाही से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर के प्रधान मेडई लाल, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सुधाकर मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उत्तम शर्मा, अनवर अली और हसीब अहमद ने पुल पर आवागमन जल्द शुरू करने की मांग की है लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विवेक चौरसिया ने बताया कि एप्रोच मार्ग का सेटलमेंट कराया जा रहा है उन्होंने जल्द ही पुल को यातायात के लिए खोलने का आश्वासन दिया है!!

### छेड़छाड़ गाली-गलौज करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**बेनीगंज/हरदोई-** कोतवाली क्षेत्र के महीनकुड़ गांव के एक युवक को पुलिस ने छेड़छाडड़ के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। बता दे 12 अप्रैल को वादी द्वारा कोतवाली बेनीगंज में तहरीर दी गई थी आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को कोतवाली क्षेत्र महीनकुड़ गांव के एक युवक ने छेड़छाड़ व गाली-गलौज किया गया। इस संबंध में बेनीगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत किया। शनिवार को बेनीगंज पुलिस उप निरीक्षक नीरज कुमार,कांस्टेबल अजय चौहान ने बीएनएस व पास्को एक्ट संबंधित युवक को गिरफ्तार का न्यायालय भेजा। वहीं एक गांव के पुत्री के पिता ने 17 अप्रैल को कोतवाली में शिकायत की थी आरोप लगाया कोतवाली क्षेत्र कोथावां के एक युवक सहित दो अन्य नामजद अभियुक्तगण पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। जब में अपनी पुत्री को लेने अभियुक्त के घर पहुंचा तो अभियुक्त गण द्वारा मारपीट की गई। इस संबंध में बेनीगंज पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर 20 अप्रैल अभियुक्त को गिरफ्तार का न्यायालय भेजा है।

# जेसीबी ने काट डाला अंडर ग्राउंड हाईटेंशन लाइन का केबिल 6 घण्टे ठप रही आपूर्ति

स्वतंत्र प्रभात





**निगोहां** बछरावां से निगोहां विधुत सबस्टेशन आने वाली हाईटेंशन लाइन की अंडर ग्राउंड केबिल कटने से निगोहा क्षेत्र की 50 हजार आबादी को लगभग 6 घण्टे तपती धूप में बिना बिजली के गुजरना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि रविवार दोपहर लगभग 12 बजे गुल हुई बिजली शाम लगभग 6 बजे बहाल हुई। एसडीओ मोहनलालगंज आशुतोष वर्मा ने बताया कि रविवार दोपहर साढ़े बारह बजे निगोहा सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन ब्रेकडाउन होने से आपूर्ति ठप हुई।जिसके बाद लेसा की टीम ने निगोहा से लेकर बछरावां तक पेट्रोलिंग की जहाँ बछरावां स्थित महराजगंज रोड पर एक जेसीबी मशीन के द्वारा खुदाई के कार्य के दौरान हाईटेंशन लाइन के अंडर ग्राउंड केबिल को काट दिया था जिसकी वजह हाईटेंशन लाइन ब्रेकडाउन होने से विधुत आपूर्ति ठप हुई। जिसके बाद छतिग्रस्त केबिल को लेसा कर्मियों ने दुरस्त किया देर शाम लगभग 6 बजे निगोहा सबस्टेशन की आपूर्ति बहाल हो गई। वही जेसीबी आपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। दूसरी ओर भीषण गर्मी में आपूर्ति ठप होने से लगभग 50 हजार की आबादी बिजली के लिए तड़पती रही उपभोक्ता सोशल मीडिया पर आपूर्ति के लिए एक दूसरे से पूछते रहे। वही उपभोक्ताओं का आरोप है कि मोहनलालगंज डिविजन के अधिशासी अभियंता को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विधुत आपूर्ति करनी चाहिए थी।

## भगवान परशुराम शोभा यात्रा की तैयारी हेतु बैठक





स्वतंत्र प्रभात

**मलिहाबाद, लखनऊ।** रजवाड़ा लॉन में ब्राह्मण परिवार लखनऊ की एक बैठक भगवान परशुराम जी की जन्मोत्सव और एवं उनकी शोभा यात्रा के आयोजन के लिए आयोजित की गई। आपको बता दें कि मलिहाबाद के महमूदनगर में स्थित रजवाड़ा लॉन में ब्राह्मण परिवार लखनऊ की तरफ से संगठन के अध्यक्ष डॉ भानु पांडेय के नेतृत्व में आयोजित हुई।बैठक में 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा धूम धाम से ईकोगार्डेन से गांधी प्रतिमा हज़रतगंज पर समापन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में शोभा यात्रा के स्वरूप, प्रसादी ,समाज के प्रतिष्ठित लोगों का सम्मान ,शहर के दूसरे ब्राह्मण संगठनों को आमंत्रित करना है। नए सदस्य और पदाधिकारी बनाना युवा वर्ग को जोड़ना और सदस्यों को शोभा यात्रा से संबंधित जिम्मेदारी सौंपी गई। शोभा यात्रा से संबंधित कार्यों के लिए अलग-अलग समिति बनाई गई और उसमें जिम्मेदारियां दी गई। सभी सदस्यों से परिवार सहित और अपने बंधु बांधवों सहित अधिक से अधिक ब्राह्मणों को यात्रा में सम्मिलित करने की अपील की गई।

शहर के सभी ब्राह्मण और दूसरे ब्राह्मण संगठनों को भी शोभा यात्रा में सम्मान सहित उपस्थित होने का निवेदन किया गया। सभी ब्राह्मणों से अपनी एकता और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को प्रदर्शित करने के लिए भगवान परशुराम के प्रति श्रद्धा के लिए शोभा यात्रा में अधिक से अधिक मात्रा में उपस्थित होने की अपील की। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एड. श्याम नारायण मिश्रा, लखनऊ नगर प्रमुख एड.अभिषेक अग्निहोत्री, नगर संयोजक एवं संरक्षक अनय पाठक, मीडिया प्रभारी एवं नगर कार्यकारणी सदस्य अमन द्विवेदी, नगर कार्यकारणी सदस्य निखिल मिश्रा सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहें।

## 30 अप्रैल भगवान परशुराम की जयंती को लेकर ब्राह्मण समाज ने बनाई रणनीति



**शाहजहांपुर/**ब्राह्मण समाज के लोगों ने विपुल त्रिवेदी के आवास पर एकत्रित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए लोगों से की अपील। शाहजहांपुर महानगर में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता विपुल त्रिवेदी के आवास पर ब्राह्मण समाज की एक बृहद मीटिंग का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने एक मत होकर 30 अप्रैल को भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर निकलने वाली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा को कैसे सफल बनाया जाए इस पर गहन मंथन किया गया। इस दौरान विपुल त्रिवेदी, अखिल अवस्थी, सुबोध मिश्रा, अखिल मिश्रा, हरिकेश त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, अक्षय तिवारी, ममता पाठक सहित तमाम ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अजीजगंज तटबंध परियोजना समय से पूरी हो अन्यथा कार्यवाही होगी -एडीएम अरविंद कुमार



**शाहजहांपुर /**जनपद में गर्रा नदी के दाए तट पर स्थित मोहल्ला अजीजगंज की सुरक्षा हेतु अजीजगंज बांध 6 स्टड की नवीनीकरण की कार्य परियोजना का निरीक्षण कर तटबंध की प्रगति के बारे में एक्शियन शारदा नहर खण्ड से पूछताछ की और भौतिक प्रगति के बारे मे जाना, 10त्न कार्य होने से नाराजगी व्यक्त की गई। और सख्त हिदायत दी कि 15 जून तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण हो जाएं। लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाढ़ रोकने के लिए 1.50 किश्मीश तक वायर क्रेट बोल्डर का कार्य शारदा नहर खण्ड सिंचाई द्वारा किया जा रहा है। मौके पर एक्शियन भास्कर, छ्श्व बृजेश, अनूप सागर, प्रभास और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खेत में बने कमरे में किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान, कारण रहस्य

स्वतंत्र प्रभात



**मोहनलालगंज।** लखनऊ, मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गाँव में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। खेत में बने एक अस्थायी मकान में 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मजदूरी कर जीवन यापन करने वाला रामू अपने परिवार समेत खेत में बने अस्थायी मकान में रहता है। रविवार की सुबह वह पत्नी रज्जावती और बच्चों के साथ गाँव में स्थित पुराने मकान में चला गया था। दोपहर से पहले रामू की बेटी कामिनी (16) किसी काम से खेत में बने मकान पर वापस गई थी।

करीब ग्यारह बजे के आसपास कामिनी ने मकान के कमरे में पंखे के हुक से धोती का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब दोपहर बारह बजे के करीब उसकी माँ रज्जावती खेत पहुँची तो बेटी को लटकता देख उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल पति रामू को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से कामिनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है, जिसे जांच के लिए कब्जे में लिया गया है। थाना मोहनलालगंज के प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन किशोरी द्वारा ऐसा कदम उठाने के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जाँच कर रही है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है और मोबाइल की फॉरेंसिक जाँच भी करवाई जाएगी। फिलहाल ग्रामीणों और परिजनों में घटना को लेकर शोक और स्तब्धता का माहौल है।

## एल एन एकेडमी ग्लोबल कॉलेज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ-** एल एन एकेडमी ग्लोबल कॉलेज में विश्व हिंदू परिषद के मातृशक्ति का तीन दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग प्रशिक्षण संपन्न हुआ। आपको बता दें कि विकासखंड माल के रहटा पंचायत में रहीमाबाद- गहदो मार्ग पर स्थित एल एन एकेडमी ग्लोबल कॉलेज में शुक्रवार से शुरू हुए विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को को संपन्न हो गया।कॉलेज में तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में पूरे प्रांत से 135 मातृशक्तियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां भारती, श्री राम दरबार के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर की गई। इस दौरान क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र,प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप,मातृशक्ति प्रांत संयोजिका दीप्ति सिंह,क्षेत्र संयोजिका कल्पना द्वारा किया गया।

सत्र के प्रारंभ में मुख्य अध्यात्म ही मातृत्व विषय पर जानकारी दी गई। शाम के सत्र में समता खेलों एवं सत्संग का आयोजन किया गया तत्पश्चात रात्रि कालीन सत्र में मनोरंजन सत्र पश्चात दीप निर्माण किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत जागरण योग शिक्षा व्यायाम-प्राणायाम के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम सत्र में वर्ग गीत का अभ्यास कराया गया।इसी तरह तीन दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृशक्तियों को प्रबल बनाना है इस मौके पर मातृशक्ति प्रांत संयोजिका दीप्ति सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य अवध प्रांत में स्थित मातृशक्तियों में प्रबल कार्यकर्ता निर्माण, संस्कार, आध्यात्म, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना जिससे परिवार एवं समाज मे धार्मिकता एवं राष्ट्रीयता की भावनाएं प्रसारित हो सके।

## खड़े ट्रक से टकराई रोड़वेज बस मौके पर मची अफरातफरी, ड्राइवर को झपकीं आने से हुआ हादसा, दो दर्जन से अधिक यात्री घायल

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर** महोली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कारीपाकर के पास रविवार सुबह सड़क हादसा हो गया गोरखपुर से बरेली जा रही यूपी रोडवेज की एक सवारी बस नेशनल हाईवे पर खड़े एक ट्रक से जा टकराई हादसे का कारण बस ड्राइवर का नींद की झपकी लेना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बस चालक चलते समय सो गया था जिससे बस सड़क पर पहले से खड़ी ट्रक में जा घुसी इस हादसे में बस में सवार करीब दो दर्जन यात्री घायल हो गए इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है मौके पर स्थानीय लोगों और राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को महोली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सामान्य करने में जुट गई हादसा इतना जबरदस्त था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर को भी गंभीर चोटें आई हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है और रोडवेज विभाग को भी सूचित किया गया है हादसे ने एक बार फिर लंबी दूरी की यात्रा के दौरान ड्राइवरों की सतर्कता और जागरूकता की जरूरत पर सवाल खड़े कर दिए हैं!!

## सलिल विश्नोई ने की थी गंगा पुल की मांग, पुल बनाने का काम सेतु निगम को दिया गया



**कानपुर।** विधायक सलिल विश्नोई द्वारा विधान परिषद में गंगा नदी पर नया पुल बनवाने की जिम्मेदारी सरकार ने उ0प्र0 राज्य सेतु निगम को सौंपी। विधायक सलिल विश्नोई द्वारा विधान परिषद में नियम- 115 के अन्तर्गत ट्रान्सगंगा सिटी को कानपुर नगर से जोड़ने हेतु गंगा नदी पर एक नया पुल बनवाने की उठाई गई माँग को स्वीकृत करते हुये प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा उ0प्र0 राज्य सेतु निगम को पुल निर्माण हेतु निर्देशित किया।

## जंगली जानवर का आतंक जारी गेहूं की फसल की रुकी कटाई, वन विभाग को नहीं मिला कोई सुराग



स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर अज्ञात हिंसक जंगली जानवर की दहशत फैल गई है रावल अदेसर गांव और आसपास के इलाकों में जानवर के ताजा पदचिन्ह मिलने से ग्रामीणों में भय का माहौल है पिछले 20 दिनों से यह जानवर इलाके में सक्रिय है इससे पहले इस जानवर ने दो सांडों को मार डाला था और एक को घायल कर दिया था वन विभाग ने जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे और कैमरे लगाए थे लेकिन वह इनके आसपास भी नहीं आया ग्राम प्रधान नरेंद्र त्रिवेदी के अनुसार, शनिवार को बारिश के बाद जानवर के ताजा पदचिन्ह मिले हैं। ये निशान रावल ट्यूबवेल नंबर 14 से शुरू होकर, पुत्तन्नीलाल के खेत, रावल का नाला, बृजवासिन पुरवा और जगमालपुर के खेतों से होते हुए निबौरी नाला तक पाए गए हैं जानवर के भय से किसान अपने खेतों में नहीं जा रहे हैं। रामसागर मौर्या, निर्मल, सकटू, सुन्दरलाल समेत कई किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल कटाई का समय है, लेकिन वे फसल नहीं काट पा रहे हैं। आम के बाग़वान भी बागों की रखवाली के लिए नहीं जा रहे हैं वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि विभाग लगातार क्षेत्र में कांबिंग कर रहा है जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे और कैमरे लगाए गए हैं!!

# डॉ. कृष्ण गोपाल गुप्ता का भव्य स्वागत समारोह सम्पन्न

**● ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव के स्वागत में उमड़े पत्रकार, एकता और संकल्प का दिखा उत्साह**



स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** ग्रामीण पत्रकारिता के सशक्त स्वर और संगठनात्मक मजबूती के प्रतीक डॉ. कृष्ण गोपाल गुप्ता का भव्य स्वागत समारोह हरदोई में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। डॉ. गुप्ता एक बार पुनः ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री पद पर निर्वाचित होकर लौटे हैं। इस अवसर पर पत्रकारों ने उन्हें सम्मानित कर उनके नेतृत्व और संगठन के प्रति योगदान को सराहा। यह गरिमामयी आयोजन मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ, जिसमें जनपद भर से बड़ी संख्या में पत्रकार साथियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने की, जिन्होंने संचालन की भी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। मंच पर विशेष रूप से संगठन के मंडल अध्यक्ष एवं कर्नाटक प्रदेश प्रभारी अतुल कपूर, वरिष्ठ पत्रकार अभय शंकर गौड़, विजय पांडे, शिवप्रकाश त्रिवेदी, नव मनोनीत सदर तहसील अध्यक्ष सुशांत सिंह सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. कृष्ण गोपाल गुप्ता ने पत्रकार साथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों की समस्याओं को न केवल उठाता है बल्कि समाधान की दिशा में भी सक्रिय रहता है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा तथा उनकी आवाज़ को बुलंद करने के लिए संगठन की भूमिका पहले से अधिक प्रभावशाली होगी। उन्होंने नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष सुशांत सिंह तथा युग दृष्टि समाचार पत्र के संपादक गंगा शंकर दीक्षित को तहसील महासचिव बनने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

समारोह में जिलेभर से आए पत्रकारों की उपस्थिति ने एकता और संगठनात्मक शक्ति का परिचय दिया। उपस्थित गणमान्य पत्रकारों में सवायजपुर तहसील अध्यक्ष विकास मिश्रा, हरपालपुर ब्लॉक अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रशांत तिवारी, हिमांशु श्रीवास्तव, वीरेश कुमार श्रीवास्तव, रितेश मिश्रा, विवेक मिश्रा आकाश शुक्ला, कमलेंद्र सिंह, अजय वीर सिंह, पीके सूरी, बघौली ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, धनपाल सिंह, मोहित कुमार त्रिपाठी, उमाकांत गुप्ता, विशाल सिंह और मुकेश सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस सफल आयोजन में जिला महासचिव रजनीश सिंह, मंडल सचिव संजय सिंह तथा जिला मंत्री नवल किशोर की अहम भूमिका रही। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाई और आपसी समन्वय का परिचय दिया।

वरिष्ठ पत्रकार अभय शंकर गौड़, विजय पांडे और शिवप्रकाश त्रिवेदी ने संगठन की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। त्रिवेदी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रत्येक आयोजन पत्रकारों के आत्मगौरव और एकजुटता का प्रतीक है। मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए यह संगठन निरंतर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि संगठन अब तक उत्तर प्रदेश सहित 10 राज्यों में सक्रिय है और उन्हें कर्नाटक का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है, जहाँ संगठन को मजबूती से स्थापित किया जा चुका है।

यह अभिनंदन समारोह केवल एक स्वागत कार्यक्रम नहीं बल्कि ग्रामीण पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता, एकता और संघर्ष के संकल्प का सजीव प्रमाण था। संगठन की शक्ति और विस्तार की यह झलक निश्चित ही आने वाले समय में पत्रकारों के हित में मील का पत्थर साबित होगी।

# नवागत कोतवाल ब्रजेश ने पत्रकारों से वार्ता कर थाने आने वाले पीड़ित को न्याय दिलाने का सख्त इरादा जताया

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई शाहाबाद** ईमानदार,न्यायप्रिय और सख्त इरादों वाले अफसरों को हमेशा याद किया जाता है और पब्लिक में उनकी ही चर्चा भी होती है।ऐसे ही प्रतिभा के धनी नवागत कोतवाल बृजेश कुमार राय को इस बार कोतवाली शाहाबाद का चार्ज मिला है।अपने दस दिनों की कार्यशैली से जनता में तेजतर्रारी वाली छवि की चर्चा की सुर्खियां बटोरने वाले प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार राय ने रविवार को पत्रकारों से रूबरू हुए उन्होंने पत्रकारों ने बात करते हुए साफ लफ्जों में कहा कि सुधार अपने अंदर करना होगा क्योंकि जब हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा।जनपद में बेनीगंज,सवायजपुर,पाली थानों की कुर्सी को पूर्व में संभालने वाले श्री राय ने कहा कि क्राइम कंट्रोल उनकी प्राथमिकता है।किसी प्रकार के दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।कोई भी पीड़ित बेहिचक थाने आकर अपनी समस्या बता सकता है।पत्रकारों ने अतिक्रमण की समस्या को उठाया तो कोतवाल ने कहा कि सबकी सहमति से एक जायज सीमा तय कर दी जाएगी फिर इसके आगे अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।यातायात के विषय में सबसे अधिक वाहनों के चालान शाहाबाद में होने पर उन्होंने कहा कि यह हेलमेट आपके जीवन की सुरक्षा के लिए है इसलिए आप सबको जागरूक होना पड़ेगा।कोतवाल श्री राय ने कहा कि कोई आदमी मायूस होकर जब हेल्पलेस हो जाता है तो उसका आखिरी ठिकाना थाना पुलिस होता है।हर कोई सोचता है कि पुलिस के पास जाने पर न्याय मिलेगा।इसलिए पुलिस अपने कर्तव्यों के प्रति बिल्कुल सजग है और पुलिस के कार्यों में सभी नागरिकों को सहयोग देना चाहिए।उन्होंने कहा कि हमारे थाने क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति किसी समय बिना किसी माध्यम के बेहिचक आकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है।अंत में उन्होंने कहा कि उनके रहते पूरी ईमानदारी से पुलिस की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखेगी और क्षेत्र के हर नागरिक की सुरक्षा का दायित्व हमारा है।

# जरेली के नवनिर्मित शिव मंदिर में होगी शिवलिंग की स्थापना

**● 2 मई से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा, 6 मई को निकलेगी शिव बारात शोभायात्रा व होगी प्राण प्रतिष्ठा**

स्वतंत्र प्रभात



**हरियावां/हरदोई** के जरेली गांव में मझिया-खटेली मेन रोड़ पर स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर बनकर तैयार हो गया। मंदिर का निर्माण प्रताप नारायण द्वारा व सार्वजनिक रूप से कराया गया है। जिसमें श्री प्रताप नारायण शर्मा व आलोक शर्मा ने बताया कि 2 मई को प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुबह लगभग 10 बजे कलश यात्रा का आयोजन होगा,उसके उपरांत रुद्रमहायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन का शुभारंभ होगा। कलश यात्रा व शिव बारात शोभायात्रा का भी होगा आयोजन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के साथ साथ कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मंदिर कमेटी के सदस्य कपिल मौर्या ने बताया 2 मई को कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर पहले कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा का शुभारंभ मंदिर प्रांगण से होकर महोलिया,बगौछा के रास्ते से चलकर गोमती नदी घाट कुल्लहा जाएगी। जहां से पुनः यात्रा मंदिर प्रांगण में आकर समाप्त होगी। जिसके बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कथाव्यास पूज्य पं0 अखिलेश मिश्र जी महाराज द्वारा सैकड़ों वेदों-मंत्रों द्वारा कराया जाएगा। जिसके बाद 6 मई को भव्य शिवबारात शोभायात्रा का आयोजन होगा। यह यात्रा क्षेत्र के कई देव स्थानों व मंदिरों को जाएगी। जिसमें मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली, मोटरसाइकिल, व कारों से भारी भीड़ जुटाने की अपील गई है।

# बीमारी से बड़ी चुनौती- बाजार में बिकती जानलेवा दवाएं

**जब इलाज ही बन जाए मौत का कारण- घटिया दवाओं का खेल - कौन जिम्मेदार?**

दवा वो अमृत है जो जीवन को संवारती है, बीमारी को हराती है, और इंसान को नई उम्मीद देती है। लेकिन जब यही दवा ज़हर बन जाए, जब इलाज की जगह मौत का सबब बनने लगे, तो यह न केवल स्वास्थ्य प्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज के हर उस हिस्से को झकझोरता है जो मानव जीवन की रक्षा का दावा करता है। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले ही सीमित संसाधनों और असीमित चुनौतियों के बीच जूझ रही हैं, वहां खतरनाक और घटिया दवाओं का बाजार में बिकना एक राष्ट्रीय संकट से कम नहीं है। हाल ही में सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ - केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन) द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ÷सब-स्टैंडर्ड÷ दवाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हमारी दवा प्रणाली में गहरी खामियां मौजूद हैं। यह एक चेतावनी है–न केवल सरकार और दवा कंपनियों के लिए, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए जो अपनी सेहत के लिए दवाओं पर निर्भर है। भारत, विश्व का दवा उत्पादन और निर्यात का सिरमौर, एक ऐसी महाशक्ति है जो लाखों जिंदगियों को बेहतर बनाने का दम रखता है। लेकिन इस सुनहरी उपलब्धि पर उस वक्त ग्रहण लग जाता है, जब नकली, घटिया और जानलेवा दवाएं बाजारों में बेरोकटोक बिकती हैं। मुनाफे की अंधी होड़ में कुछ दवा कंपनियां गुणवत्ता को ताक पर रख देती हैं, जिसका खामियाजा मासूम मरीजों को भुगतना पड़ता है। खासतौर पर 'फिक्स्ड डोज़ कॉम्बिनेशन' (एफडीसी) दवाएं, जिनमें दो या अधिक दवाओं का मिश्रण होता है, बिना ठोस वैज्ञानिक आधार और दीर्घकालिक प्रभाव की जांच के खतरनाक साबित हो सकती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की जांच ने कई दर्द निवारक, एंटीबायोटिक्स और एंटीएलर्जिक दवाओं को मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ठहराया है। फिर भी, ये दवाएं धड़ल्ले से बाजार में बिकती रहीं, और अनगिनत लोग अनजाने में इनका शिकार बने। हाल ही में सर्दी, जुकाम, दर्द और संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई दवाएं प्रयोगशाला परीक्षणों में फेल पाई गई। यह सिर्फ एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश को जकड़ चुके एक गंभीर संकट की भयावह तस्वीर है। कैसे संभव है कि जानलेवा दवाएं बाजारों में धड़ल्ले से बिक रही हैं और हमारी निगरानी चुप है? हर नई दवा को बाजार में उतारने से पहले कठिन प्री-क्लिनिकल ट्रायल, ह्यूमन ट्रायल और लाइसेंसिंग की प्रक्रिया से गुजरना होता है। फिर भी, कुछ कंपनियां लाइसेंस हासिल करने के बाद, बिना दीर्घकालिक प्रभावों की गहन जांच के, दवाओं को बाजार में झोंक देती हैं। जब ये दवाएं बाद में हानिकारक साबित होती हैं, तो सवाल गूंजता है–पहली मंजूरी कैसे मिली? जवाब नियामक तंत्र की ढिलाई और निगरानी के अभाव में छिपा है। सीडीएससीओ और राज्य स्तरीय औषधि नियंत्रण प्राधिकरण भले ही गुणवत्ता जांच का दावा करें, लेकिन 'फेल्ड-ड्रग अलर्ट सिस्टम' के बावजूद समय पर कदम नहीं उठाए जाते। नमूने जांच के लिए भेजे तो जाते हैं, लेकिन परिणाम आने से पहले ही ये खतरनाक दवाएं लाखों लोगों की जिंदगियों को जोखिम में डाल चुकी होती हैं। यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि इंसानी जिंदगियों के साथ खुला खिलवाड़ है। यह संकट सिर्फ दवा कंपनियों की लापरवाही नहीं, बल्कि हमारी पूरी व्यवस्था की नाकामी का नंगा सच है! दवा निर्माताओं से लेकर वितरक, फार्मासिस्ट और डॉक्टर–हर कड़ी पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। लेकिन सबसे बड़ा दायित्व सरकारी एजेंसियों का है। यदि नियमित निगरानी, पोस्ट-मार्केट सर्वे और पारदर्शी रिपोर्टिंग का मजबूत तंत्र हो, तो खतरनाक दवाओं को वक्त रहते रोका जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की चेतावनी भयावह है–हर साल लाखों लोग घटिया दवाओं के कारण अपनी जान गंवाते हैं या गंभीर दुष्प्रभावों का शिकार होते हैं। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में यह खतरा कई गुना भयंकर है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीख-चीखकर कह रहे हैं कि दवा कंपनियों पर कड़ा शिकंजा कसने की जरूरत है। नीति आयोग और स्वास्थ्य मंत्रालय को तुरंत एक सशक्त, स्वतंत्र मेडिकल रेगुलेटरी बोर्ड गठित करना चाहिए, जो न केवल दवाओं की मंजूरी दे, बल्कि उनकी गुणवत्ता और वितरण पर बाज की तरह नजर रखे। जब दवा कंपनियों की नजर मुनाफे पर टिकी हो और सरकार का कर्तव्य जनता की सेहत की रक्षा करना हो, तो इस टकराव में पिसता कौन है? बेकसूर आम आदमी! यह एक ज्वलंत नैतिक सवाल है–क्या हम इंसानी जिंदगियों को कारोबार की भेंट चढ़ने देंगे? भारत को अब फैसला करना होगा÷ नागरिकों की जान पहले या मुनाफे की चकाचौंध? इस संकट से उबरने के लिए ठोस कदम उठाने का वक्त है। सबसे पहले, सीडीएससीओ को न केवल शक्तिशाली, बल्कि पूरी तरह जवाबदेह बनाना होगा। दूसरा, दवा परीक्षणों की हर प्रक्रिया को पारदर्शी करना जरूरी है, ताकि हर ट्रायल की जानकारी जनता के सामने हो। तीसरा, व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को दवाओं की गुणवत्ता की सच्चाई से रूबरू कराना होगा। चौथा, डॉक्टरों पर बिना जांचे-परखे दवाएं लिखने की प्रवृत्ति पर सख्त अंकुश लगाने के लिए कड़े दिशानिर्देश लागू करने होंगे। और सबसे अहम, जिन मासूमों ने खतरनाक दवाओं का सेवन कर नुकसान झेला, उनके लिए त्वरित मुआवजा और न्याय की गारंटी सुनिश्चित होनी चाहिए। नकली दवाओं का खतरा केवल सरकारी नीतियों की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता की अनदेखी का नतीजा है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि सस्ती या बिना प्रमाणित दवाएं न केवल स्वास्थ्य को खतरे में डालती हैं, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकती हैं। जब उपभोक्ता अपनी जागरूकता से बाजार की बुराइयों को चुनौती देंगे, तभी नकली दवाओं का काला कारोबार थमेगा। साथ ही, दवा कंपनियों पर नैतिकता का दबाव बनाना जरूरी है। उन्हें यह अहसास कराना होगा कि उनकी भूमिका सिर्फ मुनाफा कमाने तक सीमित नहीं, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक है। दवाएं जीवन की सांस हैं, न कि उसे छीनने का जहर। जब मुनाफे की भूख में इंसानियत को कुचलकर नकली दवाओं का कारोबार फलता है, तो यह सिर्फ नैतिकता की हार नहीं, बल्कि हमारे संवैधानिक सपनों पर तमाचा है। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले ही अनगिनत बाधाओं से जूझ रही हैं, दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ लाखों जिंदगियों को अंधेरे में धकेल देता है। अब वक्त है कि सरकार, दवा कंपनियां और हम सब एकजुट होकर एक ऐसी व्यवस्था गढ़ें, जहां स्वास्थ्य के नाम पर कोई धोखा न हो। क्योंकि सच्चा स्वास्थ्य सिर्फ शरीर की ताकत नहीं, बल्कि हर नागरिक को सुरक्षित, भरोसेमंद दवाएं देने का वादा है। यही वह चट्टान है, जिस पर एक मजबूत, स्वस्थ और समृद्ध भारत खड़ा होगा!

**प्रो. आरके जैन**

# ये जो सिक्किम के 'सुपर सीएम' हैं

**'कस कर मुट्ठियों में जकड़ लो इस सूरज को, किरणें इसकी शरारतें करने लगी हैं**
**कभी तेरी अक्स थी परछाईयां, अब देखो कैसे यह तेरे कद से भी लंबी होने लगी हैं'**

रंग बदलती सियासत को अब नौकरशाहों ने भी अपनी अंगुलियों पर नचाना सीख लिया है। कभी सिक्किम के चीफ सैक्रेटरी रहे वरिष्ठ आईएएस अफसर विजय भूषण पाठक अपने रिटायरमेंट के बाद भी राज्य के 'सुपर सीएम' की तरह एक्ट करते नज़र आते हैं। इनके बारे में माना जाता है कि इनके इशारे के बगैर राज्य में एक पत्ता भी नहीं हिलता। राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की तो इनमें जैसे जान ही बसती है, सो पिछले वर्ष 26 अगस्त को सीएम तमांग जब पीएम मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे तो मुलाकात का एजेंडा था कि राज्य के 50वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री को गंगटोक आमंत्रित करने का। कहते हैं पीएम मोदी ने भी इस साल मई में आहूत होने वाले सिक्किम के 50वें स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित रहने की हामी भर दी थी, पर तब मुख्यमंत्री जी का पीएम से विशेष आग्रह इस बात को लेकर था कि 'उनके तत्कालीन चीफ सैक्रेटरी को एक साल का एक्सटेंशन दे दिया जाए ताकि 50वें स्थापना दिवस समारोह को भव्य तरीके से मनाया जा सके।' आदत के अनुरूप पीएम ने सीएम साहब से कोई पक्का वादा तो नहीं किया बस इतना कह दिया कि 'देखेंगे'। इसके बाद दिल्ली ने सीएम साहब को इत्तला भेजी कि पाठक को तीन महीने का एक्सटेंशन दिया जा रहा है। सीएम निराश थे, पर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, उन्होंने एक नई जुगत भिड़ा दी। सीएम साहब ने पाठक जी के लिए एक नई पोस्ट सृजित कर दी 'एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर' की और उन्हें भारत सरकार के कैबिनेट सैक्रेटरी के बराबर का दर्जा दे दिया गया (सनद रहे कि यह एक तरह से कैबिनेट मंत्री का दर्जा है)। सो आनन-फानन में राज्य के नौकरशाहों में भी यह संदेश चला गया कि 'जो भी अहम निर्णय लेने हैं, वह पाठक जी से पूछ कर ही लेने हैं।'

सूत्र बताते हैं कि राज्य के मौजूदा चीफ सैक्रेटरी भी पाठक जी से कई साल जूनियर हैं, सो उन्हें भी 'सुपर सीएम' साहब से आदेश लेने में कोई गुरेज नहीं। वैसे राज्य में इस बात के चर्चे अब भी होते हैं कि पाठक जी के राज्य के मुख्य सचिव रहते ही सिक्किम ऊर्जा लिमिटेड के विनिवेश के 15 हजार करोड़ के स्कैम का मामला भी खूब उछला था। पर सीएम साहब अपने इस दुलारे अफसर पर आज भी आंखें बंद कर उतना ही भरोसा करते हैं जो भरोसा उन्हें इन पर कल था।

**क्या चिराग को चुनौती देंगे यशराज?**

चिराग पासवान की मोहिनी राजनीति को अब उनके चचेरे भाई यशराज पासवान से चुनौती मिल सकती है। यशराज चिराग के चाचा पशुपति पारस के बेटे हैं, यश अभी-अभी विदेश से अपनी पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौटे हैं। चिराग की तरह वे भी एक आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी हैं, तोल-मोल के बोलते हैं, अच्छी व समझदार भाषा बोलते हैं, यकीनन यह बात उनके सजातीय पासवान वोटरों को लुभाने के लिए काफी है। राष्ट्रीय लोजपा प्रमुख पशुपति पारस ने ही हालिया दिनों में एनडीए से कुट्टी करने का ऐलान कर दिया है, मुमकिन है अब उनके कदम भी इंडिया गठबंधन में शामिल होने की ओर बढ़ जाएं। पशुपति पारस भी अब अपनी उम्र की उस ढलान पर पहुंच गए हैं जहां वे अपनी राजनीतिक विरासत अपने पुत्र यशराज को सौंपने की जल्दबाजी में दिख रहे हैं। कहा यह भी जा रहा है कि इस दफे के बिहार विधानसभा का चुनाव यशराज अपने पिता की अलौली सीट से लड़ सकते हैं। पारस यहां से 7 बार विधायक रह चुके हैं। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले काफी समय से वे अपने पुत्र के लिए अलौली सीट तैयार करने में जुटे थे, क्या यशराज चिराग के लिए एक खतरे की घंटी हो सकते हैं?

**सहनी सह नहीं पा रहे भाजपा को**

जब से इंडिया गठबंधन ने बिहार के आने वाले चुनाव के मद्देनज़र वहां अपने कोऑर्डिनेशन कमेटी का मुखिया तेजस्वी यादव को बनाया है राज्य की सियासत नए सिरे से कदमताल करने लगी है। ताजा मामला वीआईपी यानी विकासशील इंसान पार्टी से जुड़ा है, जिसके लीडर मुकेश सहनी पर भाजपा नेता लगातार डोरे डाल रहे हैं। सहनी बिहार के मल्लाह वोटरों की रहनुमाई के झंडाबरदार रहे हैं, पिछले दफे वे भले ही अपना चुनाव हार गए हों, पर उनकी पार्टी के 4 उम्मीदवार चुनाव जीत गए थे। एक बदले घटनाक्रम में इन 4 में से उनके 3 विधायकों को भाजपा ने तोड़ लिया था, (एक विधायक की अचानक मौत हो गई थी) सहनी अपनी इस पुरानी टीस से अब भी उबर नहीं पाए हैं, सो उन्होंने काफी पहले से ही इंडिया गठबंधन के साथ जाने के संकेत दे दिए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में सहनी भाजपा-जदयू गठबंधन के साथ मिल कर चुनाव लड़े थे तब उन्हें गठबंधन धर्म के तहत 11 सीटें मिली थीं, जिसमें से 4 पर उनके उम्मीदवार विजयी रहे, पर सहनी जब खुद अपना चुनाव हार गए तो उन्हें विधान परिषद के रास्ते सदन पहुंचना पड़ा था। पहुंचे और वे सरकार में मंत्री भी बन गए थे, पर चूंकि उनकी विधान परिषद की मियाद महज डेढ़ वर्ष की थी तो उन्हें मंत्रिपरिषद छोड़ना पड़ा। भाजपा की वह पुरानी दगा उनके दिल में अब भी नासूर बन कर चुभ रही है। इस दफे के चुनाव में लगभग तय है कि राजद, कांग्रेस, लेफ्ट के साथ सहनी व पारस भी इंडिया गठबंधन के पक्ष में कदमताल कर सकते हैं। सहनी का मुजफ्फरपुर, दरभंगा, खगड़िया, मोतिहारी व झंझारपुर जिलों में खासा दबदबा है, सहनी के साथ कुछ बड़े मुस्लिम लीडर उनकी पार्टी में आ गए हैं। माना जाता है कि सहनी की पार्टी इस दफे तेजस्वी से दर्जन भर सीटें ले पाने में कामयाब रहेगी। स्वयं तेजस्वी की राजद 115-120 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है और कांग्रेस के खाते में 45-50 सीटें जा सकती हैं। कुल मिला कर इस दफे इंडिया गठबंधन भाजपा-जदयू के समक्ष एक महत्ती चुनौती पेश कर सकता है।

**कितने पानी में महारानी**

'कुछ तो बात है जो हस्ती मिटती नहीं हमारी' भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की लाख उपेक्षाओं के बावजूद राजस्थान की राजनीति में भगवा महारानी वसुंधरा राजे सिंधिया का सिक्का अब भी चल रहा है। पिछले दिनों वसुंधरा अपने निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ के दौरे पर थी, तब अचानक वहां अधिकारियों पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। इसकी शुरुआत वसुंधरा ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट से कर दी थी। झालावाड़ जिले में बढ़ते जल संकट को लेकर वसुंधरा ने राज्य की अपनी सरकार को ही कटघड़े में खड़ा कर दिया था। इस पोस्ट में वसुंधरा अपनी ही सरकार से जानना चाहती थी कि 'जल राशि के मद में खर्च होने वाले 42 हजार करोड़ रुपयों की योजना में आखिरकार झालावाड़ का हिस्सा कहां चला गया? झालावाड़ के हिस्से की राशि आखिर खर्च कहां हुई?' वसुंधरा के इस सोशल मीडिया पोस्ट के बाद राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा फौरन हरकत में आ गए और उन्होंने उच्च अधिकारियों से इस बाबत वसुंधरा को ब्रीफ देने को कहा। हालांकि झालावाड़ के उस रोज के कार्यक्रम में स्वयं मुख्यमंत्री शर्मा को भी उपस्थित रहना था, पर उन्होंने अपनी व्यस्तताओं का हवाला देकर वहां आने में असमर्थता जता दी। इसके बाद वहां मौजूद अधिकारियों ने वसुंधरा को बताया कि सीएम तो नहीं आ रहे हैं, पर हां महारानी साहिबा आ रही हैं।' वसुंधरा ने तल्खी से पूछा-'कौन महारानी?' जवाब मिला-'महारानी दीया कुमारी जी, राज्य की उप मुख्यमंत्री।' ऐसे में वसुंधरा का भड़क जाना स्वाभाविक ही था, नहीं तो एक म्यान में दो तलवारें, एक जंगल में दो शेर और एक राज्य में दो महारानियों का जलवा कैसे बरकरार रह सकता है।

# पाकिस्तानी अत्याचारों को न भूले बंगलादेश

धर्म के आधार पर भारत से अलग हुए पाकिस्तान ने बंगलादेश (पहले पूर्वी पाकिस्तान) पर बेतहाशा जुल्म ढहाए। कौन नहीं जानता कि पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो के शासन ने नरसंहार, बलात्कार और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने में सभी हदें पार कर दी थीं। जब पाकिस्तान के अत्याचारों से परेशान होकर पूर्वी पाकिस्तान के लाखों लोग भारत आने लगे तब भारत ने ही पूर्वी पाकिस्तान की मदद करते हुए बंगलादेश मुक्ति संग्राम में सहायता की। भारत को पाकिस्तान से 1971 में 13 दिन युद्ध भी लड़ना पड़ा। भारतीय सेना ने फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के नेतृत्व में युद्ध लड़ा। इस युद्ध में भारतीय सेना ने पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान दोनों मोर्चों पर युद्ध लड़ते हुए ऐतिहासिक जीत हासिल की। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों से हथियार डलवा? लिए थे। 16 दिसम्बर, 1971 को दुनिया के मान?चित्र पर एक नए देश बंगलादेश का उदय हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया को यह ?दखा दिया कि मानवता की रक्षा और अपनी सुरक्षा के लिए वह पूरी तरह से सक्षम और समर्थ है। शेख मुजीबुर्रहमान बंगलादेश की आवाज बने और आजाद बंगलादेश के पहले राष्ट्रपत बने तथा बाद में प्रधानमंत्री भी चुने गए। मुक्ति युद्ध के दौरान पाकिस्तान द्वारा 30 लाख बंगलादेशियों का नरसंहार किया गया। लाखों महिलाओं से बलात्कार किया गया। बंगलादेश अभी भी पाकिस्तान के अत्याचारों को भूल नहीं पाया है। पाकिस्तान भले ही भूल जाए लेकिन बंगलादेश के आवाम के जख्म अभी भी हरे हैं। बंगलादेश में हाल ही में हुए शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बंगलादेश का सियासी परिदृश्य काफी बदला हुआ नजर आ रहा है। वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस का झुकाव चीन और पाकिस्तान की तरफ है। पाकिस्तान भी इन दिनों अपने आका चीन के कहने पर बंगलादेश से दोस्ती बढ़ाने की हर सम्भव कोशिश कर रहा है। तख्तापलट के बाद जिस तरह से बंगलादेश में हिन्दुओं और उनके धर्म स्थलों को निशाना बनाया गया उससे यह स्पष्ट है कि बंगलादेश में एक बार फिर कट्टरपंथी ताकतों का दबदबा कायम हो चुका है। बंगलादेश की आर्थिक हालत बहुत कमजोर हो चुकी है और मोहम्मद यूनुस स्थितियों को सम्भालने में विफल सिद्ध हो रहे हैं। अब यह कहा जा रहा है कि बंगलादेश पाकिस्तान के फिर करीब आ रहा है। बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच 15 वर्ष बाद विदेश सचिव स्तर की बैठक हुई। पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलोच और बंगलादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीमउद्दीन ने बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में बंगलादेश ने पाकिस्तान को आंखें दिखाई। बंगलादेश ने पाकिस्तान से 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा बंगालियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों के लिए माफी मांगने को कहा है। इतना ही नहीं बंगलादेश ने पाकिस्तान की परिसम्पत्तियों में अपना ?हिस्सा मांगते हुए बंगलादेश को बकाया 4.5 अरब डॉलर का मुआवजा देने को कहा है। 4.5 अरब डॉलर के मुआवजे में इसमें अविभाजित पाकिस्तान की 1971 से पहले की परिसंपत्तियों में से उसका हिस्सा जिसमें सहायता राशि, भविष्य निधि और बचत साधन शामिल हैं। बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच विदेश सचिव स्तर की बैठक में बंगलादेश ने कई पुराने और संवेदनशील मुद्दे उठाए। ऑपरेशन सर्चलाइट का भी जिक्र था जिसमें, पाकिस्तानी सेना ने अनुमानित 30 लाख बंगालियों को मार डाला और दस लाख से अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार किया। पाकिस्तान के साथ खूनी युद्ध के बाद 1971 में बंगलादेश को स्वतंत्रता मिली। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने 1970 के भोला चक्रवात के बाद बंगलादेश को विदेशी सहायता में 200 मिलियन डॉलर का अपना हिस्सा आवंटित नहीं किया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, 1970 का चक्रवात भोला दुनिया का सबसे घातक उष्णकटिबंधीय चक्रवात था, जिसने वर्तमान बंगलादेश में पांच लाख लोगों की जान ले ली थी।

## संपादकीय

# ग्लोबल वार्मिंग के लिए अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोपीय देश जिम्मेदार

**दक्षिण एशिया ज्यादा प्रभावित क्षेत्र।**

ग्लोबल वार्मिंग या धरती की उष्णता की जब भी कहीं चर्चा होती है तो यह निश्चित तौर पर अमेरिका, इंग्लैंड और तमाम यूरोपीय देश जिसमें फ्रां, इटली, कनाडा इजरायल ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड तथा पश्चिम एशिया के धनवान देश में इस्तेमाल की जा रही ऊर्जा के कारण जहां वातानुकूलित मशीने, कल कारखाने, मोटर वाहन एवं अन्य ऐसी मशीने जिनसे कार्बन डाइऑक्साइड एवं दूषित हवा वायुमंडल में फैलती है ही बड़े जिम्मेदार होते हैं और इसका खामियाजा दक्षिण एशिया दक्षिण अफ्रीका और छोटे-छोटे देश को उठाना पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग के उपाय के लिए आयोजित बड़े-बड़े सम्मेलनों में यही बड़े देश अपनी जिम्मेदारी छोटे-छोटे देश पर डालकर निवृत्ति हो जाते हैं। जबकि सारा किया कराया इन्हीं देशों का होता है और छोटे-छोटे देश को इसके लिए नियमन पालन की जिम्मेदारी सौंप जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही हैद्य इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैद्य अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54% अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50% से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा, अगर ऐसा नहीं किया तो पृथ्वी को तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो भारत मोटे तौर पर ग्रीन हाउस गैसों के कुल वैश्विक उत्सर्जन में सहित 6.8 प्रतिशत का हिस्सेदार है। 1990 से लेकर 1920 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में एक में 175% की बढ़ोतरी हुई है। 2013 से 2021 के बीच देश के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की मात्रा 17 फ़ीसदी बढ़ी है, राहत की बात यह है कि अब भी भारत का उत्सर्जन स्तर जी-20 देशों के औसत स्तर से बहुत नीचे है। देश में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 11% की है, भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन आधारित प्लांट का योगदान 74% है। यदि कार्बन उत्सर्जन को रोका नहीं गया और जीवाश्म ईंधन के उपयोग की रफ्तार यही रही तो भारत सहित विश्व के अधिकांश देश अपनी धरती को बचाने में सक्षम नहीं होंगे।

**संजीव ठाकुर**

# आखिर आ ही गया सड़कों पर देश




आप ख़ुशी मनाएं या गम ,लेकिन हकीकत ये है कि आज पूरा देश सड़कों पर आ गया है । किसी के हाथ में भीख का कटोरा है तो किसी के हाथ में तलवारें,कोई निहत्था है तो कोई मानव शृंखला बनाने पर मजबूर। ये सब तब हो रहा है जबकि हमारी लोकप्रिय सरकार सबको साथ लेकर सबका विकास कार रही है। यदि सचमुच सरकार सबको साथ लेकर सबका विकास कर रही है तो सबको अपने घरों में रहना चाहिए, न कि सड़कों पर। लेकिन लोग सड़कों पर हैं ,क्योंकि संसद सबकी सुन नहीं रही। सरकार ने कानों में तेल डाल रखा है। सड़कों पर सबसे पहले आये देश के अल्पसंख्यक मुसलमान। उन्हें सड़कों पर लेकर आयी हमारी लोकप्रिय सरकार। सरकार ने मुसलमानों की भलाई के लिए नया वक्फ बोर्ड क़ानून बनाया ,लेकिन ये कानून मुसलमानों को रास नहीं आया। वे दक्षिण से लेकर उत्तर तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक सड़कों पर आ गए। आते जा रहे है। बंगाल में आये । तेलंगाना में आये,आंध्र में आये कर्नाटक में आये,बंगाल में आये । ये कहना कठिन है कि कहाँ नहीं आये। लेकिन सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा। मुसलमान सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ रहे,आंदोलन कर रहे है। अपनी इबादतगाहें,खानगाहें मसजिद और कब्रें बचाने के लिए। मुसलमान सड़कों पर भी हैं और देश की सबसे बड़ी अदालत मे भी । उन्हें उम्मीद है कि कहीं तो उनके साथ इन्साफ होगा ! कोई तो उन्हें सुनेगा !!

मुसलमानों से पहले देश के राजपूत सड़कों पर उतरे । उन्हें एक दलित सांसद के हकीकत बयान करने पर आपत्ति है। ब्यान राणा सांगा कि बारे में था । ये राजपूत अपनी करणी सेना के साथ सड़कों पर आये । करणी सेना के सैनिकों ने प्रदर्शन किया,तलवारें लहराई । दलित संसद रामजीलाल सुमन के घर हमला किया। लेकिन सुमन आपने बयान से पीछे नहीं हटे । उन्होंने माफ़ी नहीं मांगी। सुमन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव आगरा पहुंचे तो उन्हें भी गोली मारने की धमकी दी गयी ,लेकिन कोई गोली मारने का साहस जुटा नहीं पाया। तलवारें हवा में लहराने में और गोली चलने में फर्क है । करणी सेना के सैनिक कोई राणा सांगा थोड़े ही हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि करणी सेना कोई सेना-वेना नहीं है,ये तो योगी सेना है। पिछले दिनों विश्व णमोकार मन्त्र दिवस पर अल्पसंख्यक जैन समाज के साथ णमोकार मन्त्र का जाप करने वाले प्रधानमंत्री जी के संरक्षण के बाद भी मुंबई में एक जैन मंदिर ध्वस्त किये जाने के बाद मुंबई का जैन समाज सड़कों पर है । मुंबई के अलावा भी अनेक शहरों में जैन समाज ने सड़कों पर आकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए जैन समुदाय के कुछ लोगों की आंखों में आंसू थे. वो इस बात से दुखी थे कि तीन दशक पुराने मंदिर को तोड़ा गया है। जैन समाज अहिंसा को परम धर्म मानता है ,लेकिन ये नहीं जानता की ध्वंश हमारी सरकार का सबसे प्रिय खेल है। ये वही लोकप्रिय सिंगल और डबल इंजिन की सरकार है जिसने इस देश में बुलडोजर संस्कृति कहें या बुलडोजर संहिता का व्यापक इस्तेमाल किया। सरकार के बुलडोजर केवल अल्पसंख्यकों के घर और उनके इबादतगाह पहचानते हैं। फिर आल्पसंख्यक चाहे मुसलमान हों या जैन। मणिपुर में तो डबल इंजिन की सरकार के रहते अल्पसंख्यक ईसाइयों की 250 से ज्यादा इबादतगाहें जलाकर राख कर दिन गयी ,लेकिन सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगी। इस समय लोगों को जब सरल,सुलभ न्याय नहीं मिल रहा तो उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ रहा है । सुना है कि महाराष्ट्र में हिंदी लागू करने के सरकारी फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे सड़कों पर आने की तैयारियां कर रहे हैं। उनकी सेना भी करणी सेना जैसी ही उग्र सेना है । आखिर क्यों न हो उग्र ? निकली तो बाला साहब ठाकरे की असली वाली शिव सेना के गर्भ से ही है । बाला साहब ठाकरे की शिव सेना से पहले 'मनसे' बनी फिर भाजपा की कोशिशों से इसी में से एक सेना एकनाथ शिंदे की और दूसरी उद्धव ठाकरे साहब की बनी। यानि आप कह सकते हैं कि महाराष्ट्र सेना प्रधान देश है। सड़कों पर खड़ा देश देखकर हमारे समाजवादी पुरखे डॉ लोहिया की आत्मा बहुत खुश होगी। जो देश सड़कों पर आने का माद्दा नहीं रखता उस देश में तानाशाही अपना प्रभुत्व कायम कर लेतीहै। आप देख रहे होंगे कि भारत में ही नहीं बल्कि अमेरिका में भी लोग अपने राष्ट्रपति के खिलाफ सड़कों पर हैं। आपको पता ही है कि देश की 80 करोड़ से जयादा जनता पहले से ही सड़कों पर है । उसके पास न घर है न घाट। हमारी लोकप्रिय सरकार इस आबादी को पांच किलो राशन मुफ्त में न दे तो ये आबादी सड़कों से उठकर या तो कब्रस्तान में जा पहुंचे या श्मशान में। मजे की बात तो ये है कि अब हमारे देश की न्यायपालिका को भी सड़कों पर लाने के इंतजाम किये जा रहे है। हमारे देश की लोकप्रिय सरकार के एक सांसद महोदय देश के मुख्यन्यायाधीश को लेकर उग्र हैं। लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए। उन्होंने सीजेआई खन्ना पर भी निशाना साधा था।संविधान के अनुच्छेद 368 का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कानून बनाना संसद का काम है और सुप्रीम कोर्ट कानूनों की व्याख्या करने के लिए है। कोर्ट सरकार को आदेश दे सकता है, लेकिन संसद को नहीं।भाजपा के कामचलाऊ अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दुबे जी के बयान से पार्टी को अलग कर लिया। हालाँकि वे जो चाहते थे वो काम तो दुबे जी ने कर ही दिया। अब भी सीजेआई खन्ना साहब न समझें तो वे अनाड़ीहैं। लब्बो-लुआब ये है की देश की लोकप्रिय सरकार के तीसरे कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि ये है कि उसने देश की जनता को सड़कों पर आना सिखा दिया। सरकार ने ही जनता की प्रतिकार की ताकत को छीन लिया था ,लेकिनअब ख़ुशी कीबात ये है कि अवाम अपनी ताकत का अहसास करने लगी है। सरकार सबको साथ लेकर सबका विकास कर रही है या नहीं ,ये आप जानें लेकिन हमारी कामना भी है और प्रार्थना भी कि सरकार भविष्य में ऐसा कुछ न करे कि जनता को मजबूरन सड़कों पर आकर कहना पड़े कि - सिंघासन खाली करो,की जनता आती है।। जनता का सड़कों पर आना जहाँ लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है, वहीं दूसरी तरफ सरकार की नाकामी का भी।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0÷ 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## ट्राली बैग से शव बरामद, पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण



**घटना तरकुलवा थाना क्षेत्र की**

**देवरिया।** जनपद के तरकुलवा थाना क्षेत्र के पकड़ी छापर पठखौली गांव में एक ट्राली बैग में एक अज्ञात शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। इस सम्बन्ध में घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र वीर ने बताया कि 11 बजे सूचना मिली है कि एक ट्राली बैग में एक अज्ञात शव मिला है जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष से ज्यादा है और सिर के आस-पास गंभीर चोटों के निशान है। बताया कि शव की पहचान कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। फॉरेनसिक टीम, डाग स्कायड, सर्विलांस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही की ज़ा रही है।

## आयुक्त ने जिलाधिकारी को दिए कर्मचारी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच के निर्देश

**देवीपाटन मण्डल गोण्डा ।** अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निवारण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजीत यादव के शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुये आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा को शिव कुमार एडब्लूबीएन, तहसील-करनैलगंज के विरूद्ध जाँच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निवारण परिषद की ओर से कर्मचारी के खिलाफ जांच करा कर स्थानान्तरण आदि की कार्यवाही कराये जाने का अनुरोध किया गया है।अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निवारण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा कर्मचारी पर तहसील करनैलगंज गोण्डा में 20 वर्ष से संग्रह अनुभाग, अधिष्ठान लिपिक के पद पर करनैलगंज गोण्डा में हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत व मूलवेतन पर रहकर सरकारी धन का लूट बन्दरबाट व कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, मृतक कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ड्यूज भुगतान में पहले वसूली करने के बाद भुगतान करने का आरोप लगाया गया है।

## साइबर टीम ठगी के शिकार दम्पत्ति के वापस कराए रुपये

**चित्रकूट** – महाराष्ट्र से चित्रकूट घूमने आये वृद्ध दम्पत्ति के साथ होटल बुक करने के नाम पर हुई ठगी के मामले में साइबर सेल टीम ने उनके खाते में 39.182 रुपये वापस कराए। साइबर सेल प्रभारी निशीकांत राय ने बताया कि बीती नौ नवम्बर 2024 को महाराष्ट्र से चित्रकूट घूमने आये वृद्ध दम्पत्ति के साथ हुए होटल बुक करने के नाम पर ठगी हुई थी। जिसकी शिकायत दम्पत्ति ने पुलिस कार्यालय स्थित साइबर सेल में की थी। जिसकी विवेचना करते हुए साइबर सेल में नियुक्त आरक्षी प्रशान्त कुमार व सर्वेश कुमार ने विधिक कार्यवाही के बाद ठगी के 39,182 रुपये उनके खाते में वापस कराए।

## अहिल्याबाई होल्कर के नाटक का होगा भव्य मंचन



**अलीगढ़।** भारतेंदु नाटक अकादमी, लखनऊ एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से संस्कार भारती, अलीगढ़ ब्रज प्रांत द्वारा अलीगढ़ के धर्म समाज महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रमेश चंद्र अग्रवाल 'भगत जी' सभागार में नाटक राजमाता अहिल्याबाई का मंचन धर्म समाज महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं किया जाएगा। नाटक को देखने के लिए अलीगढ़ के 12 विद्यालयों के छात्र छात्रों को दर्शक के रुप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे प्रशांत सिंघल महापौर 'और दीपप्रज्वलन कर्ता संजीव रंजन जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि गोविंद विभाग प्रचारक , राजीव अग्रवाल 'अनु' सचिव धर्म समाज महाविद्यालय , सी,ए, संजय गोयल, अध्यक्ष ब्रज प्रांत रहेंगे। इस अवसर पर भारतेंदु नाटक अकादमी लखनऊ के निदेशक विपिन कुमार और अध्यक्ष डॉ रति शंकर त्रिपाठी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। नाटक का निर्देशन एवं परिकल्पना आलोक शर्मा ने किया है। नाट्य तकनीक निर्देशक डॉ प्रभात कुमार दासगुप्ता हैं, वेशभूषा एवं मंच व्यवस्था श्रेष्ठ वार्ष्णेय करेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सुनीता गुप्ता रहेंगी। प्रेस वार्ता के समय संस्कार भारती ब्रज प्रांत के अध्यक्ष सी ए संजय गोयल , भारतेन्दु नाट्य अकादमी से अलोक शर्मा , जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , महानगर अध्यक्ष अनिल राज गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ सुनीता गुप्ता , कार्यकारी अध्यक्ष डॉ इंद्रा अग्रवाल, महामन्त्री रुचि गोटेवाल, सुनयना गुप्ता, प्रेसवार्ता के समय उपस्थित रहे।

# महंगाई से जनता परेशान, इलाज कराना भी हुआ महंगा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यप्रकाश श्रीवास्तव

## महगांई की मार से आम जनता परेशान

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर**– महंगाई आम लोगों की कमर तोड़ रही है। खाने-पीने दाम में हो रही लगातार वृद्धि के साथ अति आवश्यक चीजों के भी दाम आसमान छूते जा रहे है। दवा के साथ-साथ किताबों की कीमत में भी काफी वृद्धि हुई है। वहीं डाक्टर की फीस, स्कूल फीस एवं बस किराए ने लोगों को परेशान कर दिया है। मंहगाई से लोगों के जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ने से सामान्य लोगों को जीवन निर्वाह कठिन हो जा रहा है। उक्त बाते एक विज्ञप्ति के माध्यम से सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव ने कहा श्री श्रीवास्तव ने आगे कहा कि मध्यवर्ग की समस्याएं भयानक रूप ले रही है। महगाई कहां जाकर रुकेगी कहा नहीं जा सकता है। दवा एवं किताब-कापी खरीदने में कई बार सोचना पड़ता है। किताबों का दाम हुआ दोगुना महंगाई की मार पेट्रोल-डीजल के बाद किताबों पर देखा जा रहा है। एक साल में किताबों के दाम दोगुनी हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किताबों का दाम दोगुनी हो गई है। कागज का दाम बढ़ने से किताब का दाम बढ़ गया है। वहीं ड्रेस का भी हाल है। ड्रेस का दाम पर 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मनमानी बढ़ रही अभिभावको को परेशानी हो रही है। स्कूल संचालक बिना कोई जानकारी के स्कूल फीस बढ़ा देते है। स्कूल फीस में काफी वृद्धि हुई है। बिना सूचना के ही फीस बढ़ा दिया जाता है। जिससे बजट बढ गया है। बस किराय का यही हाल है। दो साल में बस का किराया 20 से 30 प्रतिशत बढ़ रहा है। दवा के दाम में इजाफा महंगाई की मार दवा पर पड़ रहा है। दवा के दाम में 10 से 15 प्रतिशत का वृद्धि हुई है। तथा कई उपयोग मे आने वाले सामानो का दाम दुगना हो गया है। महंगाई दवा को भी नहीं छोड़ी है। साथ ही डाक्टरों को फीस में बढ़ोतरी हुई। डाक्टरों को फीस दोगुनी बढ़ गयी है, जो डाक्टर का फीस चार सौ रुपये थी वह बढ़कर एक हजार रुपये तक हो गयी है। इससे रोगियों को काफी परेशानी हो रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार महगाई पर अंकुश लगाने मे पुर्णरूप से विफल है।

# करेंट लगने से घायल हुए बच्चे को मिली आर्थिक राहत

**● डीएम जनता दरबार में डीएम की पहल पर दो लाख का मिला मुआवजा**

**घायल बच्चे के आश्रित ने जिला प्रशासन का जताया आभार**



स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज ( बिहार )**- जिला पदाधिकारी का जनता दरबार बिजली के तार से करेंट लगने (विद्युत स्पर्शाघात ) के कारण घायल हुए पांच वर्ष के छोटे बच्चे के आश्रित के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। उल्लेखनीय है कि 24 जनवरी को प्रत्येक शुक्रवार की भांति डीएम के जनता दरबार में नबीहसन ने बताया कि बिजली के तार से करेंट लगने के मामले में उनका पांच वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने मुआवजा भुगतान के संबंध में परिवाद दायर किया था, लेकिन मुआवजे की राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। प्रकरण डीएम के संज्ञान में आया और वाद संख्या DMJD 388 पर जिला पदाधिकारी द्वारा तत्काल संबंधित विभाग को आवेदक के मुआवजे भुगतान का निर्देश दिया डीएम के निर्देश पर अविलंब विद्युत कार्यपालक अभियंता गोपालगंज द्वारा परिवादी से समन्वय स्थापित कर सबसे पहले उसके घर से गुजरने वाले तार को कवर किया गया। उसके पश्चात सिविल सर्जन से समन्वय स्थापित कर घायल बच्चे का चिकित्सा प्रमाण पत्र त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक नबीहसन को दिनांक 12 अप्रैल को नियमानुसार दो लाख रूपये मुआवजे की राशि उपलब्ध करा दी गई।

गौरतलब है कि नबीहसन ग्राम सुपौली पोस्ट झझवा बाजार प्रखंड सिधवलिया ने जिलापदाधिकारी के जनता दरबार में अपनी समस्या बताई और मदद की गुहार लगाई। डीएम ने प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लिया और जिला पदाधिकारी की पहल पर हुई मदद के लिए लाभुक नबीहसन ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे बड़ी उम्मीद के साथ जनता दरबार में आए थे और जिला पदाधिकारी ने उनकी हर संभव मदद की जिलापदाधिकारी प्रशांत कुमार सी एच ने कहा कि जनता दरबार सरकार की प्राथमिकता का विषय है माननीय मुख्यमंत्री का निर्देश है कि जनता दरबार में आने वाले लोगों को त्वरित राहत पहुँचाई जाए।

## नाबालिग किशोरी का अपहरण करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**नवाबगंज (गोंडा)**- कस्बे के एक मोहल्ले से अपने दो सगे भाइयों का सहयोग लेकर नाबालिग किशोरी का अपहरण करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।15 अप्रैल को कस्बे के एक व्यक्ति ने थाने पर दर्ज कराए गये मुकदमें में बताया कि विपक्षी आसिफ पुत्र मुन्ना डफाली ने अपने भाइयों आरिफ और गुलाम के सहयोग से मेरी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी आसिफ को नाबालिग किशोरी के साथ कटरा शिवदयालगंज के पास गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है वहीं नाबालिग किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है।

# गोरखपुर में भीषण सड़क हादसा- तेज रफ्तार ने छीनी एक जिंदगी, दो जख्मी

स्वतंत्र प्रभात



**गोला बाजार /गोरखपुर।** जनपद के गोलाबाजार क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसने एक परिवार को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। हरपुर चीनी मिल के पास तेज रफ्तार शिफ्ट डिजायर कार और स्प्लेंडर बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार सुशील सिंह की जिंदगी छिन गई, जबकि उनके साथी आनंद सिंह और कार चालक रिंकू दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब आठ बजे से 9 बजे के बीच हुआ, जब चंदौली गांव के रिंकू दुबे अपनी कार से गोरखपुर लौट रहे थे। सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक, जिस पर हरपुर के सुशील सिंह और आनंद सिंह सवार थे, अनियंत्रित होकर कार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। सुशील और आनंद के पैर टूट गए, वहीं रिंकू का सिर फट गया। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार और सिपाही सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। घायलों को तुरंत उरुवा पीएचसी ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान सुशील सिंह ने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का कारण बताई जा रही है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही का दर्दनाक सबक दे गया। सुशील के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, और इलाके में मातम पसरा हुआ है।सड़क पर सावधानी ही बचाएगी जिंदगी। यह हादसा हमें याद दिलाता है कि तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी कितनी महंगी पड़ सकती है।

# कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है हल्का लेखपाल

## फार्मर रजिस्ट्रेशन कैंप में किसानों का दिखा उत्साह

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर**- सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना के तहत आज ख़जनी तहसील क्षेत्र के सुताआभार ग्राम सभा सचिवालय में रविवार को फार्मर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप ग्राम प्रधान व किसान सहायकों की उपस्थिति में, हल्का लेखपाल कौटिल्य दुबे और अविनाश दीक्षित के नेतृत्व में संपन्न हुआ। दर्जनों की संख्या में किसान सुबह से ही लाइन में खड़े होकर अपने दस्तावेजों के साथ फार्मर रजिस्ट्री कराने पहुंचे। कैंप के दौरान लेखपाल कौटिल्य दुबे ने बताया कि किसानों को सरकार की सभी कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है। बिना पंजीकरण के किसी भी योजना का लाभ मिलना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि यह पहल सरकार की मंशा के अनुरूप है, जिससे छोटे और सीमांत किसानों तक भी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाया जा सके।

कैंप में किसान सहायकों ने किसानों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने में मदद की। ग्राम प्रधान की उपस्थिति में कैंप में पारदर्शिता और व्यवस्था बनी रही। किसानों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें काफी सुविधा हुई है और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी मिली है। यह पहल न केवल किसानों को योजनाओं से जोड़ने में मदद करेगी, बल्कि खेती को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कैंपों का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

# गोरखपुर में पुलिस की बड़ी कामयाबी- 15,000 के इनामी गैंगस्टर अमन शुक्ला चढ़ा हत्थे!

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर**- अपराध की दुनिया में आतंक का पर्याय बन चुका 15,000 रुपये का इनामी गैंगस्टर अमन कुमार शुक्ला आखिरकार गोरखपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शाहपुर पुलिस ने एक रोमांचक ऑपरेशन में इस कुख्यात अपराधी को धर दबोचा। यह गिरफ्तारी न सिर्फ पुलिस की मुस्तैदी का सबूत है, बल्कि गो-तस्करी और पशु चोरी जैसे संगठित अपराधों पर लगाम कसने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है।

**कौन है अमन शुक्ला?**

बिहार के पश्चिमी चंपारन जिले के दहवा गांव का रहने वाला अमन कुमार शुक्ला कोई साधारण अपराधी नहीं है। उसका अपराधिक रिकॉर्ड सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। गो-तस्करी, पशु क्रूरता, लूट, मारपीट और गैंगस्टर एक्ट जैसे संगीन मामलों में उसका नाम शामिल है। गोरखपुर के कैण्ट और पिपराईच थानों में उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। इतना ही नहीं, बिहार में भी उसने अपने गैंग के साथ लूट और मारपीट की वारदातों को अंजाम दिया है। कुल मिलाकर, उसके खिलाफ 7 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं, जो उसके अपराध की गहराई को दर्शाते हैं।

**ऐसे चढ़ा पुलिस के हत्थे**

शाहपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय और उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि अमन शुक्ला इलाके में छिपा हुआ है। बिना वक्त गंवाए, उपनिरीक्षक रविन्द्रनाथ चौबे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने चील की तरह नजर रखी और आखिरकार एक सुनियोजित ऑपरेशन में अमन को असुरन चौकी क्षेत्र से दबोच लिया। इस ऑपरेशन में कांस्टेबल अरुण कुमार यादव और शरद यादव की भूमिका भी अहम रही।

**पुलिस की तारीफ, अभियान और तेज**

पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के कुशल निर्देशन में हुई इस गिरफ्तारी ने पुलिस टीम का मनोबल बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता पर पूरी टीम की पीठ थपथपाई और अपराधियों के खिलाफ अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए। अमन शुक्ला की गिरफ्तारी से गो-तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार होने की उम्मीद है। गिरफ्तारी के बाद अमन शुक्ला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी गई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि उसके गैंग के अन्य सदस्यों और अपराध के तारों का पता लगाया जा सके। गोरखपुर पुलिस की यह कामयाबी न सिर्फ स्थानीय लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगाएगी, बल्कि अपराधियों के लिए भी एक सख्त संदेश है कि कानून के लंबे हाथों से कोई नहीं बच सकता !गोरखपुर पुलिस की यह जीत अपराध के खिलाफ एक और मील का पत्थर साबित होगी।

# तेरह निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह में हुए पीले हाथ

**●तेरह जोड़ी कन्याओं ने अग्नि के समक्ष लिए सात फेरे**




स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** रविवार को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में निर्धन कन्याओं हेतु सामूहिक भव्य विवाह समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हिंदू रीति रिवाज एवं पूरे वैदिक मंत्रोचार के साथ सांयकाल के समय 13 वर वधू एक दूसरे को जयमाल पहनाते हुए परिणय सूत्र में बंधे । ये कार्यक्रम जनपद के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से वर एवं वधू पक्ष के परिवार जन विवाह स्थल पर पहुंचने के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें वर बधू का जयमाल हुआ। फिर भंवर (अग्नि फेरा) हुआ। उसके बाद देर रात वर वधु की विदाई संपन्न हुई।

विदाई के समय संस्था द्वारा सभी जोड़ों को नई गृहस्थी एवं खुशहाल जीवन के लिए आवश्यक सामान दिए गये, जिसमें लोहे का बॉक्स, अटैची, एयर बैग,पलंग, गद्दा, चादर, प्रत्येक कन्या को 7 साड़ी, ब्लाउज व पेटिकोट, पायल, बिछिया व मंगलसूत्र, प्रेशर कुकर, टेबल पंखा, कंबल, बर्तन व मिठाई आदि सामान समिति द्वारा देकर सभी तेरह जोड़ी की विदाई हुई। सभी मेहमानों के लिए जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी ।कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी श्री राम जानकी धर्मादा समिति,श्री राम जानकी महिला मंडल,श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट, मारवाड़ी युवा मंच गोंडा शाखा, मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन मंडल महिला शाखा के अलावा कई समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा। और इस कार्यक्रम में नगर के संभ्रांत, प्रतिष्ठित एवं सामाजिक गणमान्य व्यक्तिय एवं जनप्रतिनिधि भारी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान श्री राम जानकी समिति के अध्यक्ष अनिल मित्तल सचिव संजय अग्रवाल, संयोजक राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट, विवाह संयोजक अनिल अग्रवाल, श्याम केडिया, विकास जैन, दीपक अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, संदेश गर्ग, पीयूष मित्तल, सुरेश भावसिंहका, सुशील पचेरिया, मुकेश नहारिया, विमलेश सिंघल, गोविंद जालूका,कार्यक्रम सह संयोजक सरोज अग्रवाल, स्वागत समन्यवक अमिता अग्रवाल, विवाह सह संयोजक नीलम जैन, संस्कृति प्रमुख नीतू गर्ग, श्री राम जानकी महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, पूनम मित्तल, डॉ नेहा नेवटिया, वर्षा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल,मीनू पचेरिया,रचना पचेरिया, मंजू केडिया, डाक्टर रेनू अग्रवाल, अनिता मनीरामका, सोनम अग्रवाल, रीता काबरा, किरन बंसल,सरिता अग्रवाल,पुष्पा सिंघल के अलावा समाज के कई समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मी मुस्तैद रही ।

# भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया अस्पताल का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट** – जिले में आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए कर्वी-राजापुर मार्ग पर गल्लामंडी तिराहा स्थित इलिशा हेल्थ केयर मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल का रविवार को भाजपा के निवर्तमान मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि शहर में निजी अस्पताल खुलने से जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योग्य व प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज मिलेगा। जिसमें इलाज के अभाव में लोगों के साथ अनहोनी घटना नहीं घटेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक सुविधा से लैस यह अस्पताल बीमार लोगों को स्वस्थ्य होने के लिए कारगर साबित होगा।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर भास्कर पांडेय ने बताया कि अस्पताल खुलने से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुलभ, सस्ता एवं बेहतर इलाज उपलब्ध कराना हॉस्पिटल की प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के ऑपरेशन डिग्रीधारी योग्य डॉक्टरों द्वारा किए जाएंगे। ओपीडी व इमरजेंसी सेवा 24 घंटे सुविधा मुहैया रहेगी। साथ ही मरीजों के लिए 24 घंटे निःशुल्क एंबुलेंस मुहैया कराई जाएगी। बताया कि नवजात शिशुओ व गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण की सुविधा मिलेगी। समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्र में योग्य डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर आम जनमानस को स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। जिसमें आम जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। अस्पताल में सभी रोग का संपूर्ण इलाज होगा। भविष्य में गरीब मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ भी दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री मनोज तिवारी, अमित मिश्रा, संजय पाण्डेय, पत्रकार अरविन्द रघुवंशी, धीरेन्द्र शुक्ला, रणदीप पाण्डेय, स्टॉफओम शंकर पाण्डेय, गुड्डू शुक्ला, स्टॉफनर्स रूपाली चौरसिया सहित गंगा देवी, प्रिया पाण्डेय, ऐश्वर्या अग्रहरि, अक्षय कुमार यादव, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# आईएएस, पीसीएस बनने का सपना संजोये युवाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित

**●अधिकारियों के पैनल ने बताये युवाओं को सफलता का मंत्र, दिए प्रश्नों के उत्तर**




स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की पहल पर आईएएस एवं पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत राजकीय आईटीआई में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा की रणनीति बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास बनाए रखने के उपाय भी सुझाए गए। सत्र के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता। सतत परिश्रम, अनुशासन, डेडिकेशन व अभ्यास से बड़ी से बड़ी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। सिविल सेवा के माध्यम से समाज व राष्ट्र के लिए योगदान करने का प्रभावी माध्यम प्राप्त होता है। कहा कि सर्वप्रथम जो भी परीक्षा दे रहे हैं उसका पैटर्न व सिलेबस जान लें।आईएएस की परीक्षा में ऑप्शनल विषय वही चुनें जिसमें वास्तविक रुचि हो, क्योंकि रुचिपूर्ण विषय को पढ़ना आसान और टिकाऊ होता है। सी-सैट को लेकर जिलाधिकारी ने सुझाव दिया कि इसकी तैयारी आसान टॉपिक्स से शुरू करें, प्रश्नों को हल करते समय ऑप्शंस को ध्यान से पढ़ें और सवालों में छिपे कीवर्ड्स को पहचानने की आदत डालें। हर छात्र को सिलेबस पूरी तरह कंठस्थ होना चाहिए और उससे जुड़े समसामयिक मुद्दों पर गहरी दृष्टि बनाए रखनी चाहिए। दैनिक रूप से एक हिंदी और एक अंग्रेज़ी अखबार पढ़ना जरूरी है, विशेषकर एडिटोरियल पेज, जो विश्लेषणात्मक सोच को विकसित करता है। उन्होंने नियमित रूप से योग करने व, खुद पर विश्वास रखने, अच्छे मित्रों के साथ समय बिताने को कहा और 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' का उदाहरण देते हुए छात्रों से निष्काम भाव से अध्ययन करने का आग्रह किया। प्रत्येक टॉपिक के शॉर्ट नोट्स बनाना आवश्यक बताया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि परीक्षा को लेकर दिमाग में अनावश्यक दबाव या हौव्वा न बनाएं। डर अक्सर हमारी क्षमता को सीमित कर देता है। सफलता का रास्ता केवल निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच से होकर गुजरता है। प्रत्येक छात्र की सोच, पृष्ठभूमि और समझने की गति अलग होती है, इसलिए किसी और की रणनीति की नकल करने की बजाय अपने विवेक का प्रयोग करें और अपनी क्षमतानुसार एक व्यावहारिक एवं संतुलित रणनीति तैयार करें। आत्मविश्वास, अनुशासन और धैर्य के साथ की गई तैयारी निश्चित रूप से सफलता की ओर ले जाती है।

श्रुति शर्मा (आईएएस) ने अपनी यात्रा साझा करते हुए बताया कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसके लिए एक प्रेरणादायक माहौल आवश्यक होता है। एक सकारात्मक सर्किल का निर्माण करें, जो आपके लक्ष्य की ओर लगातार प्रेरित करता रहे। समाचार पत्रों का नियमित अध्ययन करें और अपनी क्षमता के अनुसार रणनीति तैयार करें। स्वयं की ताकत और कमियों को पहचानना बेहद जरूरी है, ताकि तैयारी को उसी अनुरूप ढाला जा सके। एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह ने निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। एसडीम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव ने कहा कि सभी परीक्षाओं का सिलेबस व मांग अलग-अलग होती है, इसलिए एक ही लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**सफल छात्रों को डीएम ने किया सम्मानित**

जनपद में कोचिंग प्राप्त कर अंतिम रूप से नौकरी प्राप्त करने वाले पांच युवाओं को सम्मानित किया। कामिनी तिवारी, शिवम सिंह, नीरज गौतम, राजकुमार प्रसाद तथा कृपानंद यादव का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती-2023 में हुआ है। जिलाधिकारी ने समस्त सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी।

**अभ्युदय कोचिंग के लिए करें आवेदन**

जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद में संचालित अभ्युदय क्लास में स्मार्ट क्लास, वाई फाई, डिजिटल बोर्ड, अनुभवी एवं प्रोफेशनल शिक्षक, समय समय पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन, पीडीएफ और प्रिंटेड नोट्स, नियमित रूप से टॉपिक/विषय /संपूर्ण कोर्स आधारित टेस्ट, निशुल्क अभ्युदय पुस्तकालय इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान समय में अभ्युदय कोचिंग के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। युवा सिविल सेवा, जेईई/नीट, वन डे एग्जाम आदि की तैयारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए युवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन में संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्निशमन सप्ताह के समापन पर रेड क्रॉस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



शाहजहांपुर। राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह के समापन पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने जनपद के अग्निशमन कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें अग्निशमन विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर दवाई वितरण की गई। शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांचे की गई। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ0 विजय जौहरी ने अग्निशमन अधिकारी को आपदा प्रबंधन हेतु ट्रिपाल एवं बाल्टी भेंट कर बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में कार्य कर रही है एवं आपदा प्रबंधन में सदैव विभाग के साथ सहयोगी भूमिका का निर्वहन करेगी। इस दौरान जिला सचिव डॉ0 विजय जौहरी, डॉ आलोक कुमार सिंह (चिकित्सा अधिकारी), अनुराग श्रीवास्तव, विकास गौतम, दीपक कुमार, अग्रज जौहरी, डॉ मुजीब, साहिफ, श्रीमती पारुल गुप्ता, बृजेश गुप्ता, पातीराम दीक्षित, अनुज त्रिवेदी, अवनीश सक्सेना, साजिद, अनुज जौहरी आदि उपस्थित रहे!!

### युवती को शादी का झांसा देकर बलात्कार कर धर्म परिवर्तन करानेवाला अभियुक्त गिरफ्तार



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशनुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण मे चलाये जा रहे रोकथाम अपराध व गिरफ्तारी अपराधी के सघन अभियान के क्रम में थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा युवती को शादी का झांसा देकर बलात्कार करना व धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाने के अभियुक्त को किया गिरफ्तार। वादिनी द्वारा थाना पुवायाँ पर तहरीर देकर अभियुक्त तौहीद खां पुत्र असीतुल्ला खां निवासी ग्राम पकड़िया हकीम थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना म030नि0 मंजू चौधरी द्वारा आरम्भ की गयी तथा घटना की सूचना तत्काल अधिकारीगण को दी गयी उनके द्वारा घटना को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल अभियुक्त की गिरफ्तारी के आदेश दिये गये। जिसके अनुपालन मे थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त मे नामित अभियुक्त तौहीद खां उपरोक्त को मोहम्मदी मोड से हिरासत पुलिस लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### 602 ई रिक्शा चालकों का चालान, 47 सीज

**10 लाख 75 हजार लगाया गया जुर्माना**



जौनपुर। बिना लाइसेंस, बिना कागज के शहर के विभिन्न रूट पर चल रहे ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ रविवार को अभियान चलाया गया। पिछले एक सप्ताह से चलाए जा रहे निरंतर अभियान के तहत इस अभियान में 602 ई रिक्शा चालकों का चालान किया गया। इस पूरे अभियान में 10 लाख 75 हजार जुर्माना लगाया गया । बिना लाइसेंस, बिना कागज वाले 47 ई रिक्शा को सीज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र, चार टीएसआई प्रेमशंकर सिंह, धीरेंद्रनाथ सिंह, सुनील तिवारी, विजय कुमार के साथ हमराह के रूप में दिलीप ठाकुर, ज्ञानेंद्र कुमार, सत्यानंद तिवारी इस पूरे अभियान में लगे रहे। शहर के जेसीज चौराहा, ओलन्दगंज, कोतवाली चौराहा और रोडवेज डिपो परिसर के पास आज 602 ई रिक्शा चालकों का चालान करते हुए 47 ई रिक्शा को चीज कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी यातायात सुशील मिश्रा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। जिससे सड़क हादसे में कमियां और नाबालिक बच्चों के हाथों में कोई भी वाहन चलते हुए नही देखा जाए। श्री मिश्र ने कहा की शासन के विशेष निर्देश पर शहर भर में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक नियम का पूरी तरह से पालन करना। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्र आज कोतवाली पुलिस की पूरी टीम के साथ इस अभियान में लग रहे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि बच्चों के हाथ में दुपहिया और ई-रिक्शा चलाने के लिए कतई न दें। क्योंकि बच्चों की लापरवाही से आए दिन जिले में हादसे हो रहे हैं। यही ई रिक्शा जाम का कारण भी बनते हैं।

## ब्लाकों और तहसीलों में नकली का बोलबाला असली का मुंह काला

● मुख्यमंत्री के आदेश बेअसर असर धड़ल्ले से सरकारी दफ्तरों में बैठकर अभिलेखों में अंकन कर रहे प्राइवेट कर्मी/कथित दलाल

किस सक्षम अधिकारी के आदेश से कर रहे काम कहा से निकलता है इनकी पगार यक्ष प्रश्न

एक लेखपाल के पास दो मुंशी वहीं एक पंचायत सचिव के कम से कम दो से तीन मुंशी कर रहे काम

स्वतंत्र प्रभात




लखीमपुर खीरी भले ही सुबे की सरकार के वजीरे आला प्रदेश में राम राज्य स्थापित करने तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने की कवायद में दिन-रात एक किए हुए नित्य नए सख्त फरमान अपने मातहतो को जारी कर रहे हो, पर उनके फरमानों का असर जनपद के नौकरशाहों पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है।योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी जीरो टॉलरेंस नीति वास्तविकता की जमीन पर दम तोड़ती नजर आ रही है। गौरतलब हो कि जनपद में नौकरशाही इस कदर हावी है कि उसके सामने कोई भी कायदा कानून और शासन प्रशासन के आदेश शायद कोई मायने ही ना रखते हो। इसका ज्वलंत उदाहरण है कि अभी हाल के गत माह में सुबे के उपयोगी सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक आदेश जारी किया था कि किसी भी कार्यालय में कोई प्राइवेट आदमी काम ना करें और सरकारी पत्रावलियों में अंकन नहीं करेगा। किसी कर्मचारी को कोई प्राइवेट मुंशी रखने का अधिकार नहीं है। उक्त आदेशों के बाद भी जनपद की 9 तहसीलों और 15 ब्लॉक मुख्यालयों सहित 1165 ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सचिवों एवं तहसीलों में तैनात लेखपालों और कानूनगो के पास प्राइवेट लड़कों की बतौर मुंशी भरमार देखी जा सकती है। एक सचिव के पास कम से कम तीन लड़के काम करते देखे जा सकते है। हालत तो यह है सरकार द्वारा रखे गए ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सहायकों से भी सचिव काम ना करवा कर अपने प्राइवेट लड़कों से काम करवाते देखे जा रहे है। यही कारण है अधिकांश पंचायत भवनों पर ताला लटक रहा है जिससे ग्रामीणों को पंचायत सचिव द्वारा रखे गए इन प्राइवेट लड़कों की गणेश परिक्रमा करके उचित चढ़ावा चढ़ाने ब्लॉक मुख्यालय बने उनके कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है। मजेदार बात तो यह सेक्रेटरी साहब ब्लॉक मुख्यालय पर भी कम करा ही आते हैं, सारा काम उनके द्वारा नियुक्त प्यादो द्वारा ही किया जाता है।

**प्राइवेट कर्मियों द्वारा लगाई जाती है जांच रिपोर्ट-** सरकारी कार्यालय में आने वाले समस्त जांच, रिपोर्ट,सत्यापन, एवं शिकायतों में जांच आख्या सहित भूलेख सत्यापन रिपोर्ट हो चाहे आपदा राहत का मामला हो रिपोर्ट प्राइवेट मुंशी जी ही रिपोर्टलगाते देखे जा रहे है। यहां तक आईजीआरएस शिकायतों में मनमानी जांच आख्या इन्हीं नकली लोगों द्वारा ही लगाई जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है। यही हाल ग्राम पंचायत सचिव के मुंशीयों का है चाहे जन्म प्रमाण पत्र हो या मृत्यु प्रमाण पत्र या फिर आवास सत्यापन हो सारा काम मुंशी जी करते हैं।यहां तक मीटिंग तक अटेंड करते हैं मुंशी, अधिकारी भी सब कुछ जानने के बाद अंजान की भूमिका में अनदेखी करते रहते हैं। ग्रामीण इन्हीं को अपना साहब समझकर पूजा किया करते हैं। शायद गांव के10त्न से 20त्न लोग पंचायत सचिव व लेखपाल को पहचानते होगे।शेष लोग इन्ही प्राइवेट लोगो क़ो सचिव व लेखपाल समझते है।

**यही प्राइवेट कर्मी करते हैं सेटिंग गेटिंग और वसूली-आरोप**

तहसील हो ब्लॉक यहां पर अपने काम के लिए आने वाले लोगों को इन कमाऊ एजेंट को चढ़ावा चढाना पड़ता है। और हर काम का अलग फिक्स रेट है, जिसको अदा करने के साथ इन प्राइवेट लोगों की हां हुजूरी के बाद ही काम संभव हो पाता हैउक्त आरोप कईप्रधानो व ग्रामीणो ने नाम न छापने की शर्त पर लगाए है।

**प्राइवेट मुंशीयों का आखिर किस मद से निकलता है वेतन**

प्रत्येक लेखपाल,कानूनगो और पंचायत सचिव के पास काम कर रहे इन तथाकथित मुंशीयों का आखिर वेतन कहां से और किस मद से वेतन निकलता है अहम सवाल बना हुआ है?और इस यक्ष प्रश्न का उत्तर तहसील और ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक के किसी भी सक्षम अधिकारी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहा है।जो अवैध वसूली व भ्रष्टाचार होने की ओर इशारा करने को काफी है। जानकार सूत्र बताते हैं इन लोगों को कोई पगार नहीं मिलती है, बल्कि पैसा पैदा करने या यू कह सकते हैं कि प्रत्येक काम की रेट फिक्स कर वसूली करने की खुली छूट दी जाती है। यदि जिला अधिकारी खीरी व मुख्य विकास अधिकारी खीरी कराए जांच तो जनपद मे हजारों लोग एक ही विभाग में अनुचित तरीके से काम करते नजर आएंगे।और मुख्यमंत्री के आदेशों की अवमानना किये जाने के मामले का भी होगा खुलासा।

## डॉक्टर कौशल वर्मा फिर बने भट्ट परिवार की गरीब कन्या के लिए मसीहा, दान में दिया दहेज का सामान



स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ- खीरी। नगर के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी एक गरीब परिवार के लिए एक बार फिर सनशाइन हॉस्पिटल गोला के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा व उनकी टीम मददगार एवं मसीहा साबित हुई है।मालूम होकी पूर्वी दीक्षिताना में कृपा शंकर भट्ट का परिवार रहता है। परिवार में उनकी पत्नी गायत्री देवी पुत्र सचिन व दो पुत्रियाँ हैं। कृपा शंकर भट्ट गोला के शकील टेलर के यहां काम कर किसी प्रकार घर परिवार का जीवन यापन करते हैं। उनके तीन बच्चे हैं उनकी गरीब कन्या रोशनी देवी की शादी 20 अप्रैल को हुई है। शादी की तैयारी को लेकर परिवार बहुत ही परेशान था। माली हालत खराब होने के चलते जरूरी तैयारियों के अलावा दहेज का सामान पूरा नहीं हो पा रहा था।किसी से डॉक्टर कौशल वर्मा को इसकी जानकारी हुई तो डॉक्टर ने भट्ट परिवार को सनशाइन हॉस्पिटल पर शादी के एक दिन पहले बुलाया और दहेज का बहुत सारा सामान अलमीरा, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, एलईडी टेलीविजन, 51 बर्तन, पांच जोड़ी कपड़े, पंखा दान में दिया। वहीं कन्या रोशनी भट्ट की माता गायत्री देवी को नगद धनराशि देकर मदद पहुंचाई है। परिवार दहेज का सामान देखकर बहुत ही खुश हुआ और सभी का आभार जताया है। डॉक्टर ने कहा निःशुल्क कैम्प लगाकर जरूरत मन्दों की मदद करना,शादी में दान दहेज देना,सर्दी के दिनों में गर्म कपड़े बांटकर गरीबों को लाभ पहुचाना,प्रतिभाशाली बच्चों की मदद उनका मिशन बन गया है। ऐसे कृत्यों से उन्हें प्रसन्नता मिलती है इस मौके पर रवि अग्रवाल, सुशील पांडे, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनूप सिंह, गोपाल गुप्ता, प्रभात बाजपेयी रुद्र, सक्षम शुक्ला, प्रधान मनोज वर्मा, धीरेंद्र शुक्ला, आनंद अर्क वंशी एड, मैनेजर प्रतीक मिश्रा, अविनाश गुप्ता, सुमित वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## गैंगस्टर पति ने पलंग पर सो रही पत्नी और बेटियों पर फेंका तेजाब

● पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पति और तेजाब बेचने वाले को गिरफ्तार कर लिया

स्वतंत्र प्रभात





शाहजहांपुर। गैंगस्टर पति द्वारा पलंग पर सो रही पत्नी और बेटियों पर तेजाब फेंक कर जलने का गंभीर मामला सामने आया है. तेजाब से झुलसी पत्नी और बेटियों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है. वही पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पति और तेजाब बेचने वाले को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल घटना जनपद के निगोही थाना क्षेत्र के टिकरी गांव की है. जहां पिछले 15 वर्षों से अपने गैंगस्टर पति से अलग अपनी दो बेटियों और एक बेटे के साथ रह रही पत्नी रामगुनी 18 तारीख की रात में अपने घर के आंगन में पलंग पर सोई हुई थी. इसी दौरान गैंगस्टर पति राम गोपाल ने अपने एक साथी के साथ रात लगभग 11बजे पत्नी और बेटियों पर तेजाब उड़ेल दिया. तेजाब से पत्नी और बेटियां बुरी तरह झुलस गई. जिसमें एक बेटी और पत्नी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. जहां उनका उपचार किया जा रहा है. पत्नी रामगुनी ने बताया कि उसकी शादी जनपद हरदोई के शाहाबाद कस्बे में मोहल्ला गिगयानी के रहने वाले रामगोपाल के साथ हुई थी. रामगोपाल का चाल चलन ठीक नहीं था वह जुआ और शराब का आदी था आए दिन पुलिस घर पर आकर तंग करती थी.पति ने जुएं और शराब में अपनी सारी संपत्ति गंवा दी. जिसके चलते वह अपने बच्चों को लेकर मायके में आकर रहने लगी. पिछले 15 वर्षो से पति-पत्नी के बीच में अलगाव और रंजिश चल रही थी.यही नहीं रामगोपाल के ऊपर शाहाबाद कोतवाली में गंभीर धाराओं में लगभग पांच मुकदमे दर्ज हैं,जिनमें लूट, चोरी, छिंनैती तस्करी,आदि के मुकदमों में वह जेल जा चुका है,आरोपी रामगोपाल शाहबाद थाने का गैंगस्टर भी है। पति रामगोपाल और उसके एक सहयोगी ने मेरे और मेरी बेटियों के ऊपर जान से मारने की नीयत से तेजाब फेंक कर जला दिया है. पत्नी रामगुनी ने आरोपी पति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल बेटे आशु की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता और उसके एक साथी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है. पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपी पति और तेजाब बेचने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है मां और बेटियों की हालत खतरे से बाहर है जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है।

## पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार पर दर्ज कराई गबन की रिपोर्ट

● पाठ महा पूर्व ही अखलाक को मिली थी कोटे की दुकान कोटेदार की मां पर भी चल रहा है घोटाले का मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात




बरेली/पूर्ति विभाग ने दर्ज कराई कोटेदार के विरुद्ध गबन की रिपोर्ट ज्ञात रहे पाठ महा पूर्व ही विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत करूआ साहिबगंज के अखलाक अहमद पुत्र इसरार के नाम सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान आवंटित की गई थी पूर्ति विभाग ने सर्वप्रथम तो यही बड़ा खेल किया जब उसकी मां सहाना बेगम 3/7 के आरोप में आरोपी है जो मामला न्यायालय में विचार अधीन है तो इस परिवार के सदस्य को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का आवंटन स्वीकार क्यों किया गया। इधर पूर्ति निरीक्षक सुनील भटनागर ने पुलिस को दी तहरीर में कोटेदार अखलाक अहमद पर सरकारी गले के गबन करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें 15 अप्रैल 25 को शाम 5:30 बजे उसकी दुकान को सील कर दिया गया और 16 अप्रैल 25 को नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह के समक्ष सील तोड़कर निरीक्षण किया गया तो उसमें सरकारी गल्ला के गवन होना दर्शाया गया है। परंतु पूर्ति निरीक्षक द्वारा तहरीर में एसडीम नवाबगंज को दुकान का निरीक्षण करने का आदेश 14 अप्रैल 25 को नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह को मजिस्ट्रेट नामित किया जाना दर्शाया गया है जो एक भ्रामक स्थिति लग रही है।

**मिड डे मील गबन के आप में कोटेदार की मां पर मामला विचार अधीन है।**

कोटेदार की मां सहाना बेगम वर्ष 2005 में करुआ साहिबगंज ग्राम प्रधान चुनी गई थी. इसी इसी दौरान 2 सितंबर 10 को नवाबगंज थाने पर इनके विरूद्ध मिड डे मील का गल्ला बेचने के आरोप में साथ ही रहीस अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी मोहल्ला कहां रन के विरुद्ध नायब तहसील राजेश कुमार मिश्रा उपनिरीक्षक विपिन कुमार त्यागी ने बेचा हुआ 30 बोरी चावल बरामद किया था इस मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान सहाना बेगम एवं खरीदार रहीस अहमद दोनों के विरुद्ध 2 नवंबर 10 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। परंतु पूर्ति विभाग ने उसी के पुत्र अखलाक अहमद को वर्ष 24 में कोटे की दुकान कर दी गई कोटेदार की मां के विरुद्ध भी रिपोर्ट एस पी शाक्य क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक द्वारा दर्ज कराई गई थी पूर्ति विभाग में चल रही इस अंधेर नगरी चौपट राज्य पर किसी का भी ध्यान आकर्षित नहीं होता है।

## थाना कटरा पुलिस ने 800 ग्राम अफीम के साथ 5 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी व रोकथाम मादक पदार्थ अवैध शराब शव, बिक्री निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना कटरा को बडी सफलता प्राप्त हुई। थाना कटरा की टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी में भ्रमणशील थी तभी मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 21.31 बजे ग्राम खण्डसार नहर पुलिया के पास 5 नफर अभियुक्तगण अनिल पुत्र विजय वीर सिंह निवासी ग्राम परिउन्नाह थाना गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहाँपुर को 170 ग्राम अफीम , अस्सान पुत्र असलम निवासी ग्राम काकड चोहिटया थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को 150 ग्राम अफीम , राकेश उर्फ नन्हे पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम दौरा थाना गढिया रंगीन जनपद शाहजहाँपुर को 170 ग्राम अफीम , धर्मेन्द्र पुत्र स्वः हेमराज निवासी ग्राम सिमरा थाना गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहाँपुर को 140 ग्राम अफीम , हेमराज पुत्र ज्ञानवीर निवासी ग्राम सिमरा थाना गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहाँपुर को 170 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर मु0अ0सं0 190/2025 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय पेशी हेतु खाना किया गया।

## तहसील प्रशासन की मिली भगत से रास्ते के नाम दर्ज जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा

● तहसीलदार मितौली और लेखपाल पर फर्जी जांच रिपोर्ट लगा शासन प्रशासन को गुमराह करने के आरोप

शिकायतकर्ता को जेल भिजवा देने व उच्च न्यायालय में योजित याचिका में गलत रिपोर्ट लगा देने की धमकी दिए जाने का मामला बना चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात





लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश सरकार के उपयोगी मुख्यमंत्री की लाख सख्त फरमानों और कोशिशो के बाद भी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा एवं उन पर अवैध पक्के निर्माण कर लिए जाने के मामले रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ऐसा नहीं की अवैध कब्जों की जानकारी तहसील प्रशासन एवं उनके जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं है, सभी सब कुछ जानने के बाद भी मौन साधे बैठे रहते हैं। पता नहीं ऐसी क्या मजबूरी है कि मामले की शिकायतों पर शिकायतें होने के बाद भी दबंगो का पक्का निर्माण कार्य जारी रहता है और लेखपाल से लेकर तहसीलदार व एसडीएम मितौली इस सरकारी जमीन पर हो रहे पक्के निर्माण को रोकने में नाकाम नज़र आ रहे है।और अब अवैध निर्माण का धवस्तीकरण कराने से बचते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला तहसील मितौली के अंतर्गत ग्राम भूलनपुर में प्रकाश में आया है। जहां पर गांव के ही कुछ दबंग अल्पसंख्यक लोगों द्वारा राजस्व विभागों में रोड व रास्ते के नाम दर्ज कागजात जमीन गाटा संख्या 1465 व 1897 पर अपनी दुकानें बनाकर खड़ी कर दी और मकान भी बना रखा है। यह सब खेल न तो क्षेत्रीय लेखपाल को दिखाई दिया और ना ही कथित ईमानदार तहसीलदार मितौली को ही दिखाई पड़ रहा है।उक्त मामले की शिकायतकर्ता राम लखन पुत्र अशर्फीलाल निवासी ग्राम खेरवा मजरा बसारा में दर्जनों शिकायतें शासन प्रशासन से की,लेकिन सेटिंग गेटिंग के चलते आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।प्रत्येक शिकायत में फर्जी,भ्रामक आख्या लगाकर अवैध कब्जेदारो को बचाया जाता रहा है।उक्त आरोप शिकायत करता राम लखन ने लगाते हुए पुनः संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मितौली में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिनांक 19/4/ 25 को संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता राम लखन ने तहसीलदार मितौली और लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राम लखन का आरोप है आराजी ग्राम भूलनपुर में रहने वाले दबंग हेकड़ किस्म जमीरउद्दीन पुत्र मकसूद अली ने सरकारी रास्ते व रोड के नाम दर्ज जमीन गाटा संख्या 1465 व 1897 पर अवैध तरीके से मकान व दुकान बनवा लिया है। जिसकी उसके द्वारा डीएम से सीएम तक दर्जनों शिकायतें की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद कई प्रार्थना पत्र तहसील दिवस में दिए गए जिनमें लेखपाल व तहसीलदार द्वारा विपक्षी गणो से मोटी रकम वसूल कर भ्रामक व गलत आख्या लगा शासन प्रशासन को गुमराह कर दिया गया।थक हार कर उसने उच्च न्यायालय की शरण ली है।

**कहां-कहां और कब-कब की शिकायते**

शिकायतकर्ता राम लखन द्वारा दी गई शिकायतों की एक बानगी पर नजर डालें तो दिनांक 05/04/25 को संपूर्ण समाधान दिवस मितौली दिनांक 23/ 03 /25 जिला अधिकारी खीरी दिनांक 23/03/25 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ दिनांक 22/ 03 /25 समाधान दिवस प्रभारी संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मितौली दिनांक 19/04/25 संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मितौली में शिकायत करने के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ में याचिका योजित कर अवैध निर्माण हटवाए जाने की मांग की है। जिसमें दिनांक 22/0 4/25 सुनवाई तिथि नियत बताई जाती है।

**योजित याचिका से नाराज तहसीलदार ने शिकायतकर्ता को दी जेल भिजवाने की धमकी- रामलखन**

शिकायतकर्ता राम लखन पुत्र अशर्फी लाल का आरोप है कि जब उसने तहसीलदार मितौली से कार्यवाही किए जाने व गलत रिपोर्ट लगाई जाने की बात कही तो दबंग तहसीलदार ने कहा जो करना है कर लो।अब दोबारा शिकायत की तो तुम्हारी हाईकोर्ट में जो याचिका है उसमें भी गलत रिपोर्ट लगा दूंगा और मुकदमा लिखवा कर तुमको जेल भिजवा दूंगा। पीड़ित पक्ष ने तहसीलदार और लेखपाल से अपनी व अपने परिवार को खतरा होने के भी आरोप लगाए हैं। उसने यह भी कहा है यदि उसके साथ कोई घटना घटित होती है तो उसका संपूर्ण उत्तरदायित्व तहसील प्रशासन मितौली का ही होगा।

**वर्जन- क्या कहते है तहशीलदार मितौली**

उपरोक्त मामले पर जब तहसीलदार मितौली से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया शिकायतकर्ता द्वारा निराधार आरोप लगाये जा रहे हैं। मैंने अभी जल्दी ही ज्वाइन किया है अवैध कब्जे के मामले को दिखवा लिया जाएगा और कार्यवाही की जाएगी।

## एक बार फिर डायना और सुलोचना हथिनियों के भरोसे वनविभाग ने शुरू की बाघिन की खोज

● दुधवा नेशनल पार्क की प्रशिक्षित मादा हथिनियाँ इमलिया पहुचीं।

स्वतंत्र प्रभात



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। वन प्रभाग के महेशपुर वनरेंज क्षेत्र के करीब दर्जन भर गांवों अजान,इमलिया, घरथनिया, मूडा अस्सी, मूड़ा जवाहर सहित तमाम गाँवो में बाघिन की दहशत लगातार बनी हुई है। बाघिन को पकड़ने के लिए एक बार फिर दुधवा नेशनल पार्क से डायना और सुलोचना नामक प्रशिक्षित दो हथिनियों को एकबार फिर लाया गया है। शनिवार देर रात सुलोचना और डायना ट्रक से इमलिया गांव पहुंची जहां बाघिन को बेहोश करने के लिए चिकित्सको ने हाथियों पर बैठकर कांबिंग करना शुरू किया। वहीं बाघिन ट्रंकुलाइज टीम से कहीं ज्यादा होशियार रही। वन विभाग के तमाम प्रयासों को चकमा देते हुए एक साल बीत जाने के बाद भी बाघिन पकड़ से अब भी बाहर है। हाथियों के साथ अलग अलग तीन टीमों को गठित किया गया है। जिसमें कुल 30 लोग शामिल है। जो पूरी मुस्तैदी के साथ बाघिन को पकड़ने के लिए जुटे हुए हैं। जैसे ही कहीं से बाघिन के मूवमेंट की सूचना मिलती है. यह टीम उसे ट्रैप करने के लिए मौके पर पहुंच जाती है लेकिन अभी सफलता हाथ नहीं लगी है। मालूम हो कि पिछले एक साल से घरथनिया ,इमलिया गांव के बाहर सरायन नदी के किनारे वन विभाग के द्वारा लगाये गये सीसीटीवी कैमरे में बाघिन देखी जा रही है लेकिन वन विभाग आज तक इस बाघिन को पकड़ नहीं सकी जिसके चलते क्षेत्र के किसानों में भय का माहौल बना हुआ है। पिछले साल 26 अगस्त को अमरेश? कुमार निवासी इमलिया व ठीक 15 दिन बाद 11 सितम्बर को मूडा अस्सी मे गन्ना बाध रहे जाकिर अली को बाघ ने अपना निबाला बना लिया था। लगातार सुबह 6 बजे से आठ बजे तक और शाम को 4 बजे से 6 बजे तक हाथिनियों की मदद से कांबिंग की जा रही है। वन कर्मियों का कहना है दो दिन से बाघिन की कोई लोकेशन नहीं मिल रही है। प्रयास किया जारहा है, जल्द ही बाघिन को पकड़ा जायेगा।

## पायरिला व चोटी वेधक कीट नियंत्रण के संबंध में चीनी मिल अधिकारियों ने दी जानकारी



गोला गोकर्णनाथ- खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड गोला मिल परिक्षेत्र बांकेगंज के ग्राम महोलिया में बृहद किसान गोष्ठी का आयोजन डा पतिराखन की अध्यक्षता में की गई गोष्ठी में वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी एस चतुर्वेदी एंव चीनी मिल के अन्य अधिकारियों सहित सैकड़ों कृषकों ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक ने बताया कि अधिकतर किसानों द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई कर ली गई है, गेहूं कटाई के उपरांत भी गन्ना बुवाई कर सकते हैं अभी भी गन्ना बीज उपलब्ध है यदि किसी किसान भाई को बीज लेना है तो मिल अधिकारियों से संपर्क कर बीज ले सकते हैं। को0-15023, 98014 तथा 0118 की बुआई करने की सलाह दी गई। गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु फसल में संतुलित खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग करें तथा टॉप बोरर कीट के नियंत्रण हेतु गन्ना फसल में कोराजन की ड्रेन्चिंग करें। साथ ही साथ जिन किसानों द्वारा अभी गन्ना बुवाई की जानी है वह अस्वीकृत / अनामित / रोग ग्रस्त/ प्रजातियां जैसे-CoH-119, Co-5011, CopK-5191, Cos-08272, Cos -91269 आदि की बुबाई कदापि न करें उनके स्थान पर ट्रेंच विधि द्वारा भूमि शोधन एवं बीज शोधन कर उपरोक्त उन्नतशील प्रजातियों की ही बुबाई करें एवं पेड़ी प्रबंधन इत्यादि के विषय मे विस्तार पूर्वक महत्वपूर्ण जानकारियां चीनी मिल के ओ डी शर्मा सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि गन्ना फसल की देखभाल अच्छी प्रकार से करें, गन्ना फसल में पायरिला कीट का प्रकोप पाया जा रहा है यदि इसका परजीवी भी साथ में है तो किसी कीटनाशक दवाई का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है खेत में सिंचाई करें जिससे परजीवी की संख्या बढ़ाकर नियंत्रण किया जा सकता है यदि परजीवी साथ नहीं है तो कीटनाशक क्लोरोपायरीफॉस 20 ई सी की 750 मिली मात्रा 450 लीटर पानी में घोलकर नमी की दशा में प्रति एकड़ की दर से पर्णीय छिड़काव करें चोटी वेधक कीट के बचाव हेतु पेड़ी एवं शरद कालीन गन्ने में तत्काल कोराजन की 150 एम एल मात्रा प्रति एकड़ 450 लीटर पानी में घोलकर ड्रेन्चिंग करें तथा इसके बाद पौधे गन्ने में भी ड्रेन्चिंग करायें। मंच संचालन ओ डी शर्मा द्वारा किया गया एवं गोष्ठी अध्यक्ष द्वारा अपने विचार व्यक्त कर गोष्ठी का समापन किया गया। गोष्ठी में चीनी मिल के वरिष्ठ प्रबन्धक गन्ना संजीव सिरोही, वरिष्ठ अधिकारी गन्ना सतनाम सिंह के साथ मिल व समिति सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से 01 नफर अभियुक्त बदामा देवी पत्नी स्व0 विजयी निवासिनी शिष्टाखूर्द थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### 35 पाऊच अवैध देशी शराब के साथ 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को थाना सन्तनगर पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना सन्तनगर क्षेत्र से 02 नफर अभियुक्त/अभियुक्ता 1. राजकुमारी पत्नी स्व0 शिवशंकर निवासिनी बनकी गोपालपुर थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर, 2. भुअर लाल पुत्र गुलाब राम निवासी कुहकी थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से क्रमशः 20 पाऊच व 15 पाऊच (कुल 35 पाऊच) अवैध देशी शराब बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सन्तनगर पर सभी अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता



**काउंसिलिंग के माध्यम से 15 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया**

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। आज दिनांक 20.04.2025 को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 15 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, महिला निरीक्षक शशि तिवारी, महिला उप निरीक्षक उषा सिंह, महिला आरक्षी सावित्री यादव व सपना, ओ0पी0सुनीता सहित सदस्यगण कृष्णा सिंह, डा0 सुरेश चन्द्र जायसवाल व निर्मला राय मौजूद रहीं।

### तमंचा के साथ युवक पकड़ा

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद पुलिस ने आपरेशन प्रहार के तहत एक आरोपी को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक डीके सिसौदिया के अनुसार अधिकारियों द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की दोपहर समय करीब डेढ़ बजे अकराबाद से गांव जिरौली हीरा सिंह जाने वाले रास्ते पर चामड माता मंदिर के पास पुलिस ने गस्त के दौरान एक आरोपी को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सीताराम पुत्र महावीर निवासी ईशेपुर थाना सिकंद्राराऊ जिला हाथरस बताया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है।

# नगरीय निकायों में अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स, बैनर, विज्ञापन बोर्ड को हटाया गया-जिलाधिकारी

**● निकायों में निर्धारित शुल्क जमा कर व अनुमति लेकर निर्धारित स्थलों पर ही लगाए जाएं होडिंग, विज्ञापन बोर्ड**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही –** मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व जिलाधिकारी विशाल सिंह के निर्देश के क्रम में जनपद के सातों नगरीय निकायों में अधिशासी अधिकारी द्वारा अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स, बैनर ,विज्ञापन बोर्ड आदि को हटाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इसके अलावा मोड़, फुटपाथ और डिवाइडर पर लगे साइनेज को भी हटाये जाय। तेज हवा, आंधी, तूफान में होर्डिंग व विज्ञापन बोर्ड आदि के गिरने से जान माल की सुरक्षा व अतिक्रमण मुक्त के दृष्टिगत भी उन्हें हटाया जा रहा है। संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में निर्धारित शुल्क व अनुमति लेने के बाद ही निर्धारित स्थलों पर ही होर्डिंग, बैनर ,विज्ञापन बोर्ड लगाया लगाया जाए। इसी तरह गुमटियां, अवैध अतिक्रमण, सड़कों और फुटपाथों पर लगी दुकानें भी हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई हैं। जो भी व्यक्ति, दुकानें, फर्म बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग, बैनर, विज्ञापन बोर्ड लगाए हैं उन्हें स्वयं तत्काल हटा लें, अन्यथा नगरीय निकाय टीम द्वारा लगी प्रचार सामग्री जब्त करते हुई बिना अनुमति लगाने पर जुर्माना भी वसूल करेगी।

### अवैध चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उप निरीक्षक रामबदन यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से अभियुक्त अशोक पुत्र फेकू निवासी बेदौली थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# आजाद स्पोर्ट्स क्लब की जीत में रामविशाल की घातक गेंदबाजी

स्वतंत्र प्रभात

**सुरियावां-** क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में आजाद स्पोर्ट्स एकेडमी मेढ़ी की टीम ने रामविशाल यादव की धारदार गेंदबाजी की बदौलत ज्ञानपुर क्रिकेट एकेडमी को 49 रनो से हरा दिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने निर्धारित 30 ओवर के मैच में 6 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए जिसमें संदीप कुमार ने 60 रन, कुनाल सिंह ने 47 रन, राम विशाल ने 21 रन बनाए इसके अलावा अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए।और ज्ञानपुर की तरफ से हरिओम और दिव्यांश ने दो-दो विकेट तथा अंजनी पाल को एक सफलता मिली। जवाब में उतरी ज्ञानपुर की टीम 26.2 ओवर में सभी विकेट खोखर 129 रन ही बना सके इस तरह से ज्ञानपुर की टीम 49 रनों से हार गई। ज्ञानपुर की तरफ से बल्लेबाजी में रुद्रेश ने 50 रन, आशीष 23 रन व आर्यदीप ने 13 रनों का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में राम विशाल यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में 22 रन देखकर 6 विकेट लिए इसके अलावा आदित्य यादव दो विकेट आशीष यादव व मिथिलेश कुमार ने एक-एक विकेट लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राम विशाल को चुना गया जिन्होंने 6 विकेट तथा 21 रन बनाए।

### रामलीला मैदान में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**चुनार, मिर्जापुर।** रामलीला मैदान पर शनिवार को देर शाम भक्तों द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अमित गुप्ता ने बताया कि श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रत्येक शनिवार को होगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सनातन से जोड़ना है और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने को कहा। इस दौरान लक्ष्मी शंकर पांडे चंद्रहास गुप्ता, अखिलेश मिश्रा बच्ची, कौशलेश गुप्ता, महेंद्र साहू, विजय गुप्ता मनोज केशरी, सुनील पेंटर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 02 आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** थाना हलिया जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 18.04.2025 को वादिनी इन्द्रकली पत्नी रमाशंकर निवासिनी बंजारीखूर्द गौरवा थाना हलिया जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध दहेज की मांग पूरी न करने पर वादिनी की पुत्री को जान से मारकर फांसी पर लटका देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना हलिया पर मु0अ0सं0-70/2025 धारा 80,85 बीएनएस 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷सोमेन बर्मा÷ द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में प्रभारी थाना प्रभारी हलिया को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना हलिया पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में रविवार को उप-निरीक्षक कन्हैया राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना हलिया क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नामजद 02 नफर अभियुक्त/अभियुक्ता 1. सविता देवी पत्नी स्व0 बन्धुलाल निवासी कुशियरा थाना हलिया जनपद मीरजापुर व 2. कमलेश पुत्र स्व0 बन्धुलाल निवासी कुशियरा थाना हलिया जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# अंत्येष्टि स्थल में घटिया सामग्री का किया जा रहा है इस्तेमाल

**●अंत्येष्टि स्थल पर जाने के लिए नहीं है रास्ता पूर्व में भी एक अंत्येष्टि स्थल बनाया गया है जिसमें आज तक जाने के लिए नहीं मिला रास्ता**

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत गलरिया में बन रहे अंत्येष्टि स्थल में घटिया सामग्री व मानक के विपरीत बनाया जा रहा है अंत्येष्टि स्थल अंत्येष्टि स्थल पर जाने के लिए ना तो रास्ता है तीन नंबर का ईट व भस्सी से किया जा रहा है अंत्येष्टि स्थल के बाउंड्री वॉल का काम ग्रामीणों के मुताबिक सही जगह पर नहीं बन रहा है अंत्येष्टि स्थल जहां शव का दाह संस्कार सही से हो सके बरसात में जाने के लिए नहीं मिलेगा कहीं से अंत्येष्टि स्थल पर रास्ता जिस जिस जगह पर बना है अत्यष्टि स्थल कहीं पर अंत्येष्टि स्थल का नहीं हो रहा उपयोग सिर्फ सरकार से पैसा लेकर अधिकारी व जनप्रतिनिधि कागज पर कोरम पूरा करके निकालते हैं अपना काम अंत्येष्टि स्थल का उपयोग हो या ना हो सिर्फ अंत्येष्टि स्थल के नाम से धन में किया जाता है बंदर बाट ग्रामीणों ने बताया कि हलिया विकासखंड के लगभग ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल बनाया गया है और एक भी अंत्येष्टि स्थल उपयोग में नहीं है सिर्फ ग्राम प्रधान अपना उल्लू सीधा करने के लिए कहीं विवादित जगह पर अंत्येष्टि स्थल बनवाकर अपना कोरम पूरा कर लेते हैं घटिया सामग्री से काम करते हैं जो बाद में ध्वस्त हो जाता है कहीं-कहीं अंत्येष्टि स्थल इसी पंचवर्षीय का टूटा हुआ पड़ा है कहीं पर एकदम ध्वस्त हो गया है एक भी अंत्येष्टि स्थल उपयोग में नहीं है।

# श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में तृतीय दिवस नरसिंह अवतार पर प्रवचन

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** वाराणसी षष्ठपीठ श्री गोपाल मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से व्यासपीठ पर विराजे श्री सतीश कुमार शर्मा (ग्वालियर) द्वारा आज नरसिंह अवतार पर अपना बहुत ही सुंदर वचनामृत किया। सर्व प्रथम षष्ठपीठ युवराज गो? श्री प्रियेन्दु बावा व मनोरथी परिवार श्री शेखर रस्तोगी (सपरिवार) श्री भागवत पोथी जी की पूजा, अर्चना,भोग कर कथा का शुभारम्भ किया। आपने आज श्री नरसिंह अवतार में प्रभु की लीला पर कहा कि प्रभु को नरसिंह अवतार क्यों प्राकट्य करना पड़ा उसका सुंदर भाव प्रस्तुत किया। आपने कहा कि श्री ब्रह्मा जी अंग से दस ऋर्षि प्रगट हुये जिनमें 9 गृहस्त में व 10 वें श्री नारद जी हुये। श्री नरसिंह भगवान व हिरणकश्यप को चरित्र पर आपने कहा कि हिरणाकश्यप को आर्शीवाद प्राप्त था कि उसकी मृत्यु न दिन में, न सायंकाल में, न रात्रि में, न न जल में, न वायु में, न नभ में मृत्यु नही होगी। तब श्री नरसिंह भगवान ने देहरी पर वध किया। उस समय न रात थी न दिन व सायंकाल नहीं थी इस तरह से प्रभु ने अपने वचन को व समय की मर्यादा रखी।श्री मद्भागवत कथा का दृढता से श्रवण करने मात्र से प्रभु की कृपा बनी रहती है।भक्त सिरोमणी प्रह्लाद जी के चरित्र मार्मिक विवेचन करते हुए श्री शास्त्री जी ने कहा कि बाल्यावस्था से ही बच्चों को संस्कारित करने की शिक्षा भागवत से मिलती है। विपरित परिस्थितियों में होते हुये भी भक्त प्रह्लाद ने यह सिद्ध कर दिया कि भगवान भक्त के बस में होते हैं। जब भगवान नरसिंह ने भक्त प्रह्लाद से कहा कि वरदान मांगो की तुम्हें क्या चाहिए। तो उसने बड़ा ही सुन्दर जवाब दिया कि भक्ति में कोई व्यापार नही होता। क्योंकि भक्त का भाव है भगवान की कृपा और उनके चरर्णारबिन्द की निश्स्वार्थ भक्ति ही चाहता है। जब लक्ष्मी जी, शंकर जी ब्रह्मा जी, नारद जी आदि देवगण भगवान के इस विकराल रूप को देखकर डर रहे थे। तब ब्रह्मा जी ने भक्त प्रह्लाद को भगवान के सम्मुख भेजा। भगवान ने उसे गोद में उठा लिया और पूछा हमारे इस स्वरूप को देखकर तुम डरे नही। तो उसे कहा कि हम आपके चरर्णारबिन्द को देख रहे थे। यह चरर्णारबिन्द अभय देने वाला है। इस प्रसंग से समाज को यही शिक्षा मिलती है कि अपने बच्चों को बाल्यावस्था से ही सुसंस्कारित शिक्षित करते हुये गीता भावगत और रामायण का ज्ञान देने का प्रयास करे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अतुल शाह, अरूण पारिख, प्रदीप अग्रवाल, गणेश दास, व मनोरथी परिवार सभी आयें वैष्णवों का स्वागत किया।

### संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र के कस्बा पिलखना में रविवार को एक विवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला की मौत को लेकर मायके पक्ष के लोग हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतका महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना पुलिस ने बताया है कि पिलखना निवासी नईम पुत्र शमीम खान ने बताया है कि उसकी 25 वर्षीय पत्नी नगमा बेगम काफी समय से बीमार चल रही थी। जिसके चलते रविवार की सुबह उसे खूब की उल्टियां हुई और उसकी मौत हो गई। वहीं मृतका नगमा के मायके वालों का आरोप है कि उनकी पुत्री की हत्या की गई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों की बात सुनकर फोरेंसिक टीम से मौके की जांच कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिससे कि महिला की मौत का सही कारण स्पष्ट हो सके।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा महजुदा एवं दुर्गागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही/** सुरियावा दिनांक 20.04.2025 पूर्वान्ह 10.40 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र, महजूदा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आया है कि डा0 श्रुर्ति कृर्ती डेन्टल सर्जन एवं डा0 सुभाष बिन्द आयुष चिकित्साधिकारी की ड्यूटी स्वास्थ्य मेला में लगायी गयी है वे रविवार को आयोजित स्वास्थ्य मेला में ड्यूटी सम्पादित नहीं करते है, अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त चिकित्साधिकारियों का कार्य में लापरवाही मानते हुये माह अप्रैल, 2025 का 07 दिवस का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किया गया उसी दौरन विनय कुमार, वार्ड ब्वाय, प्रा0स्वा0केन्द्र, महजूदा पर अनुपस्थित पाये गये जिनका माह अप्रैल 2025 का 07 दिवस का वेतन अग्रिम बाधित आदेशों तक बाधित किया गया प्रसव कक्ष में बिजली कि वायरिंग एवं मेंन बाक्स खुले हुये पाये गये जिसे तत्काल सही कराने के निर्देश दिये गये। प्रा0स्वा0केन्द्र, दुर्गागंज- आज दिनांक 20.04.2025 पूर्वान्ह् 11.35 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र, दुर्गागंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी कार्मिक उपास्थित पाये गये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि बिजली के बोर्ड एवं वायरिग को जल्द से जल्द सही करा लिया जाये।

# गर्दन का सुंदर और सुडौल बनाती है ग्रीवा शक्ति विकासक योग क्रिया- रमेश

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि वर्तमान में ग्रीवा अर्थात गर्दन की समस्या प्रत्येक उम्र के लगभग व्यक्ति को परेशान कर रही है। गर्दन झुकाकर लगातार लंबे समय तक मोबाइल व कंप्यूटर का प्रयोग करना, पढ़ाई करना, ऊंची तकिया का प्रयोग, विकृत स्थिति में लेटना और लेट कर पढ़ने से गर्दन सम्बन्धी कई बीमारियां हो जाती है। ऐसी स्थिति में ग्रीवा शक्ति विकासक क्रिया योग इन बीमारियां का रामबाण उपाय है। बताया कि इस योग को करने से गर्दन दर्द, सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस, सर्वाइकल डिजनरेटिव, सर्वाइकल स्पाइनल स्टेनोसिस, ऑस्टियो अर्थराइटिस, गर्दन जकड़न, ऐंठन, परुमेटीइड गठिया, मेनिन्जाइटिस टॉर्टिकॉलिस (टेढ़ी गर्दन), सिर और गर्दन का कैंसर, गर्दन में सूजे हुए लिम्फ नोड्स (सरवाइकल लिम्फैडेनोपैथी) जैसी तमाम समस्याओं से राहत मिलती है तथा गर्दन निरोग, मजबूत, सुंदर, सुडौल और आकर्षक हो जाती है। साथ ही टॉन्सिल, कंठमाला, गलगंड बिना आपरेशन के ठीक हो जाते हैं तथा कंठ का स्वर मधुर और सुरीला हो जाता है। इस योग क्रिया से हकलाना और तुतलाना जैसी समस्याएं शीघ्र ठीक हो जाती हैं। यह योग क्रिया संगीत का अभ्यास करने वालों के लिए परम उपयोगी है। बताया कि ग्रीवा और कंठ संबंधी समस्त समस्याओं से निपटने के लिए ग्रीवा शक्ति विकासक क्रिया को प्रति दिन करना होता है। ग्रीवा शक्ति विकासक क्रिया के तीन भाग हैं। इसे करने के लिए खड़े होकर या खड़े होने में परेशानी है तो ब्रजासन, सुखासन या पद्मासन में बैठ कर इसके प्रथम भाग (क) में गर्दन की ट्विस्टिंग अर्थात श्वास छोड़ते हुए गर्दन मोड़ते हुए दृष्टि बाएं कंधे की दिशा में ले जाते हैं। इसके बाद श्वास भरते हुए सामने, श्वास छोड़ते हुए दाएं कंधे की दिशा में ले जाते हैं और श्वास भरते हुए सामने लाते हैं। इस पहले भाग की क्रिया को 5 से 10 बार दोहराते हैं। प्रथम भाग (ख) (बैंडिंग) में श्वास भरते हुए सिर को उठाते हुए अधिकतम पीछे ले जाते हैं और श्वास छोड़ते हुए आगे लाकर ठुड्डी को कंठ कूप से स्पर्श कराते हैं। इसे भी 5 से 10 बार तक दोहराते हैं। दूसरे भाग (रोटेशन) में ठुड्डी को कंठकूप से लगाकर श्वास भरते हुए बाई ओर से बायां कान बाएं कंधे की तरफ से वृत्ताकार पीछे से होते हुए दाएं कान को दाएं कंधे की तरफसे दाई ओर लाकर श्वास छोड़ते हैं। इसी तरह से दाई ओर से करते हैं, दोनों तरफसे पांच-पांच बार दोहराते हैं। तीसरे भाग में तीव्र श्वास और प्रश्वास के द्वारा गर्दन की मांसपेशियों का संकुचन और प्रसारण कराते हैं। इससे गर्दन की मांसपेशियों में मजबूती और रक्त प्रवाह अच्छा होने लगता है। इस भाग को भी पांच से 10 बार करके शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हैं। सावधानी के लिए सर्वाइकल दर्द में गर्दन को आगे नहीं झुकाते हैं, शेष सभी योग करते हैं तथा सोने के लिए लेटते में 1 इंच से अधिक मोटी तकिया नहीं लगाते हैं।

# सपा, भाजपा और कांग्रेस की नीयत में है खोट- शिवबाबू

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के तहत चलाई जा रही श्रृंखला के तहत रविवार को बहुजन समाज पार्टी ने चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पतौंड़ा गांव में गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें समाज के कमजोर एवं गरीब तबके को एकजुट रहते हुए बसपा को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिव बाबू वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी अपने अनवरत प्रयासों से यहां की जातिवादी व्यवस्था को खत्म करके समतामूलक समाज अर्थात सर्व समाज में भाईचारा बनाने के अपने मिशन में काफी हद तक सफल रही है। हालांकि सपा अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए समता मूलक मिशन को बिगड़ने में हर प्रकार से लगी हुई है। जिससे लोगों को सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कौंग्रेस, बीजेपी की तरह सपा भी बहुजनों से खासकर दलितों को इनका संवैधानिक हक न देकर इनकी गरीबी, जातिवादी शोषण, अन्याय, अत्याचार आदि खत्म करने की इच्छा शक्ति नहीं रखती है। सपा द्वारा पूर्व में भी बीएसपी से विश्वास घात किया जा चुका है। सपा नेताओं द्वारा बसपा मुखिया एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर दो जून को जानलेवा हमला किया गया था। सपा नेताओं ने प्रमोशन में आरक्षण का बिल संसद मे फाड़ा था। इसके अलावा बहुजन संतों और महापुरुषों के सम्मान में बनाए गए नए जिलों, पार्कों, शिक्षण संस्थाओं का नाम पूर्ववर्ती सपा सरकार में ही बदले गए थे। ऐसे घोर जातिवादी कृत्यों को माफकरना असंभव है। उन्होंने कहा कि सपा, भाजपा व कौंग्रेस की नीति और नियत में खोट है। इसके चलते यह पार्टियां बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती हैं, किंतु उनके वोटो के स्वार्थ के लिए लगातार छलावा करती रहेंगी। जबकि बीएसपी बहुजन समाज को शासक वर्ग बनाने के लिए समर्पित व संघर्षरत है। इस मौके पर बांदा के मंडल प्रभारी बलदेव प्रसाद वर्मा, सोनपाल वर्मा, रावेंद्र, बृजमोहन वर्मा, शिवकरण दिनकर, राज बहादुर वर्मा, चैतूराम, लोटन वर्मा, शिव अवतार वर्मा, सियाराम, छेदीलाल, नत्थू, मुन्ना, रामगोपाल, उदय यादव, तेजराम सविता, देवीदीन, रमेश यादव, अलखराम, रावेन्द्र बौद्ध, राम सुहावन, राजेश यादव, प्रभंजन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# धर्म की रक्षा के लिए भगवात लेते है अवतार- रोहितानंद

स्वतंत्र प्रभात

**राजापुर, चित्रकूट-** नगर पंचायत राजापुर के वार्ड नंबर 14 मानस नगर में चल रही श्रीमद्भागवत भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथावाचक आचार्य रोहितानंद महराज व आचार्य दीपक तिवारी ने भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र व अजामिल गाडिका के मोक्ष की कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से बड़े-बड़े पपिया को मोक्ष मिलता है। कथा के दौरान कथा वाचक ने बताया कि हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधू जब गर्भवती थी, तो विचलित होकर घर से जंगल की तरफजा रही थी। जिन्हें परमात्मा की प्रेरणा से ऋषि नारद अपने आश्रम ले गए, जहां भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ। यहां नारद ऋषि के सत्संग से बालक प्रहलाद विष्णु भक्त बनकर अमर हो गया। कहा कि भक्ति एक ऐसा मार्ग है, जो मानव जीवन की हर कठिनाइयों को दूर कर देती है। भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान श्रीहरि ने नरसिंह रूप धारण किया तथा भक्त प्रहलाद की रक्षा करते हुए अहंकारी पिता हिरण्यकश्यप का वध कर मोक्ष दिलाया। बताया कि कथा में सत्संग के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण, मातारानी राधिका के नामों को सुनकर अपने मनमानस में



बैठाकर उनके चित्त स्वरूप का ध्यान करें तो निश्चित ही भगवान के दर्शन प्राप्त होते हैं। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान वैराग्य को जागृत करने का एक बहुत बड़ा साधन है। श्रीमद्भागवत कथा एक कल्पवृक्ष के समान है, इस कथा के श्रवण मात्र से प्राणी के सम्पूर्ण पापों का नाश होता है तथा मोक्ष प्राप्त होता है। बताया कि चारों युगों में कर्म को ही प्रधान माना गया है और भगवान श्री कृष्ण ने गीता में अर्जुन को कर्म का ही उपदेश दिया था। इस मौके पर यजमान रामप्यारी पत्नी रामनरेश द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, शिव नरेश द्विवेदी, चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, कमलेश पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, चुन्ना मिश्रा, भरत लाल पांडेय, गुड्डू शुक्ला, सालिगराम द्विवेदी, राजू पांडेय, लल्ली द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, गया यादव आदि मौजूद रहे।

# दो किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना बरला पुलिस टीम ने अवैध नशीले पदार्थ गाँजा सहित शातिर तस्कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है। जनपद में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री की रोकथाम एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बरला पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर प्रवेन्द्र पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम सुनहरा थाना बरला को मय अवैध नशीला पदार्थ दो किलो सौ ग्राम गांजा सहित दतावली रोड से गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर गांजा तस्कर के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे के विरोध में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब की हुई आपात बैठक

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब आज एसपी से भेंट कर निष्पक्ष जांच एवम् न्याय की करेगा मांग**




**कौशाम्बी।** जनपद में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब की एक आपातकालीन बैठक शनिवार को मंझनपुर कार्यालय पर आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के अध्यक्ष अली मुक्तेदा ने की तथा संचालन संरक्षक ओमनिस द्वारा किया गया बैठक में सभी सदस्य एकमत से इस बात पर पहुंचे कि पत्रकारों पर दर्ज किया गया मुकदमा पूर्णतः निराधार एवं दुर्भावनापूर्ण है। यह मुकदमा भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष के पति द्वारा, अपने राजनीतिक प्रभाव और पद का दुरुपयोग करते हुए, पत्रकारों की स्वतंत्रता को कुचलने के उद्देश्य से दर्ज कराया गया है।मीडिया क्लब ने सर्वसम्मति से यह निम्न निर्णय लिये हैं जिसमें भाजपा के सभी आयोजनों की कवरेज करते समय क्लब के सदस्य काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करायेंगे। और भाजपा नेता जितेन्द्र सोनकर के किसी भी निजी या राजनीतिक कार्यक्रम का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब पूर्ण रूप से बहिष्कार करेगा।आगामी सोमवार को क्लब के सभी सदस्य पुलिस अधीक्षक से भेंट कर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौपेंगे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब यह स्पष्ट करता है कि पत्रकारिता पर किसी भी प्रकार का दमन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि प्रशासन एवं शासन द्वारा पत्रकारों की आवाज दबाने का प्रयास किया गया, तो इससे भी बड़ा आन्दोलन किया जायेगा।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा एसडीएम के आदेश पर चला बुल्डोजर

**सिराथू तहसील की यदुवीरपुर में किया गया था अवैध कब्जा**



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को एसडीएम सिराथू योगेश कुमार गौड़ के आदेश पर बुलडोजर चलाकर दो बीघा सरकारी जमीन को खाली कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे भू माफिया के बीच में हड़कम्प मच गया है। बताते चलें की सिराथू तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत मलाक पिंजरी गांव के मजरा यदुवीरपुर की आराजी संख्या 17 पर कई लोगों ने आवास रूप से कब्जे कर रखे थे और सरकारी भूमि पर पशुओं को बांधने के साथ-साथ वहां पर अवैध रूप से झोंपड़ियों का निर्माण करना शुरू कर दिया गया था। शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर गांव के लोगों ने इसकी शिकायत किया था। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीएम सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने इलाकाई लेखपाल और चौकी पुलिस को आदेश जारी कर तत्काल अवैध निर्माण को खाली कराये जाने के लिये कहा था। रविवार को पहुंची राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम ने आराजी मे बने अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर आरजी को खाली करा दिया। उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ के इस करवाई देखकर इलाके अवैध कब्जाधारियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

### हिंदू महिला को ले जाने पर अड़ा मुस्लिम प्रेमी

**गांव में मचा बवाल**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर गांव में हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। एक मुस्लिम युवक अपने प्यार की खातिर हदें पार करता नजर आया। वो गांव की एक हिंदू महिला को अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ गया। बस फिर क्या था गांववालों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। हालांकि प्रेमिका व उसकी मा प्रेमी के प्रस्ताव को लेकर सहमत थी। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों का अफेयर पिछले 10 सालों से चल रहा है। युवक पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का बाप भी। वहीं महिला की भी एक साल पहले शादी हुई थी, लेकिन प्यार के चक्कर में उसकी शादी टूट गई। शुक्रवार को जब प्रेमी शादी करने की फरमाइश लेकर महिला को ले जाने पहुंचा, तो गांव में हंगामा मच गया। नाराज ग्रामीणों ने तुरंत हिंदू संगठनों को सूचना दी। संगठन वाले मौके पर पहुंच गए। जिससे गांव में बवाल शुरू हो गया। इतनी भीड़ और हंगामे को देख युवक मौके से भाग गया। उधर, युवक की पत्नी भी परेशान है। उसका कहना है कि अगर उसका पति इस महिला को लेकर चला गया, तो उसकी और उसके बच्चों की जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। लेकिन गांव में इस प्यार की कहानी ने हड़कंप जरूर मचा दिया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# बीजेपी सांसदों का दुस्साहस, सुप्रीम कोर्ट पर लगाया गृहयुद्ध भड़काने का आरोप

**● विपक्ष के भड़कने पर बैकफुट पर बीजेपी**

स्वतंत्र प्रभात

बीजेपी ने अब सीधे सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाना शुरु कर दिया है। बीजेपी के दो सांसदों ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर जो बयान दिए हैं, उससे न सिर्फ राजनीतिक, बौद्धिक और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों ने गहरी चिंता जताई है बल्कि न्यायविदों ने भी इसे गंभीर स्थिति करार दिया है। बीजेपी के झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने एक बयान में कहा था कि देश में धार्मिक युद्ध और गृह युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। वहीं बीजेपी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने भी ऐसा ही बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत संविधान के मुताबिक कोई भी लोकसभा या राज्यसभा को निर्देशित नहीं कर सकता। इन दो बयानों के बाद राजनीतिक हंगामा शुरु हुआ है। विपक्ष के सभी दलों ने बीजेपी नेताओं के इन बयानों की तीखी निंदा की है। विपक्ष के भड़कने पर बैकफुट पर बीजेपी आ गयी है और उस्न्व इन बयानों से अपने को अलग कर लिया है। झारखंड के गोड्डा से बीजेपी सांसद ने कहा था कि देश में जो भी गृह युद्ध हो रहा है उसके लिए सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमा से बाहर जा रहा है. अगर हर बात के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना है, तो संसद और विधानसभा का कोई मतलब नहीं है, इसे बंद कर देना चाहिए।"

इसके बाद, उत्तर प्रदेश से बीजेपी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने भी सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी की। उन्होंने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट पर दिए गए बयान को लेकर कहा कि, "जब बाबा साहब आंबेडकर ने संविधान बनाया था, तो उसमें उन्होंने विधायिका और न्यायपालिका के अधिकारों का स्पष्ट रूप से वर्णन किया है।" उन्होंने कहा कि, "भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देशित नहीं कर सकता है और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है. कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।" 7 अप्रैल को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी ने एक 'एक्स' पोस्ट में लिखा था कि यह वक्फ कानून निश्चित रूप से मुस्लिमों की जमीन हड़पने की सरकार की एक बहुत बुरी साजिश है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट इसे गलत बताएगा।

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद निशिकांत दुबे ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एस. वाई. कुरैशी पर मुस्लिम आयुक्त होने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया है। दुबे ने अपने पोस्ट में कुरैशी के एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें कुरैशी ने वक्फ कानून को सरकार की ऐसी योजना बताया था, जो मुस्लिम जमीनों को हड़पने के लिए बनाई गई है। दुबे ने कुरैशी पर झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में उनके कार्यकाल के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को मतदाता बनाने का आरोप लगाया।

असल में 17 अप्रैल को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी ने एक 'एक्स' पोस्ट में लिखा था, "यह वक्फ कानून निश्चित रूप से मुस्लिमों की जमीन हड़पने की सरकार की एक बहुत बुरी साजिश है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट इसे गलत बताएगा। शरारती





प्रचार तंत्र ने भी गलत जानकारी फैलाकर अपना काम अच्छे से कर दिया है।" इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए 20 अप्रैल को निशिकांत दुबे ने लिखा, "आप चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्त थे। झारखंड के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोटर सबसे ज्यादा आपके कार्यकाल में ही बनाया गया। इस्लाम धर्म भारत में 712 में आया, उसके पहले तो यह जमीन हिंदुओं की या उस आस्था से जुड़ी आदिवासी, जैन या बौद्ध धर्मावलंबियों की थी।"

उन्होंने देश को जोड़ने की अपील करते हुए पोस्ट में आगे लिखा, "मेरे गांव विक्रमशिला को बख्तियार खिलजी ने 1189 में जलाया। अतिश दीपांकर के तौर पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने दुनिया को पहला कुलपति दिया। इस देश को जोड़ो, इतिहास पढ़ो। तोड़ने से पाकिस्तान बना, अब बंटवारा नहीं होगा?"

इससे पहले बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की चल रही सुनवाई के संदर्भ में न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाए थे। उन्होंने न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा था कि यदि सुप्रीम कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद को बंद कर देना चाहिए। दुबे के इस बयान पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान से किनारा करते हुए इसे नेता की व्यक्तिगत राय करार दिया और ऐसी टिप्पणियों से बचने का निर्देश जारी किया। निशिकांत दुबे के बयान पर न्यायविदों ने चिंता जताई है।

सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने निशिकांत दुबे के बयान को बेहद गैरजिम्मेदाराना करार दिया है। उन्होने कहा कि संविधान में, सभी संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका तय है। अगर संसद कोई कानून बनाता है, तो फिर राष्ट्रपति की उस पर मंजूरी ली जाती है तभी वह लागू होता है। उन्होंने कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि अगर संसद के बनाए कानून को राष्ट्रपति मंजूरी न दें तो क्या वह वैध होगा? ऐसे में इस तरह के बयान देना बेहद गैरजिम्मेदाराना हैं।

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के बयान की मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस निंदा की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि बीजेपी सुप्रीम कोर्ट को कमज़ोर करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा, "संवैधानिक पदाधिकारी, मंत्री और बीजेपी के सांसद भी सुप्रीम कोर्ट के ख़िलाफ़ बोलने में लगे हुए हैं. क्योंकि सुप्रीम कोर्ट भी ये कह रही है कि जब क़ानून बनाते हैं तो संविधान के मूलभूत ढांचे के ख़िलाफ़ मत जाइये। अगर संविधान के ख़िलाफ़ है तो हम इस क़ानून को स्वीकार नहीं कर सकते हैं।"

जयराम रमेश ने कहा कि, ÷कांग्रेस पार्टी चाहती है कि सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र, निष्पक्ष हो और संविधान ने उनको जो अधिकार दिए हैं उनका पूरा सम्मान करना चाहिए। लेकिन ये बिलकुल साफ़ है कि जानबूझकर अलग-अलग आवाज़ें आ रही हैं और सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड से लेकर वक़्फ़ बोर्ड तक सरकार को लेकर कहा है कि जो उसने किया है वो ग़ैर संवैधानिक है।"

निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के बयान पर एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन औवैसी ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने हैदराबाद में कहा कि ये लोग अब सुप्रीम कोर्ट को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि, "आपको पता है संविधान का अनुच्छेद 142 क्या है, यह डॉ आंबेडकर का बनाया हुआ है, बीजेपी धोखाधड़ी करते हुए देश में धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही है...आज आप लोग सत्ता में है, आप इतने कट्टर हो चुके हैं कि आप सुप्रीम कोर्ट पर धर्म युद्ध की धमकी दे रहे हैं।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को ऐसे लोगों को रोकना चाहिए जो देश को कमजोर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि, "नहीं भूलना चाहिए कि देश इसे भूलेगा नहीं...।" उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज पांडे ने भी निशिकांत दुबे के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि, "देश में तानाशाही अब उस स्तर पर पहुंच गई है कि ये लोग अब सुप्रीम कोर्ट को धमका रहे हैं।" उन्होंने पूछा कि क्या ये लोग सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों से ज्यादा काबिल हैं?

समाजवादी पार्टी नेता एस टी हसन ने निशिकांत दुबे के बयान पर कहा है कि ये लोग वोट हासिल करने के लिए हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रहे हैं। उन्होने कहा कि, "देश में अराजकता फैलाने के लिए यही लोग जिम्मेदार हैं। ये लोग अजान का विरोध करते हैं, हिजाब का विरोध करते हैं, मदरसों पर बुलडोजर चलाते हैं...यही लोग देश में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा कर रहे हैं, न कि सुप्रीम कोर्ट...सुप्रीम कोर्ट तो देस के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम कर रहा है।" इस बीच सीपीआई नेता बिनॉय विश्वम ने भी निशिकांत के बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि देश में सांप्रदायिकता भड़काने के लिए बीजेपी और आरएसएस ही जिम्मेदार हैं।

बीजेपी सांसदों के सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी किए जाने के बाद बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा है कि पार्टी दोनों सांसदों के बयानों से सहमत नहीं है। उन्होंने बीजेपी को इन बयानों से अलग करते हुए लंबा ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, ÷भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह इनका व्यक्तिगत बयान है, लेकिन भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है। भारतीय जनता पार्टी ने सदैव ही न्यायपालिका का सम्मान किया है, उनके आदेशों और सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया है क्योंकि एक पार्टी के नाते हमारा मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय सहित देश की सभी अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं तथा संविधान के संरक्षण का मजबूत आधारस्तंभ हैं। मैंने इन दोनों को और सभी को ऐसे बयान ना देने के लिए निर्देशित किया है।"

# रेलगाँव स्टेडियम प्रयागराज में 34वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे महिला क्रिकेट चैंपियनशिप का हुआ समापन

**● प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे बनी विजेता और उत्तर रेलवे उप विजेता, पश्चिम रेलवे ने प्राप्त किया तीसरा स्थान।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेंद्र चंद्र जोशी ने किया पुरस्कार वितर न यह आयोजन हमारे भारतीय रेल के खिलाड़ियों के लिए आगामी प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी का अवसर सिद्ध होगा- महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ज्ञात हो कि दिनांक 14.04.2025 से 20.04.2025 तक रेलगाँव स्टेडियम प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में 34वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे महिला क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजित किया गया। आज दिनांक 20.04.2025 को 34वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे महिला क्रिकेट चैंपियनशिप के समापन समारोह का आयोजन महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेंद्र चंद्र जोशी, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी, अपर महाप्रबंधक श्री जोगिंदर सिंह लाकरा सहित उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया।

आज के फाइनल मैच में उत्तर मध्य रेलवे ने पिछले बार की विजेता उत्तर रेलवे को 71 रनों से हराया। पहले बैटिंग करते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने आरुषि गोयल के 101 रनो की मदद से सात विकेट खोकर 194 रन बनाए, जिसके जवाब में उत्तर रेलवे 42.3 ओवर में 123 रन बना कर ही ऑल आउट हो गई। इसमे फलक नाज़ ने 2, सुष्मिता ने 1, एकता बिष्ट ने 2, रेनुका चौधरी ने 3,और पूनम यादव ने 2 विकेट हासिल किए।

तीसरे स्थान के मैच में पश्चिम रेलवे ने दक्षिण रेलवे को 08 विकेट से हरा दिया। पहले बैटिंग कर दक्षिण रेलवे 100 रन बना कर ही आउट हो गई। पश्चिम रेलवे ने मात्र दो विकेट खोकर ही 25.1 ओवर में ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। ज्ञात हो कि, इस प्रतियोगिता के 07 दिवसीय समागम में भारतीय रेल के 9 ज़ोनों की टीमों उत्तर रेलवे, पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे, पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, दक्षिण रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे और पहली बार प्रतिभाग कर रही दक्षिण पश्चिम रेलवे के साथ -साथ उत्तर मध्य रेलवे ने हिस्सा लिया।

टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज- उत्तर मध्य रेलवे की एकता बिष्ट, सर्वेश्रेष्ठ बल्लेबाज - आरुषि गोयल और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी आरुषि गोयल ही चयनित हुई। समापन समारोह में अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ, श्री एस पी द्विवेदी ने उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ की ओर से उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अपने समापन संबोधन में महाप्रबंधक ने भारतीय रेल के विभिन्न ज़ोनों एवं उत्पादन इकाइयों से आए समस्त ऑबज़र्वर, अंपायर, प्रबंधक, कोच एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ को को इस चैम्पियशिप के सफल और सौहार्द्रपूर्ण आयोजन के लिए सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे भारतीय रेल के खिलाड़ियों के लिए आगामी




प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी का अवसर सिद्ध हुआ होगा।

इसी क्रम में महाप्रबंधक श्री उपेंद्र चंद्र जोशी ने 34वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे महिला क्रिकेट चैंपियनशिप के विजेताओं, उप विजेता और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया। महिला इंटर रेलवे क्रिकेट इतिहास में पहली बार यूट्यूब द्वारा लाइव प्रसारण रेलगाँव स्टेडियम प्रयागराज से किया गया। सभी मैचों की क्रिकक्लब्स के सहयोग से लाइव स्ट्रीमिंग निंजा कास्टर द्वारा संचालित किया गया है। यह गतिविधि विशेष रूप से, BCCI से मान्यता प्राप्त स्कोरर मदास चंद्र शेखर द्वारा संचालित की गई।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1686 मरीजों का किया गया इलाज



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिनांक 20-04-2025 को मुख्यमंत्रीआरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है । डा0 हिन्द प्रकाश मणि, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरसवां, टेंवा एवं मंझनपुर का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदहिन खुर्द का निरीक्षण किया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।

अन्य उप मुख्य चिकित्सा/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो के द्वारा भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया जाता है।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 66 चिकित्साधिकारी व 155 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1686 मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 06 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 69 गोल्डेन कार्ड एवं 72 आभा आईडी भी बनाये गये।

# कौशाम्बी में दवाओं के नाम पर गोरखधन्धे में मरीजों से खुली लूट , मेडिकल स्टोर बिना फार्मासिस्ट धड़ल्ले से बेची जा रहीं संवेदनशील दवायें

**● ड्रग इंस्पेक्टर की चुप्पी पर उठ रहे सवाल, नियमित जांच नदारद, शेड्यूल ॥ और ड्ड दवायें बिना रिकॉर्ड, बिना रसीद के बिक रहीं दवायें**

**मैरोपिनम इंजेक्शन की खुलेआम अवैध बिक्री, 3000 से 3500 होती है वसूली, प्रशासन मौन, मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़, जनता ने की सख्त कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में दवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर चल रहे व्यापार में भारी अनियमिततायें उजागर हो रही हैं। मेडिकल स्टोर और निजी हॉस्पिटल्स में मरीजों के साथ खुला शोषण किया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुये हैं। बताया जा रहा कि मरीजों से दवाओं के वास्तविक मूल्य से कहीं अधिक पैसा






वसूला जा रहा है। फार्मासिस्ट के स्थान पर बिना प्रशिक्षण वाले व्यक्ति मेडिकल स्टोर चला रहे हैं और दवायें बाँट रहे हैं। जिससे गम्भीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो रहे हैं। शेड्यूल ॥, ॥1 और ड्ड वर्ग की संवेदनशील दवाओं का न तो कोई रिकॉर्ड रखा जा रहा है और न ही उनकी बिक्री पर निगरानी है।संवेदनशील दवायें बिना मानक तापमान पर रखी जा रही हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मरीजों को बिल और रसीद देने की प्रक्रिया लगभग समाप्त हो चुकी है, जिससे टैक्स चोरी और दवा की ट्रैकिंग में मुश्किलें आ रही हैं। ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार की भूमिका इस पूरे मामले में सबसे बड़ी चिन्ता का विषय बन हुई है। जिले भर में मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच नहीं की जा रही है, जिससे इन पर कोई नियन्त्रण नहीं रह गया है। जिला अस्पताल के आसपास यह गोरखधंधा और भी अधिक सक्रिय है, जहाँ पर मरीजों की मजबूरी को खुलकर भुनाया जा रहा है। प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहे मेडिकल स्टोर भी बेलगाम है।

सबसे गम्भीर मामला मैरोपिनम जैसे प्रतिबन्धित इंजेक्शन की खुलेआम अवैध बिक्री का है, जिसे बिना डॉक्टर की सलाह के बेचा जा रहा है। एक इंजेक्शन पर 3000 से 3500 रुपया वसूला जा रहा है। यह पूरी गतिविधि न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है। स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। लेकिन जब तक जिम्मेदार अधिकारी सक्रिय नहीं होंगे, तब तक यह अराजकता यूँ ही फलती-फूलती रहेगी और मरीजों की जिन्दगी से खिलवाड़ होता रहेगा।

# मूर्ति चोरी के असली गुनहगार को छोड़ने के लिए चरवा पुलिस ने रची फर्जी खुलासे की कहानी

**● सीसीटीवी कैमरे ने चरवा पुलिस की फर्जी कार्रवाई की खोली पोल**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** पुलिस अफसरों के बार-बार निर्देश के बाद भी जनपद की थाना पुलिस मनमानी करने से बाज नहीं आते हैं मामला चरवा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस मनमानी करने से बाज नहीं आ रही है क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने में नाकाम चरवा पुलिस ने मामले में तो फर्जी खुलासे करके पुलिस वर्दी को ही कलंकित करने पर उतारू हैं मूर्ति चोरी की घटना में चरवा पुलिस के फर्जी खुलासे की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज ने चरवा पुलिस की करतूत की पोल खोलकर रख दिया है जिससे एक बार फिर जनपद में पुलिस वर्दी शर्मसार हो रही है चरवा थाना पुलिस ने जिस तरह से मनगढ़ंत कहानी गढ़ करके मूर्ति चोरी का खुलासा किया है एक बार तो आम जानता ने यही समझा कि पुलिस ने बड़ी घटना का खुलासा कर दिया है लेकिन बाद में पता चला कि जिस मूर्ति को पुलिस ने बरामद किया है वह पीतल की मूर्ति है और मूर्ति चोरी की घटना में मोहम्मद आरिफ को पुलिस ने गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया था लेकिन जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई के दौरान जब मोहम्मद आरिफ के अधिवक्ता




ने घटनास्थल की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाते हुए अदालत से जमानत दिए जाने की याचना की तो अदालत ने दूसरे दिन ही आरोपी को जमानत दे दिया है 14 अप्रैल को 8÷13 बजे पर चरवा थाना के सैय्यद सरावा पुलिस चौकी इंचार्ज फोर्स के साथ मोहम्मद आरिफ के घर पहुंचे और उसे पुलिस वाहन की मरम्मत करने की बात कह कर अपने साथ बुला ले गए उस समय पुलिस को उसके कब्जे से कुछ नहीं मिला यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जब पुलिस को एहसास हुआ कि वहां सीसीटीवी कैमरा लगा है और सब कुछ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है तो सबूत नष्ट करने के मकसद से उसी दिन डेढ़ घंटे बाद फिर चरवा पुलिस आरोपी के घर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे को उठा ले गई आरोपी की मां ने बताया कि चरवा पुलिस अपने साथ मूर्ति लेकर आई थी और उसके घर में मूर्ति रख कर फोटो खींचकर के घटना को हकीकत में बदलने की कोशिश की है और अलमारी का ताला तोड़कर 20000 भी उठा ले गई है मामले की शिकायत उसी दिन आईजीआरएस के साथ-साथ अन्य माध्यम से पुलिस अधिकारियों से पीड़ित परिवार के लोगों ने की पड़ोस में अन्य घरों में सीसीटीवी कैमरे लगे थे पुलिस के सीसीटीवी कैमरे ले जाने और कथित आरोपी को पकड़ कर ले जाने की घटना भी दूसरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें सीसीटीवी कैमरा और आरोपी को लेकर जाते चरवा पुलिस दिखाई पड़ रही है पुलिस को इस बात का एहसास नहीं था वरना चरवा पुलिस दूसरे घर के भी सीसीटीवी कैमरे को उठा ले जाती और सबूत को नष्ट कर देती और फर्जी खुलासे पर वाहवही लूट लेती दूसरे घर के सीसीटीवी कैमरे ने चरवा पुलिस के मनगढ़ंत कहानी की कलई खोल दिया है सूत्रों की माने तो घटना के मुख्य अभियुक्त को छोड़ने के लिए इस घटना के खुलासे में मनगढ़ंत कहानी रचकर मोहम्मद आरिफ को चरवा पुलिस ने जेल भेजा है और मुख्य अभियुक्त को छोड़ दिया है चरवा पुलिस के फर्जी खुलासे के मामले की यदि पुलिस अधिकारियों ने विन्दुवार सूक्ष्म जांच कराई गई तो चरवा थाना पुलिस की मुसीबत बढ़ना तय है और फर्जी खुलासे से पर्दा भी उठेगा।

# जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अन्त्येष्टि स्थल का किया भूमि पूजन

**● जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के प्रयास से ग्रामपंचायत पक्सराई को मिला अन्त्येष्टि स्थल**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में विधानसभा चायल ब्लॉक मूरतगंज के ग्रामपंचायत पक्सराई में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अन्त्येष्टि स्थल का भूमि पूजन कर ग्रामपंचायत को दी सौगात इस आधुनिक अन्त्येष्टि स्थल में कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी इनमें शवों के दाह संस्कार के लिए दो शेड चबूतरा, शान्ति स्थल,शव स्नान ग्रह, बाथरूम और शौचालय शामिल है साथ ही पानी की व्यवस्था के लिए टंकी और लोगों के बैठने के लिए बेंच भी बनाई जाएगी जिलाध्यक्ष ने इस स्थल को साफ सुथरा बनाए रखने हेतु उपस्थित लोगों से अपील भी की इस मौके पर नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी,वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा,जिला पंचायत सदस्य योगेश साहू, जिला पंचायत सदस्य नरेश पासी, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवमूरत पासी, ग्राम प्रधान सुधीर सरोज,मण्डल अध्यक्ष राजन सरोज, जिला प्रतिनिधि प्रमोद कुमार प्रजापति, अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री ब्रह्मा नन्द सरोज आदि कार्यकर्तागण, ग्रामवासीगण मौजूद रहे।



# डीएम-एसपी ने देर रात्रि सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का जाना हाल

**घायल मरीजों का करें समुचित उपचार÷डीएम**

**रायबरेली,** मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन का पुरवा के पास रात्रि में सड़क दुर्घटना घटित हुयी, जिसमें डम्फर व बोलेरो कार में टक्कर हुई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही देर रात्रि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने दुर्घटना में घायल मरीजों का हाल जानने के लिए जिला अस्तपाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घायलों की स्थिति की जानकारी ली और उनके इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप अग्रवाल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी0एस0 अस्थाना सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त खबरें

## उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर विषय के एल टी ग्रेड शिक्षक भर्ती में बी एड की अनिवार्यता में दी गई छूट




**बलिया (यूपी)** उत्तर प्रदेश में जल्द ही रुझ ग्रेड के 7385 पदों पर शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर आई है। ब्यूरो चीफ बलिया सैयद सेराज अहमद ने सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया है की यूपी के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कंप्यूटर विषय की रुझ ग्रेड असिस्टेंट टीचर भर्ती में बीएड की अनिवार्यता में छूट दी गई है, अब बिना बी एड किए भी छात्र असिस्टेंट टीचर बन सकते हैं। इस खबर से उत्तर प्रदेश के युवाओं में खुशी की लहर देखी जा रही है।

## निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान शिशु की मौत, पीड़ित परिवार ने कोतवाली में की शिकायत



**कछौना, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम पूरा (लोन्हारा) निवासी महिला के प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाकर कोतवाली कछौना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी हैं। वहीं, जच्चा की हालत भी नाजुक बनी हुई है। आरोप है कि परिजनों ने आरोपी अस्पताल संचालक की शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र पूरा (लोन्हारा) निवासी आदित्य कुमार अवस्थी पुत्र राजेश कुमार अवस्थी ने शुक्रवार की सुबह अपनी गर्भवती पत्नी को कस्बे में स्थित स्वास्तिक हॉस्टल में इलाज हेतु भर्ती कराया, पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद कथित स्वास्थ्य कर्मियों ने ऑपरेशन से प्रसव कराने के मुंहमांगे रुपये भी जमा करा लिए। ऑपरेशन के दौरान पीड़ित की पत्नी का ऑपरेशन अप्रशिक्षित सर्जन व बिना बिना महिला डॉक्टर सर्जन के गलत दवाई और इंजेक्शन देकर ऑपरेशन कर दिया। जिससे उसकी पत्नी व नवजात शिशु की हालत बिगड़ गई। कथित स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से नवजात शिशु की मृत्यु हो गई और प्रसव पीड़िता को ब्लिडिंग होने लगी। इससे पीड़ित महिला की तबीयत काफी बिगड़ गई। इसके बाद पीड़ित परिवार ने महिला को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि पीड़ित महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में परिजनों ने कोतवाली कछौना में शिकायत दर्ज कराई, तो कछौना पुलिस ने नवजात का पोस्टमार्टम कराकर अस्पताल संचालक के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने यह भी बताया कि डिग्री धारकों के नाम के बोर्ड लगाकर ऑपरेशन व प्रसव तक करा रहें है, जबकि अप्रशिक्षित डॉक्टर ही यह सब कर रहे हैं।

## यूपी के नए विकास की तारीख लिखेगा 2027- राशिद

पूर्वांचल के समाजसेवी का खेतासराय में जोरदार स्वागत

अखिलेश के बेहद करीबी हैं राशिद मंगरावा



**खेतासराय (जौनपुर)।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बेहद करीबी दुबई के बड़े कारोबारी आजमगढ़ के राशिद मंगरावा का खेतासराय में जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं के स्वागत से गदगद हुए पूर्वांचल के समाजसेवी, उद्योगपति में शुमार राशीद मंगरावा ने कहा कि आने वाला समय 2027 यूपी के नए विकास की तारीख लिखेगा। इसके लिए प्रदेश भर का हर नौजवान, किसान, व्यापारी, शिक्षित वर्ग, नौकरी पेशा लोग अभी से तैयारी में जुट गए है । राजधानी लखनऊ में सपा सुप्रीमो से मुलाकात के बाद अपने पैतृक गांव आजमगढ़ के मंगरावा जा रहे समाजसेवी राशिद के आने की खबर पर खेतासराय में सैकड़ो की संख्या में युवा फूल माला लिए उनका इंतजार कर रहे थे। खेतासराय कस्बा के कई स्थानों पर स्वागत का क्रम चलता रहा । इसके बाद मुख्य चौराहे पर दुबई के बड़े बिजनेसमैन उनके अजीज मित्र सलमान के प्रतिष्ठान पर वह काफी देर रुके रहे। इस दौरान पत्रकारों से काफी देर तक उन्होंने गुफ्तगू की। कहा कि प्रदेश भर में नए राजनीतिक बयार के बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। कई छोटे दलों के बड़े नेता पीडीए के साथ जुड़कर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर रहे हैं। 2027 नजदीक आते ही यह राजनीतिक आगाज अपने चरम पर पहुंच जाएगा। इस मौके पर बिजनेसमैन सलमान इश्तियाक के अलावा ल मोहम्मद साकिब, मोहम्मद जाहिद खान, मोहम्मद खान, बशर पठान, रहमान मन्नू , पत्रकार मोहम्मद अरशद, मोहम्मद समीर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# जद(यू0) कार्यालय मे पार्टी द्वारा चलाएं जा रहे जातीय समीकरण के साथ बूथ कमिटी निर्माण अभियान की हुई समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोपालगंज (बिहार)**- सिवान, जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय मे जिला अध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह की अध्यक्षता मे प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने विधानसभा प्रभारियों के साथ पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर पार्टी और एन डी ए की निर्धारित लक्ष्य 225 को पूरा करने के उद्देश्य से जिले में पार्टी द्वारा चलाएं जा रहे हर बूथ पर जातीय समीकरण के साथ दस सदसीय बूथ कमिटी बनाने की अभियान की समीक्षा की गई जिला अध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह और जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने विधानसभा प्रभारियों से आग्रह किया की बूथ कमिटी बनाने की अभियान को और तेज करें, जिला संगठन प्रभारी और जिला अध्यक्ष ने विधानसभा प्रभारियों से कहाँ की बूथ कमिटी बनाने मे पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों का अपने अपने क्षेत्र मे सहयोग ले जैसे प्रखंड अध्यक्ष,सांसद, पूर्व सांसद,पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, राज्य परिषद के सदस्य, राष्ट्रीय पदाधिकारी, राज्य पदाधिकारी, जिला स्तर के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों, पूर्व प्रत्याशीयों, से सहयोग ले और बूथ कमिटी में उपरोक्त सभी का नाम उनके बूथ पर जोड़े,ज्ञात हो की बूथ कमिटी निर्माण अभियान पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का पैनी नजर है।

जद(यू0) प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रतिदिन अभियान की मोनेटारिंग की जा रही है जिला संगठन प्रभारी ने कहाँ की 25 अप्रैल तक प्रयास करें की जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से शतप्रतिशत बूथ कमिटी की सूची जिला कार्यालय में जमा हो जाएँ दस सदस्यों वाली बूथ कमिटी में प्रथम नाम उस बूथ के स्थानीय पार्टी के नेता, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधान पार्षद, जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, राज्य परिषद सदस्य, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष का रहेगा बैठक मे जिला अध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह, जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल, विधानसभा प्रभारी-106. पशुपति नाथ पटेल,107 जय प्रकाश यादव, 109 बालमुकुंद चौहान, 111 प्रमोद पासवान, 108 अरविंद पटेल, 110 ललन मांझी, 105 मोश्र जुनैद आलम, 112 डॉश्र दिनेश कुशवाहा, जिला मिडिया प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजीव रंजन पटेल, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार गुप्ता, जिला शोशल मिडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह ऊर्फ कुंवर जी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे वही आज जिला अध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह को उनके जन्मदिन पर प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल एवं पार्टी पदाधिकारियों ने बधाई एवं उनके दीर्घायु होने की शुभकामनायें दिये।

## "क्लीन कैंपस - ग्रीन कैंपस" और "एक वृक्ष मां के नाम" पहल के तहत एमबीए (एग्री बिजनेस) के छात्रों ने किया पौधरोपण



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय के एमबीए (एग्रीबिजनेस) चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने "मैनेजमेंट ऑफ फ्लोरीकल्चर एंड हॉर्टिकल्चर" विषय के अंतर्गत एक विशेष प्रोजेक्ट के तहत विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर एक अनूठी मिसाल पेश की। यह कार्यक्रम "क्लीन कैंपस - ग्रीन कैंपस" अभियान और "एक वृक्ष मां के नाम" पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। छात्रों ने अपनी मां के नाम समर्पित करते हुए विभिन्न प्रकार के छायादार पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि मातृत्व के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान भी व्यक्त किया। फाइनल ईयर के छात्रों के लिए यह अवसर भावनात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण रहा, जिससे वे विश्वविद्यालय और अपने विभाग से गहराई से जुड़ सके। शिक्षक उद्देश्य सिंह ने बताया कि यह प्रोजेक्ट छात्रों को राष्ट्र और प्रकृति के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से दिया गया था। उन्होंने कहा कि "एक वृक्ष मां के नाम" जैसी भावनात्मक पहल छात्रों को अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति अधिक जागरूक बनाती है।

# जिले में 28 जीविका ग्राम संगठनों, गावों में महिला संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज (बिहार)**- गोपालगंज जिला में आज कुल 28 जीविका ग्राम संगठनों, गांवों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया कुल 70 ग्राम संगठन मे आयोजन अब तक हो चुका है जिला में कुल 1661 ग्राम संगठन मे किया जायेगा द्य महिला संवाद महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल है जिसके माध्यम से महिलाओं की सरकार से अपेक्षा एवं सार्वजनिक हित में उनकी सुझाओं की जानकारी प्राप्त की जा रही है और उसका दस्तावेजीकरण किया जा रहा है।

महिलाओं से प्राप्त सुझाव एवं उनकी अपेक्षाओं को सूचीबद्ध कर जिला प्रशासन की तरफ से राज्य सरकार को भेजा जाएगा जिस पर राज्य सरकार के द्वारा आगे निर्णय लेकर योजनाएं बनाई जाएगी। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकलाभ की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अभी तक लिए गए निर्णय एवं किए गए कार्यों की जानकारी ऑडियो विजुअल के माध्यम से महिलाओं को दी जा रही है एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं से उनके जीवन में आए आमूल चूल परिवर्तन को उन्हीं के जुबानी सुनी जा रही है। इसके पश्चात महिलाओं के लिए खुला मंच उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें वह अपनी मांगों को रख रही हैं। सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए कुल 22 योजनाएं चिन्हित की गई है, उसका संकलन एक पंपलेट में किया गया है। सभी महिलाएं उस पंपलेट को अच्छे से पढ़ें, योजनाओं की जानकारी रखें और उसका भविष्य में लाभ रखें।

## उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री ने चंद्रशेखर हाफ मैराथन को सरकार के खेल कैलेंडर में शामिल करने की घोषणा की

**स्वतंत्र प्रभात**



**बलिया।** यूपी में चंद्रशेखर हाफ मैराथन के आयोजन में उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ब्यूरो चीफ बलिया सैयद सेराज अहमद ने प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि खेल मंत्री पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर की 98वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रनायक चंद्रशेखर मैराथन के आयोजन में कहा कि यह मैराथन सरकारी कैलेंडर में शामिल होगी। खेल व युवा कल्याण मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि हम सब को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। चंद्रशेखर देश के पहले राजनीतिज्ञ हैं, जिन्होंने पदयात्रा की थी। उन्होंने कहा कि बलिया के लिए पूरी यूपी सरकार खड़ी है। पूर स्थित स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए खेल मंत्रालय ने 18 करोड़ दिए हैं। इसका उपभोग होते ही और भी धनराशि दी जाएगी।

खेल मंत्री ने चंद्रशेखर हाफ मैराथन को सरकार के खेल कैलेंडर शामिल कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अगली बार से एक दिन का न होकर, बल्कि कई दिनों चलता रहेगा। केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में खेलों में बहुत परिवर्तन आया है। खेल सुविधाएं बढ़ी हैं। खेल को सरकार ने अभियान के रूप में लिया है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दी जा रही है। अच्छे कोच उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खेलो इंडिया के तहत वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स का प्रोग्राम चलाया जा रहा है।

## बच्चों के झगड़े को लेकर विवाद कर रहे तीन गिरफ्तार



**जौनपुर जफराबाद** थाना पुलिस ने क्षेत्र के सखोही गांव में बच्चों के विवाद को लेकर विवाद कर रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है सखोही गांव निवासी सैफ अली (23)कलाम शेख (19)और साहिद शेख (25) अपने घर के बच्चों के विवाद को लेकर शनिवार की शाम गांव के ही रोड पर विवाद कर रहे थे। इधर शिवपुर रोड से गुजर रहे उपनिरीक्षक जयराम यादव सूचना लगने पर मौके पर पहुंच गए और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया गया है।

# समस्तीपुर- खगड़िया रेलखंड के रेलवे हॉल्ट पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव, बैठने तक की भी व्यवस्था नहीं

**स्वतंत्र प्रभात**



**समस्तीपुर।** एक तरफ रेलवे के द्वारा देश के रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरह समस्तीपुर - खगड़िया रेलखंड के रेलवे हॉल्ट पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। इन रेलवे हॉल्टों पर स्थापना के बाद से आज तक यात्री सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे इन हॉल्टों से ट्रेनों की सवारी करने वाले यात्रियों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ये रेलवे हॉल्ट हैं - मब्बी, बड़ेपुरा व शासन ! ये तीनों रेलवे हॉल्ट समस्तीपुर - खगड़िया रेलखंड के हसनपुर रेलवे जंक्शन के आस-पास है।

इन हॉल्टों के बनने केदो दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद यात्री शेड एवं बैठने की व्यवस्था नहीं है। ये सभी स्टेशन शाम होते ही अंधकार में डूब जाते हैं, वहीं रात के समय स्थिति और भी विकराल हो जाती है। इन रेलवे हॉल्ट से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री ट्रेनों की सवारी कर अपने गंतव्य तक की यात्रा करते हैं। जिससे रेलवे को इस हॉल्ट से अच्छी खासी राजस्व की प्राप्ति भी होती है। बता दें कि इन हॉल्टों पर सुविधा के नाम पर बस एक टिकट काउंटर कक्ष का निर्माण किया गया। इसके अलावा यात्री सुविधा के लिए कोई काम नहीं किया गया। फलतः आज भी यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है, चाहे धूप हो या बरसात।

वहीं पेयजल की सुविधा के लिए भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण यहां आने - जाने वाले रेल यात्रियों को इस भीषण गर्मी में बूंद - बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। शाम होते ही यहां चोर उच्चकों का साम्राज्य कायम हो जाता है। जिससे क्षेत्र के लोग रात में यात्रा करना पसंद नहीं करते हैं। प्लेटफार्म पर शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है। इस क्षेत्र के यात्रियों ने बताया कि प्लेटफार्म पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कई बार रेलवे को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसको लेकर राजद के जिला उपाध्यक्ष ललन यादव ने रेलवे से यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय और यात्री शेड की व्यवस्था करने की मांग की।

# शादी की खुशियों में पसरा मातम- तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई, दो युवक गंभीर रूप से घायल, हालत नाजुक

**स्वतंत्र प्रभात**



**त्रिवेणीगंज**- थाना क्षेत्र के लालपट्टी स्थित धर्मकांटा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी के माहौल को मातम में बदल दिया। रविवार देर रात करीब 1:30 बजे, एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक हाईवा ट्रक में जा टकराई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के वक्त बाजार वार्ड संख्या 20 निवासी व्यवसायी रमेश गुप्ता का 22 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार और जागुर निवासी 20 वर्षीय मुकेश कुमार कार से पिपरा से लौट रहे थे। कार चला रहे गोलू कुमार को नींद की झपकी लग गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला और अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें पहले सुपौल सदर अस्पताल और फिर सिलीगुड़ी रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति को गंभीर और नाजुक बताया है। सबसे दुखद पहलू यह है कि गंभीर रूप से घायल गोलू कुमार की बहन की शादी 21 अप्रैल को तय थी। घर में हल्दी और मटकोर की रस्में चल रही थीं। रिश्तेदारों की चहल-पहल और शहनाइयों की गूंज से घर का माहौल खुशियों से भरा था। लेकिन जैसे ही दुर्घटना की खबर पहुंची, खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घायलों के उपचार और हादसे के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है।

# सुपौल में पहुंची खेलो इंडिया यूथ गेम्स की टॉर्च रैली, जिलाधिकारी ने किया भव्य स्वागत

● स्टेडियम परिसर में बच्चों और खिलाड़ियों में दिखा जोश, मैस्कॉट ने खींचा सबका ध्यान

**स्वतंत्र प्रभात**



**सुपौल**- खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024-25 की टॉर्च रैली का आज सुपौल समाहरणालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार ने टॉर्च और मैस्कॉट का स्वागत करते हुए खेल भावना और युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन की दिशा में इस आयोजन को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस समारोह में डीडीसी श्री सुधीर कुमार, एडीएम श्री राशिद कलीम अंसारी, एसडीएम सदर श्री इंद्रवीर कुमार, वरीय उप समाहर्ता श्री विकास कुमार कर्ण, एडीएसएस श्री शशि कुमार और जिला खेल पदाधिकारी श्री आलोक कुमार भारती समेत कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का दूसरा चरण सुपौल स्टेडियम परिसर में आयोजित किया गया, जहां टॉर्च और मैस्कॉट का युवा खिलाड़ियों एवं स्कूली बच्चों द्वारा जोशीले और उत्साहपूर्ण तरीके से स्वागत किया गया। बच्चों में मैस्कॉट को लेकर विशेष आकर्षण देखने को मिला। सभी ने खेलों के प्रति जागरूकता और जोश का अद्भुत परिचय दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि खेलो इंडिया का उद्देश्य सिर्फ खेल को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना जैसे गुणों को विकसित करना भी है। उन्होंने उपस्थित बच्चों और खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और लगन के साथ अपने खेल कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की टॉर्च रैली विभिन्न जिलों का भ्रमण कर रही है, ताकि खेलों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके और प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिल सके।

## एक राष्ट्र एक चुनाव पर हरदोई विधानसभा प्रबुद्ध समागम में बोलते मंत्री नितिन अग्रवाल

**स्वतंत्र प्रभात**



हरदोई 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा को सर्व समाज तक पहुंचाने और विषय के प्रति समर्थन जुटाने के उद्देश्य से 156 विधान सभा के महेंद्र प्लाज़ा होटल के सभागार में प्रबुद्ध वर्ग समागम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल उपस्थित रहे, साथ ही बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्धजन, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक, चिकित्सक व बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पहले देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुआ करते थे, लेकिन बाद में कांग्रेस की सत्ता लोलुपता ने संविधान के अनुच्छेदों को तोड़ मरोड़कर इस प्रणाली को खंडित कर दिया। कहा, यह विषय केवल किसी एक सत्ताधारी दल का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में उठाया गया आवश्यक और दूरदर्शी कदम है। इसके लाभ से देश आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसित होगा। एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए पूरे देश में सहमति बनानी पड़ेगी, इस सहमति को बनाने में प्रबुद्ध वर्ग को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग समय पर चुनाव होने से शासन को भारी राजस्व का भार सहन करना पड़ता है और बार-बार लगने वाली आचार संहिता के कारण विकास कार्य बाधित होते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव हो जाने से देश की कई बड़ी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। केंद्र सरकार का प्रयास है कि सबकी सहमति से एक राष्ट्र में एक चुनाव हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। कहा कि, एक साथ चुनाव होने से संसाधनों की बचत होगी और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सशक्त बनेगी। यह बदलाव भारत को मजबूती देने वाला साबित होगा। इस व्यवस्था से न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी, बल्कि जनता को भी एक स्पष्ट नीति और नेतृत्व मिलेगा। कहा कि बार-बार चुनाव का आयोजन राजनीतिक भ्रष्टाचार का श्रोत बनता हैं क्योंकि प्रत्येक चुनाव के लिये बड़ी मात्रा में धन जुटाने की आवश्यकता होती है। एक साथ चुनाव कराने से राजनीतिक दलों के चुनाव खर्च में व्यापक कमी आ सकती है, जिससे बार-बार धन जुटाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इससे आम लोगों और व्यापारिक समुदाय पर बार-बार चुनावी चंदा देने का दबाव भी कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1951-52 में जब लोकसभा के प्रथम चुनाव आयोजित हुए तो इसमें 53 राजनीतिक दलों और लगभग 1874 प्रत्याशियों ने भाग लिया तथा चुनाव का व्यय मात्र 11 करोड़ रुपए रहा। जबकि एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) के अनुसार 2019 के आम चुनाव में लगभग 60,000 करोड़ रुपए खर्च हुए। इस खर्च में पंचायती, नगर पालिका, सहकारी समिति आदि के चुनाव खर्च शामिल नहीं है। आर्थिक दृष्टिकोण से चिंतनीय विषय है, यदि एक बार में सारे चुनाव हो जाए तो समय और पैसा दोनों देश और समाज के उत्थान में सदुपयोग हो सकेगा। बुद्धिजीवी वर्ग से डॉ जे के वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामौतार शुक्ल एवं व्यापारी नेता कमलेश गुप्ता ने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन आईटी संयोजक सौरभ सिंह गौर ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई, डॉ सी पी कटियार, डॉ अजय सिंह, डॉ नवीन सक्सेना, डॉ ए पी सिंह, डॉ अमरजीत आजमानी, डॉ तिरुपति आनंद, रीना गुप्ता, विनिमा सिंह, डॉ सौरभ दयाल, अनुराधा मिश्र, अविनाश मिश्रा, अंकित पांडे, शुभम् लोहिया, पंकज सिंह, रानू गुप्ता, मुनि मिश्र, आशीष शुक्ला, अनुराग श्रीवास्तव।

# "एक राष्ट्र, एक चुनाव" एक ऐसी अवधारणा है जिसका उद्देश्य भारत में चुनावों को एक साथ कराना है- सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत

**स्वतंत्र प्रभात**



**हरदोई** शाहाबाद चित्र गुप्त सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा ब्लॉक सभागार शाहाबाद में आयोजित

"एक राष्ट्र एक चुनाव" विषयक परिचर्चा में भाजपा के जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत ने कहा कि "एक राष्ट्र, एक चुनाव" एक ऐसी अवधारणा है जिसका उद्देश्य भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराना है। बार-बार चुनाव कराने से सरकार और राजनीतिक दलों को बहुत खर्च करना पड़ता है। एक साथ चुनाव से यह खर्च काफी घट सकता है। बार-बार चुनाव होने से नीति-निर्माण प्रभावित होता है। एक साथ चुनाव से यह समस्या दूर हो सकती है।बार-बार चुनाव प्रचार से विकास के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं।

एन जी ओ प्रकोष्ठ के सह जिला संयोजक भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने कहा कि ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ के इस विचार को एक साथ चुनाव के रूप में भी जाना जाता है, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक ही साथ कराने का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है। इससे मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में एक ही दिन सरकार के दोनों स्तरों के लिए अपने मत डाल सकेंगे, हालाँकि देश भर में मतदान कई चरणों में कराया सकता है। इन चुनावी समय-सीमाओं को एक साथ जोड़ने के दृष्टिकोण का उद्देश्य चुनावों के लिए किए जाने वाले प्रबंध से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना, इसमें लगने वाले खर्च को घटाना और लगातार चुनावों के कारण कामकाज में होने वाले व्यवधानों को कम करना है।

गोपाल त्रिपाठी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गोविंद राम दीक्षित,शिव सत्संग मण्डल अध्यक्ष आचार्य अशोक डी सी डी एफ अध्यक्ष रामदास गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश चंद्र मिश्र, दीपक पांडेय आदि ने अपने अपने विचारों से एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया। इस गोष्ठी एवं परिचर्चा में अभिषेक श्रीवास्तव,प्रभाकर बाजपेयी, विवेक राजपूत अमित मिश्र, अनुज कुमार मिश्र,अमित श्रीवास्तव योगेंद्र यादव, संजय अग्निहोत्री आशा राम राठौर, कुलदीप श्रीवास्तव, सत्यम सक्सेना अनिल सिंह, शेर सिंह हरि मिश्र संदीप श्रीवास्तव, सुभाष सिंह अंकित गुप्ता, सुभाष रस्तोगी गोपाल त्रिपाठी, कमल सिंह, पालिका सदस्य अजीत कुमार सच्चिदानंद मिश्र मुकेश बाल्मीकि संजीव बांगा, अनुराग यादव, प्रदीप मिश्र आदि प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।आयोजक अनुराग श्रीवास्तव ने सभी अभ्यागतों का आभार व्यक्त किया।

# संक्षिप्त खबरें

## बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे पिता की हादसे में मौत



वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा-कथौली मोड़ के समीप शनिवार की शाम सवा 5 बजे बाइक से बेटी की शादी का निमंत्रण पत्र देने जा रहे 48 वर्षीय मनोज पटेल की ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया जबकि चालक फरार हो गया। सिंधोरा थाना क्षेत्र के अमौत (जेंगर) निवासी मनोज पटेलतीन मई को होने वाली बेटी की शादी का निमंत्रण पत्र बांटने बाइक से बाबतपुर की तरफ जा रहा था। फोरलेन हाइवे के कट पर चढ़ते ही पीछे से आ रही तेज गति ट्रक ने उसे कुचल दिया। सिर पर लगा हेलमेट निकल गया। जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया और घटना स्थल पर मौत हो गई। उसकी बाइक भी ट्रक में फंस गई। उसे ग्रामीणों व पुलिस के मदद से बाहर निकाला गया। लोगों ने घटना की सूचना निमंत्रण पत्र पर अंकित नंबरों से स्वजन को दी गई। कार्ड पर प्रकाशित नंबर पर पुलिस ने परिजन को दी गई, एक नंबर उसके साढू भाई दिनेश पटेल का अंकित था। उसने बताया कि मनोज पटेल अपने बेटी की शादी का निमंत्रण पत्र बांटने घर से निकले थे। मृतक को चार बेटियां ही है। सबसे बड़ी बेटी संध्या की शादी 3 मई को राजेश पटेल निवासी बिहड़ा के साथ तय हुई थी उसी के तैयारी में पूरा परिवार व रिश्तेदार व्यस्त थे, तभी उक्त घटना होने से माहौल मातम में बदल गया। बेटी संध्या, सोनी व मोनी व आचंल के साथ पत्नी उर्मिला का रो रोकर बुरा हाल था। उनके चीख पुकार सुन लोगों की आंखें भर जा रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया जबकि चालक फरार हो गया।

## सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोता



लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित बाबा बाल्हेश्वर धाम के निकट ऋषि आश्रम परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा सुनकर मौजूद श्रोता भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास प्रख्यात कथावाचक पंडित झिलमिल महाराज ने बताया कि निर्धन ब्राह्मण सुदामा अपने बाल सखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे। सुदामा की दशा बहुत दयनीय थी। उनके मन में कभी भी किसी प्रकार का लोभ लालच नहीं था। वे केवल अपने मित्र से मिलने गए थे। श्रीकृष्ण ने भी जब अपने मित्र सुदामा को देखा तो स्वयं महल की दहलीज पर दौड़ते हुए आकर उन्हें गले लगाया। उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वही होता है जो अपने मित्र की स्थिति नहीं बल्कि उसकी भावनाओं को देखता है। कथा व्यास ने कहा कि निर्धनता महाभिशाप है। लेकिन यदि मन में भक्ति और सच्चाई हो तो भगवान जरूर मदत करते हैं। सुदामा बिना कुछ मांगे ही लौट आए लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उनके जीवन को समृद्ध कर दिया। इसके अलावा कथा व्यास ने परीक्षित मोक्ष, तक्षक आगमन सहित अन्य पौराणिक प्रसंगों पर भी प्रकाश डाला। कथा में रज्जन गुप्ता, सत्यम, राजेश फौजी, प्रियंक वाजपेई, राजेंद्र तिवारी, सधन त्रिवेदी, पुष्पेंद्र शुक्ला सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि सोमवार को हवन पूजन और पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारा आयोजित होगा।

## अनोगी गांव में निर्मल हृदय एजूकेशन सोसाइटी ने दिया प्रशिक्षण

मिश्रिख (सीतापुर)सपने सिर्फ़ शहरों में नहीं देखे जाते, अनोगी जैसे गांवों में भी आंखों में चमक होती है। बस उन्हें रास्ता चाहिए। यह रास्ता दिखाने के लिए निर्मल हृदय एजुकेशन सोसाइटी ने गांव गांव प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस सोसाइटी के के प्रशिक्षक गोपाल मिश्रा ने बताया आल का मतलब है। आपको अपने काम को और आसान बनाना अपने दिमाग को और तेज बनाना तो चेहरों पर मुस्कान आने लगी।। प्रतिभागियों ने अपने मोबाइल में आल फार इंटरनेटसिप कोर्स शुरू किया। इसके माध्यम से महिला हस्तशिल्प व्यवसायी अपने प्रोडक्ट ऑनलाइन बेच सकते है। जिससे दुकान भी 'स्मार्ट' बन सकती है। ये शब्द थे। सविता देवी के जो सालों से घर पर अचार बनाकर ब्यापार करती है। प्रशिक्षक गोपाल मिश्रा ने अंत में कहा आल कोई मशीन नहीं ये आपकी सोच में बदलाव है। जब सोच बदलती है। तो गांव बदलता है। इसी तरह सोसाइटी के प्रशिक्षकों व्दारा जनपद हरदोई के ग्राम डही के मजरा अहरोरी में भी ग्रामीण महिला पुरुषों को प्रशिक्षण दिया गया।

# ग्राम प्रधान समेत 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

- करोड़ों की जमीन कौड़ियों के भाव हथियाने की हुई बड़ी साजिश
- मानीकला गांव के काफी रसूखदार माने जाते हैं नामजद आरोपी



स्वतंत्र प्रभात

1 जौनपुर। जिले की खेतासराय थाना पुलिस ने मुस्लिम बाहुल्य गांव मानीकलां के ग्राम प्रधान मो. अरशद समेत 14 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना व जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर की। खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकलां निवासी गयासुद्दीन के पुत्र मोहम्मद सलमान ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी मां नफीसा कमालुद्दीन की एकमात्र संतान थीं। उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति मेरी मां नफीसा के नाम वसीयत कर दी थी। कमालुद्दीन की मौत के बाद पूरी संपत्ति नफीसा के नाम दर्ज हो गई।

वर्ष 1988 में मेरी मां की मौत के बाद पूरी संपत्ति के वारिस मेरे पिता गयासुद्दीन हो गए। मेरे पिता रोजी-रोटी कमाने के लिए सऊदी अरब चले गए। इसका फायदा उठाते हुए मेरे बड़े पिता शहाबुद्दीन व गांव की रुकैया उर्फ जुग्गन व कुरैशा उर्फ मुग्गन ने खुद को नफीसा की सगी बुआ बताते हुए मुस्लिम विधि के प्रविधानों को गलत ढंग से दर्शाते हुए मेरी मां की भू-संपत्ति पर अपना नाम दर्ज करा लिया।

आपत्ति किए जाने पर 12 फरवरी 2014 को उप संचालक चकबंदी ने उनका नाम निरस्त कर मेरे पिता गयासुद्दीन का नाम दर्ज कराया। आरोप लगाया कि इसके बाद ग्राम प्रधान मोहम्मद अरशद की मिलीभगत से मेरे पिता की भू-संपत्ति हड़पने के लिए 26 अगस्त 2016 को रुकैया उर्फ जुग्गन के पुत्र जाविद अहमद ने गांव के ही गयासुद्दीन पुत्र अमीनुद्दीन के पक्ष में पावर आफ एटार्नी रजिस्टर्ड कर दिया।

**न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है मुकदमा**

जौनपुर। थानाध्यक्ष खेतासराय रामाश्रय राय ने इस प्रतिनिधि को बताया कि न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान अरशद, अनवारुद्दीन खान, अलकमा खान, शाहगंज के निजामपुर निवासी शकील अहमद खान, आजमगढ़ जिले के थाना सरायमीर के छित्तेपुर निवासी मोहम्मद जाकिर व फखरे आलम सहित 14 आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। आगे तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**इलाके के काफी रसूखदार हैं आरोपी**

जौनपुर। करोड़ों की जमीन को कौड़ियों के भाव हथियाने के मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत द्वारा धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने के आदेश से पूरे इलाके में हड़कम्प मचा है।

दरअसल इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान समेत जो 14 लोग अभियुक्त बनाए गए हैं। वह इलाके के काफी रसूखदार माने जाते हैं। प्रदेश में सत्ता शासन किसी की हो लेकिन तहसील और थाना पर इनकी पकड़ हमेशा बनी रहती हैं।

# सादीपुर प्वाइंट के विवाद को लेकर दोनो पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज

- एक पक्ष पर अवैध असलहा तो दूसरे पक्ष पर खुद कार पर फायरिंग कर गलत मुकदमा दर्ज कराने का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर जफराबाद। शनिवार की दोपहर हौज टोल प्लाजा बंदीपुर कट प्वाइंट के पास बैरियर लगाए जाने को लेकर उपजे विवाद में सोशल मीडिया पर वायरल दो विडियो जिसमें एक युवक को पिस्टल के साथ दबोचा जाने तथा एक निजी कार के फ्रंट शीशे पर फायरिंग किए जाने के दो निशान के वीडियो वायरल हुए थे। इसके संबंध में शनिवार की ही देर रात्रि जलालपुर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों से एक दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है शनिवार को हौज टोल प्लाजा के बंदीपुर कट प्वाइंट के पास बैरियर लगाने को लेकर जलालपुर के कोड़री गांव के दो पक्षो में कहा सुनी हो गई थी दोनों पक्ष ने एक दूसरे के ऊपर मारपीट फायरिंग इत्यादि से संबंधित आरोप लगाए हैं।

जलालपुर कोड़री गांव निवासी आशुतोष सिंह ने जलालपुर थाने पर दी हुई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह शनिवार की दोपहर हौज टोल प्लाजा के पास मौजूद था और वहीं पर कोड़री गांव निवासी विकास सिंह हैप्पी से उसका टोल बैरियर को लेकर विवाद हो गया और विकास के पक्ष के लोगों ने उसे मारा पीटा और उसके अवैध असलहे छीनकर अपनी कार के फ्रंट शीशे पर उसे फसाने की नियत से दो राउंड फायर कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसके विपरीत दूसरे पक्ष से विकास सिंह हैप्पी ने जलालपुर थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका पिछले दो-तीन दिनों से हौज टोल प्लाजा पर




खड़े होने को लेकर विवाद चल रहा था जिसमें आशुतोष सिंह शनिवार की दोपहर असलहा लेकर आया और उसके पक्ष के लोगों को धमकाने लगा। इसके बाद उसके पक्ष के लोगों ने उसे पिस्टल सहित दबोच लिया और उसके लोगो ने असलहे को ले जाकर जलालपुर थाने में जमा कर दिया। पुलिस दोनों पक्षो की तहरीर को लेकर केस को दर्ज कर लिया है और अपने स्तर से छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह का कहना है कि मामले में कुछ गिरफ्तार किए गए है।

# सीएनजी थ्रीव्हीलर की मनमानी के विरोध में मैजिक चालकों की हड़ताल

- रूट पर सीएनजी थ्रीव्हीलर वाहनों के प्रतिबंध की मांग



स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के वीरा पासी चौक पर रविवार को मैजिक चालकों ने सीएनजी थ्रीव्हीलर चालकों की मनमानी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। मैजिक चालकों का कहना है कि रायबरेली रूट पर चलने वाले सीएनजी ऑटो चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जिससे न केवल सवारियों को दिक्कतें हो रही हैं, बल्कि मैजिक चालकों को सवारियां नहीं मिलने से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन कर रहे चालकों में महेंद्र सिंह, आयुष, संजय सिंह, अभय, सर्वेश यादव, आजम खान, सुरेंद्र, नीरज गुप्ता और मोहम्मद खुर्शीद सहित कई लोगों ने बताया कि सीएनजी चालक क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर ले जाते हैं। इससे मैजिक वाहनों में सवारी नहीं मिलती, और उन्हें पूरे दिन सवारियों के इंतजार में खड़े रहना पड़ता है।

मैजिक चालकों ने यह भी आरोप लगाया कि सीएनजी थ्रीव्हीलर चालकों को केवल 16 किलोमीटर की परिधि में चलने की अनुमति है, लेकिन वे दूरदराज रूटों पर भी धड़ल्ले से सवारी भरकर चल रहे हैं। रायबरेली रूट पर फतेहपुर, डलमऊ और गुरुबक्शगंज की तरफ चलने वाले थ्री व्हीलर भी आकर सवारियां भर ले जा रहे हैं। बताया कि चालकों को मैजिक वाहन परमिट, बीमा, टोल टैक्स और स्टैंड शुल्क पर हर साल हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं।

इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त कमाई नहीं हो पा रही है। कहा कि सीएनजी चालकों को कम टैक्स देना होता है जिससे उन्हें अधिक आर्थिक दबाव नहीं है। प्रदर्शनकारी चालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नियम बनाकर रायबरेली रूट पर सीएनजी थ्रीव्हीलर की आवाजाही पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए ताकि मैजिक चालकों को राहत मिल सके और उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके।

# धर्म सभा में पश्चिम बंगाल की स्थिति पर जताई चिंता

- कृष्णाश्रय आश्रम केशव वृंदावन में हुई धर्मसभा



स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। धर्म रक्षा संघ की एक धर्म सभा कृष्णाश्रय आश्रम केशव धाम रोड वृन्दावन में कृष्णाश्रय आश्रम पीठाधीश्वर आचार्य बृजनाथ गोस्वामी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। धर्म सभा में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई तथा राष्ट्रपति महोदय से पत्र के माध्यम से मांग की जल्द से जल्द पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष 'सौरभ गौड़' ने कहा कि वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल के हालात अत्यधिक खराब और चिंताजनक हो चुके हैं, ममता बनर्जी की सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार कराया जा रहा है। धर्म रक्षा संघ के मार्गदर्शक 'महंत मोहिनी बिहारी शरण' ने कहा कि मुर्शिदाबाद की घटना के बाद यह प्रमाणित हो चुका है कि हिंदु समाज के लोग पश्चिम बंगाल में अपने को असुरक्षित महसूस करने के साथ भय के वातावरण में जीने को मजबूर हैं। धर्म रक्षा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष 'स्वामी सत्यमित्रानंद महाराज' ने कहा कि पश्चिम बंगाल की घटनाओं को देखने के बाद इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता की पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर क्रूरता पूर्वक होने वाला अत्याचार वहां तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी सरकार के द्वारा ही प्रायोजित है।बिना सरकारी सहयोग इस प्रकार आगजनी, मारपीट, लूटपाट,बलात्कार और नरसंहार नहीं किया जा सकता। कृष्णाश्रय आश्रम के पीठाधीश्वर 'आचार्य राजनाथ गोस्वामी महाराज' ने कहा कि एक सत्य यह भी है कि पश्चिम बंगाल में जब भी चुनाव होते हैं अधिकतर स्थानों पर हिंदुओं को वोट डालने से रोक दिया जाता है यदि यही हालात रहे तो एक दिन पश्चिम बंगाल पूरी तरह से हिंदू विहीन प्रदेश हो जाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि हजारों हिन्दू समाज के लोग अपने घरों से पलायन कर चुके हैं लाखों लोग पलायन करने के लिए तैयार बैठे हैं। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री



'आचार्य ज्ञानेश महाराज' ने कहा कि हिन्दू समाज एवं संविधान की रक्षा हेतु पश्चिम बंगाल में तुरंत प्रभाव से राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। वर्तमान ममता बनर्जी सरकार के रहते हिन्दू पूरी तरह असुरक्षित है। धर्म सभा में धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज, रविकांत गौतम, संजय, हरिओम, अमरेश पुण्डीर, आशा दासी, रेनू दासी, काजल दासी, मेनका दासी, गीता रानी दासी, बीना रानी दासी, शांति रानी दासी आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल मे समर कैम्प का हुआ आयोजन

लालगंज.रायबरेली शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में 19-20अप्रैल में दो दिनों का समर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के बच्चों ने खूब मस्ती की और धमाल मचाया कार्यक्रम का सुभारम्भ विद्यालय के मैनेजर डा. शशिकांत शर्मा व न्यू स्टैण्डर्ड बालिका पब्लिक स्कूल रायबरेली के प्रधानाचार्य टी. के. सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने फीता काट कर किया। दो दिनों के समर कैम्प में बच्चों ने वाटर रोलर, ज़ोरबिंगट्रेम्पोलिने, पूल क्रासिंग, एटलस माउंटेन बाइक, पॉटरी, किड्स बॉउंसी, बिग बॉउंसी, सूमो रेसलिंग, रेन डांस, पूल पार्टी, फॉर्म पार्टी, नॉक आउट बॉउंसी, तंडेम डुएल साइकिल, बर्मा ब्रिज, कमांडो क्रासिंग, कमांडो नेट, मैजिक शो आदि में बच्चों ने जमकर मौज मस्ती की। विद्यालय में समर कैम्प में अनुशासित रह कर कैम्प में अपनी अच्छा प्रदर्शन किया उन सभी बच्चों को ऋ्यू कैम्प की तरफ से स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समर कैम्प के मैनेजर व उनकी टीम को विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

# दिल्ली में काम छोड़कर बनारस आकर करने लगा छिनैती

- दिल्ली से डेढ़ माह पहले काम काज

स्वतंत्र प्रभात

वाराणसी। छोड़कर आया युवक शहर में किराए पर ऑटो चलाने के दौरान दो दोस्तों के साथ महिलाओं से चयन मंगलसूत्र जीने लगा सिगरा थाने की पुलिस ने सीसी कैमरा की फुटेज की मदद से ऑटो चालक दो दोस्तों और साइन गाने खरीदने वाले आभूषण विक्रेता को गिरफ्तार किया है आरोपियों की पहचान चोलापुर थाने के लखनपुर के अजय सिंह और धरसौना के अभिषेक उर्फ राहुल जयसवाल बड़ागांव थाने के सिसवा के भारत लाल और जौनपुर के केराकत थाने के खुज्जी मोड़ के इरफान इरफान के रूप में हुई आरोपियों के पास से 8 ग्राम सोने का टुकड़ा 6400 नगद वारदात में प्रयुक्त ऑटो और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया।

सिगरा थाने में गया झारखंड के कोरमाथू निवासी राहुल कुमार ने केस दर्ज कराया था बताया कि 7 अप्रैल को उसकी बहन रेनू कैंट स्टेशन के पास सड़क पार कर रही थी इस




दौरान लाल रंग की शर्ट पहले एक बदमाश ने उनकी बहन के गले से मंगलसूत्र छीन लिया था सिगरा थाने के इंस्पेक्टर राज बहादुर मौर्य और रोडवेज चौकी प्रभारी पुष्कर दुबे ने सीसी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया युवक को चिन्हित कर उसे और उसे उसके दो दोस्तों को मालगोदाम रोड से गिरफ्तार कर लिया। इरफान ने बताया कि लगभग डेढ़ माह से?400 रोज के किराए पर ऑटो चलाता है भारत लाल और अजय से उसकी पहले से दोस्ती है अजय का परिचित आभूषण विक्रेता रोहित है तीनों रात में ऑटो से निकलते थे और महिला यात्रियों से आभूषण छीन कर राहुल को बेच देते थे अजय के खिलाफ दो और भारत लाल के खिलाफ 10 आपराधिक मुकदमे कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों में दर्ज है।

# युवक की संदिग्ध मौत बनी रहस्य, हत्या या आत्महत्या?

- परिजन न्याय के लिए भटक रहे दर-दर



स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आलम खाँ मोहल्ले में स्थित एक मांस विक्रय स्थल से जुड़ा एक मामला अब रहस्य का रूप ले चुका है। मोहल्ला ख्वाजगी टोला निवासी 19 वर्षीय मो. आसिफ उर्फ ऊबैदा की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना केवल एक मौत नहीं, बल्कि न्याय प्रणाली पर उठते सवालों की बानगी बनती जा रही है।

**लाश दुकान से नहीं, बल्कि मृतक के घर से बरामद क्यों?**

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर आसिफ कार्यरत था, वहीं वह बुधवार देर रात संदिग्ध हालत में पाया गया। लेकिन, आश्चर्य की बात यह है कि पुलिस को तत्काल सूचना देने की बजाय कुछ लोगों ने उसकी लाश को उसके घर पर पर लाकर चुपचाप छोड़ दिया। पुलिस ने शव को वहीं से बरामद किया, जबकि वास्तविक घटनास्थल से कोई सुराग नहीं जुटाया जा सका।

**मृतक की मौसी की गुहार, पुलिस की चुप्पी**

मृतक आसिफ की मौसी ने कोतवाली थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि यह कोई सामान्य मौत नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। तहरीर में इब्राहिम कुरैशी के बेटे और इस्माइल उर्फ पप्पू प्लाटर सहित अन्य सहयोगियों के नाम शामिल हैं।

**पुलिस की कार्यशैली पर उठते सवाल**

परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस पूरे मामले में टालमटोल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कहकर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इतना ही नहीं, यह संदेह भी जताया जा रहा है कि पप्पू प्लाटर जैसे धनाढ्य व्यक्ति के प्रभाव में आकर पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है।

**क्या पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है?**

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि अगर किसी आम व्यक्ति का मामला होता, तो पुलिस अब तक कई गिरफ्तारियाँ कर चुकी होती। लेकिन यहां एक रसूखदार का नाम आने के बाद पुलिस की धीमी कार्रवाई संदेह पैदा करती है।

**परिजनों की मांग - मिले न्याय, हो निष्पक्ष जांच**

आसिफ की मौसी ने मीडिया से बातचीत में कहा, "हमारा बच्चा मेहनती और सीधा था। कोई दुश्मनी नहीं थी उसकी किसी से। अगर वह दुकान में मरा, तो लाश उसके घर पर क्यों मिली? हमें न्याय चाहिए, और दोषियों को सजा।" अब देखना यह है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद पुलिस इस मामले में कितनी तत्परता दिखाती है। सवाल वही है आसिफ की मौत, हत्या या आत्महत्या? जवाब आने तक न्याय की उम्मीद में एक परिवार दर-दर भटक रहा है।

# विद्यालय में वित्तीय गड़बड़ी का आरोप, निलंबित प्रधानाचार्या ने बाबू पर दर्ज कराया मामला

- सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में फंड के गबन का मामला। उजागर




स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के रामलीला मैदान स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वित्तीय गड़बड़ी का मामला सामने आया है। विद्यालय की निलंबित प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने विद्यालय के कार्यालय प्रमुख (बाबू) पर लाखों रुपये की गबन का आरोप लगाते हुए धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः आगरा जनपद के बृह्मनगर श्यामो की रहने वाली मधु शर्मा वर्ष 2001 से इस विद्यालय में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें अक्टूबर 2024 में संस्था के कोषाध्यक्ष के माध्यम से वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी मिली। जब उन्होंने इस संबंध में सफाई मांगी तो कार्यालय प्रमुख ने करीब 5 लाख 32 हजार 400 रुपये संस्था के खाते में जमा किए और शेष रकम भी जल्द लौटाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद 20 दिसंबर 2023 को संस्था की एक बैठक में विद्यालय प्रबंधक को कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया। जांच के दौरान पिछली ऑडिट रिपोर्ट में दोबारा गड़बड़ी सामने आने पर कार्यालय प्रमुख ने फिर दो लाख 40 हजार रुपये जमा कराए। प्रधानाचार्या ने संस्था के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सीए ने ऑडिट में मिली वित्तीय गड़बड़ियों को संस्था के सामने नहीं रखा। मधु शर्मा का दावा है कि वित्तीय लेन-देन उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता, इसलिए उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता जांच में पता चल जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर विद्यालय के प्रबंधक हरिद्वार सिंह ने बताया कि करीब 38 लाख रुपए की वित्तीय गड़बड़ी प्रकाश में आई है। जिसको लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य और बाबू के विरुद्ध तहरीर दी गई थी।

# स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड पाकर खिले चेहरे

- सभी हों शिक्षित तभी राष्ट्र और समाज का होगा उत्थान
- नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के टॉपरों को किया सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात

वृंदावन। वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में स्व. मोहनलाल चौधरी की 15वीं पुण्यतिथि पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिसके अंतर्गत गोविंद देव पब्लिक स्कूल में नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पिछले शिक्षण सत्र 2024- 25 में अपने अपने विद्यालय में टॉप करने वाले सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा वृंदावन नगर निगम के पार्षद घनश्याम चौधरी ने कहा कि मेधावी छात्रों को सम्मानित करके हम उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर सकते हैं। मेधावी बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। विशिष्ट अतिथि आशीष शर्मा ने कहा कि राष्ट्र और समाज उत्थान तब ही संभव है। जब हम अपने समाज को पूर्ण शिक्षित कर पाएंगे। सम्मानित अतिथि गोपाल चौधरी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं।

जब हम बच्चों के वर्तमान को मजबूत करने का कार्य करेंगे। तभी हमारे देश का भविष्य उज्जवल होगा। अध्यक्षता करते हुए परिषद चेयरमैन नवीन चौधरी एडवोकेट ने कहा कि शिक्षित समाज की परिकल्पना से ही उन्नत राष्ट्र की परिकल्पना साकार रूप ले सकती है। इससे पूर्व परिषद पदाधिकारियों और रोनव चौधरी ने संयुक्त रूप से स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर अवार्ड से 45 बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सचिन अग्रवाल, आकाश शर्मा, चन्द्रनारायण शर्मा, पवन ठाकुर, लव सक्सेना, दुष्यंत दीक्षित, मुकेश कृष्ण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, चौतन्य कृष्ण शर्मा, आशीष चौहान, शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन विष्णु गोला ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के आगमन पर ड्यूटियों को चैक किया



**कानपुर।** आज दिनांक 20.04.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के जनपद कानपुर नगर में प्रस्तावित आगमन/भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत थाना सजेती अंतर्गत नेयवेली पावर प्लांट पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया साथ ही साथ सभी ड्यूटियों को चेक कर अधिकारियों/कर्मचारियों को सुरक्षा ड्यूटी से संबंधित महत्वपूर्ण निम्न दिशा-निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। वीआईपी रूट पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक भीड़ न हो, इसके लिए सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिए। कानपुर पुलिस हर स्तर पर सतर्क एवं सजग है जिससे माननीय मुख्यमंत्री जी का दौरा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

### मुख्यमंत्री ने किया मोदी की सभा स्थल का निरीक्षण



**कानपुर।** मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों संग आज 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दौरे व विशाल जनसभा के दृष्टिगत स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा स्थल पर सुरक्षा के इंतजाम के साथ-साथ आम जनमानस को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्बंधित को दिए निर्देश। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, मेयर प्रमिला पांडेय अदि मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त, व जिलाधिकारी भी उपस्थित थे।

### अभियान चलाकर वाहनों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**कानपुर।** शासन के आदेश के क्रम में व उच्चाधिकारियों के निर्देशन में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष रुप से ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत नंबर प्लेट एवं बिना फिटनेस के सम्बन्ध में चेकिंग की गयी और यातायात नियमों का पालन न करने वाले 01 ई-रिक्शा पर एमवी एक्ट के तहत सीज की कार्यवाही एवं 88 ई-रिक्शा का चालान किया गया । वा चालकों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरुक किया गया । इस प्रकार की कार्रवाई के माध्यम से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है । दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा दिनांक- 19.04.2025 को यातायात नियमों का पालन न करने वालो पर की गई कार्यवाही का विवरण निम्न है - रॉन्ग साइड 138, ट्रिपल सवारी 80, अन्य 1046 , कुल 1284 वाहनों पर कार्यवाही हुई।

### पीएमएफएमई योजना में फूड प्रोसेसिंग इकाई लगाने हेतु 1326 का भौतिक लक्ष्य मिला




**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में फूड प्रोसेसिंग इकाई लगाने हेतु 1326 का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं इच्छुक कृषक/उद्यमी नई यूनिट ओडीओपी के चयनित फसल आंवला की फूड प्रोसेसिंग की स्थापना एवं अन्य इकाईयां जैसे टमाटर-केचप, प्यूरी, सॉस आदि तथा फ्रोजन मटर आदि की प्रसंस्करण इकाईयां एवं खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित इकाईयॉ जो पहले से संचालित है जैसे बेकरी उद्योग, अचार मुरब्बे की फैक्ट्री, फ्लोर मिल, आयल मिल, पल्स मिल, डेयरी, पशु आहार, मिठाई उद्योग आदि के स्थापना/उच्चीकरण हेतु लागत का 35 प्रतिशत एवं अधिकतम 10 लाख प्रति उद्यम के अनुदान की सुविधा है। इच्छुक व्यक्ति उद्यान विभाग से सम्पर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पट्टी में 35 राजस्व शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण

**● शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाय - जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 234 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये,जिनमें से राजस्व विभाग की 35 शिकायतों का डीएम ने मौके पर निस्तारण कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 234 शिकायतों में से 106 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 35, विकास विभाग से 38, समाज कल्याण से 02, शिक्षा से 01, स्वास्थ्य विभाग से 01 एवं 51 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार द्वारा सुना गया। शिकायतकर्ता विजय बहादुर निवासी राजमलपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी द्वारा रास्ते को लेकर एक समझौता के आधार पर अपनी भूमिधरी गाटा संख्या 474/0.0350 में सहभूमिधर है। विपक्षी दयाशंकर से आपसी सहमति से रास्ता बन गया और प्रार्थी के घर तक रास्ता खड़ंजा भी बन गया लेकिन विपक्षी अब रास्ते को पानी आदि भरकर अवरूद्ध कर दिया है और आने जाने से मना कर दिया है। इस प्रकरण पर डीएम ने उपजिलाधिकारी पट्टी को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर यथाशीघ्र शिकायत का निस्तारण कराया जाय। इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान में प्राप्त अन्य शिकायतों के सम्बन्ध डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण



प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाय। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की 02 या उससे कम शिकायतें है वह सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त मौके पर जाकर आज ही शिकायतों का निस्तारण कराते हुये तहसील को सूचित करें तथा जिन विभागों की 02 से अधिक शिकायतें आयी है वह कम से कम 02 शिकायतों का निस्तारण अवश्य करें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरते। शिकायककर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाय। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाय। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में खराब प्रदर्शन करने वाले थानाध्यक्षों को एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह की फटकार

**● लगातार 6 माह तक खराब प्रदर्शन करने वाले थानाध्यक्षों को मिली चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर जोन के अंतर्गत विगत 06 माह में आईजीआरएस / जनसुनवाई में खराब प्रदर्शन करनें वाले थाना प्रभारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा दिए गए हैं। कानपुर जोन कार्यालय की विज्ञप्ति में बताया गया कि आईजीआरएस/सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षोपरान्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न कर विगत 06 माह में सबसे खराब रैंक की पुनरावृत्ति करनें वाले थानों, जो जनसुनवाई के प्रति असंवेदनशीलता को प्रदर्शित कर रहे हैं, ऐसे अक्षम थाना प्रभारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फतेहगढ़, कन्नौज एवं जालौन को निर्देशित किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने किया कानपुर मेट्रो के भूमिगत खंड का निरीक्षण



**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा



नवनिर्मित नयागंज से रावतपुर स्टेशन तक किया मेट्रो ट्रेन से सफर परखी तैयारियां। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को कानपुर में मोतीझील से कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन तक भूमिगत मेट्रो का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री मेट्रो में सफर भी करेंगे। इसी के मद्देनजर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो में जाकर व्यवस्थाओं को परखा तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। अभी तक कानपुर में आईआईटी से लेकर मोतीझील तक एलीवेटेड मेट्रो का संचालन हो रहा था लेकिन अब इसके कानपुर सेंट्रल से जुड़ जाने से कानपुर की ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार आने की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री ने नेवेली व पनकी विद्युत परियोजना का किया निरीक्षण





**● कानपुर में 660 मेगावाट विद्युत की दो परियोजनाओं का 24 को प्रधानमंत्री करेंगे लोकार्पण।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज 3 x 660 नेवेली, घाटमपुर तापीय विद्युत् परियोजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा परियोजना के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि इसकी कुल उत्पादन क्षमता - 3 x 660 मेगावाट है वहीं लोकार्पण हेतु प्रथम यूनिट की उत्पादन क्षमता - 660 मेगावाट है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल लागत- 21780.94 करोड़ जबकि लोकार्पण हेतु प्रथम यूनिट की लागत- 9337.68 करोड़ रूपए है। उक्त परियोजना का संचालन कोयला मंत्रालय, भारत सरकार एवं ऊर्जा विभाग उ0प्र0 द्वारा किया जा रहा है और इसकी कार्यदायी संस्था नेयवेली उत्तर प्रदेश पॉवर लिमिटेड (NLCIL और UPRVUNL का संयुक्त उपक्रम) है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज 1म660 मेगावाट पनकी तापीय विस्तार परियोजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री ने पनकी तापीय परियोजना के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। बता दें, उक्त परियोजना की उत्पादन क्षमता - 660 मेगावाट तथा कुल लागत- 8305.16 करोड़ रूपये है तथा परियोजना का क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) द्वारा किया जा रहा है।

## कांग्रेसियों ने आराधना मिश्रा मोना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार को रामपुर खास की विधायक एवं सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन के शुभ अवसर पर दीर्घायु जीवन के लिए इस भीषण गर्मी से बचाव हेतु गरीब मोचियों व पंचर बनाने वालों को छाता भेंट किया गया।उसके उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया।तत्पश्चात एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी व संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आराधना मिश्रा मोना, रामपुर खास



विधानसभा की बगिया को सजाने व संवारने का कार्य बखूबी कर रही है। वे हमेशा गरीबों, शोषितों, वंचितों, महिलाओं के लिए सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठाती रहती है द्य कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला व नगर अध्यक्ष इरफान अली ने संयुक्त रूप से कहा कि आराधना मिश्रा मोना एक अजेय योद्धा हैं। वह रामपुर ब्लॉक से लगातार तीन बार निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख रहीं, जब से विधानसभा का चुनाव लड़ रही है लगातार विपरीत परिस्थिति में भी तीसरी बार कांग्रेस से विधायक का चुनाव जीत रही है और नेता कांग्रेस विधानमंडल दल उत्तर प्रदेश के पद को सुशोभित कर रही है द्य इस अवसर पर मुख्य रुप से कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, जिला सचिव अभय प्रताप सिंह, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शुभम मिश्रा, यश द्विवेदी, सिटी अध्यक्ष इमरान खान, धर्मराज सिंह, प्रदीप यादव, नगर प्रभारी संजय इश्तियाक, बेलाल अहमद, श्याम शंकर तिवारी, अश्वनी उपाध्याय, रवि प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगर से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।वादी निवासी ग्राम पूरा के साथ आरोपीगणों द्वारा योजनाबध्द तरीके से धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का धोखे से बैनामा कर देने के प्रकरण में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आसपुर देवसरा में 17 अप्रैल को एक अभियुक्त नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना आसपुर देवसरा प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजन कुमार बिन्द मय हमराह का0 अजीत चौहान, का0 राजेन्द्र गर्ग द्वारा देखभाल मुखबिर की सूचना पर थाना आसपुर देवसरा में पंजीकृत अन्तर्गत धारा 467/468/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त सुरेश सिंह पुत्र स्व0 राम यज्ञ सिंह निवासी ग्राम नगर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगर से गिरफ्तार किया गया ।

## पीएम के लिए तैयारियों का जायजा लेने कानपुर पहुंचे योगी आदित्यनाथ, किया मेट्रो में सफर

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आगामी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन के लिए तैयारियों का जायजा लेने के इरादे से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रविवार को कानपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में स्थित नेयवली पॉवर प्लांट का भ्रमण किया। करीब 40 मिनट तक उन्होंने प्लांट में रुककर टरबाइन व कंट्रोल यूनिट का निरीक्षण कर प्लांट अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी ली व दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उनका हेलीकॉप्टर कानपुर के लिए उड़ गया। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर कानपुर के चकेरी से उड़कर करीब 12.50 पर पॉवर प्लांट में लैंड हुआ। उसके बाद उन्होंने प्लांट की यूनिटों का निरीक्षण किया। इसके बाद प्लांट के अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी लेने के साथ दिशा निर्देश भी दिए। प्लांट के



अधिकारियों ने बताया कि 660- 660 मेगावाट की तीन यूनिटों में पहली यूनिट चालू हो चुकी है। राम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने अधिकारियों के साथ भी बैठक करके आवश्यक कार्य निर्देश दिए। अपने आगमन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो का भी सफर किया। इस मौके पर उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ,मंत्री राकेश सचान सांसद देवेंद्र सिंह भोले, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान और जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण भी मौजूद रहे।

## वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारम्भ, अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ - डीएसडब्लूओ

**● जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता पर होगी कड़ी कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन हेतु खण्ड विकास अधिकारियों एवं नगरीय शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों के सत्यापन हेतु उप जिलाधिकारियों अधिशासी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा विकास खण्ड लालगंज के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सत्यापित पेंशनरों का क्रास वेरिफिकेशन किया गया। जिससे सही बुजुर्ग लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके। इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसके अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन के कुल 152860 पेंशनरों का सत्यापन 15 मई तक पूर्ण किया जायेगा। जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी,कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही होगी।मण्डलीय उप निदेशक एवं



जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा 10 प्रतिशत सत्यापन का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जायेगा।ज्ञातव्य है कि विभाग की ओर से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बी0पी0एल0 आय सीमा के अन्तर्गत वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपयें की पेंशन डी0बी0टी0 के माध्यम से तिमाही प्रदान की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपयें और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपयें से कम होनी चाहिए।योजना को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाए गए है।लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नम्बर को बैंक खातों से लिंक कराना अनिवार्य है। एकीकृत पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि एक व्यक्ति किसी एक पेंशन में ही लाभ प्राप्त कर सकें।

## फसल सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम-एकीकृत कीट प्रबन्धन-जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कृषकों से कहा है कि फसल सुरक्षा की दिशा में एकीकृत कीट प्रबन्धन (आईपीएम) अपनाये,जिससे कृषि उत्पादन में आ रही विभिन्न व्याधियों का समुचित प्रबन्धन हो, लागत कम आये और पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिले।यह रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम करते हुये टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देता है। उन्होने बताया है कि कीटों की निगरानी हेतु फसल को नियमित रूप से जांचें और कीटों, रोगों की पहचान करें।उन्होंने बताया है कि स्वस्थ मिट्टी प्रबन्धन हेतु जैविक खाद, कम्पोस्ट और हरी खाद का प्रयोग करें, एक ही फसल बार-बार न लगायें, सही बीज चुनाव के तहत रोगरोधी किस्में बोएं उकहा कि हाथ से कीटों को इकट्ठा कर नष्ट करें। जाल, रिफ्लेक्टर टेप या बैरियर लगायें। जैविक नियंत्रण के सम्बन्ध में उन्होने बताया है कि प्राकृतिक शत्रुओं (लाभदायक कीट) को बढ़ावा दें जैसे लड़ाकू कीट-लेडीबर्ड (एफिड खाने वाला), मकड़ी, परजीवी ततैया, जैविक कीटनाशक-नीम का तेल, बैसिलस ब्यूवेरिया बैसियाना का प्रयोग करें। रासायनिक नियंत्रण के सम्बन्ध में बताया गया है कि कम विषैले कीटनाशक का सीमित उपयोग करें। कीटनाशकों का छिड़काव सही समय और सही मात्रा में करें।

## पीसीएफ के प्रबंध निदेशक ने गेहूं खरीद केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

**● संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक, गेहूं खरीद में तेजी लाने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जनपद अमेठी में सहकारिता विभाग की कय एजेन्सियों द्वारा की जा रही गेहूं खरीद की समीक्षा पीसीएफ के प्रबन्ध निदेशक डा0 चन्द्र भूषण त्रिपाठी द्वारा की गयी। समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ अयोध्या मण्डल, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ अमेठी, सहायक आयुक्त एंव सहायक निबन्धक के प्रतिनिधि अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्यालय अमेठी एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी, तहसील मुसाफिरखाना व तिलोई



द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रबन्ध निदेशक द्वारा जनपद में गेहूं खरीद की धीमी प्रगति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इसके लिये सचिवों के साथ ही विकास खण्ड एव तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर शासन की नीतियों के अनुरूप मूल्य समर्थन योजना के लाभों से कृषकों को अवगत कराते हुए सहकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं विक्रय करने हेतु प्रोत्साहित करने के कड़े निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने गेहूं खरीद में रूचि न लेने वाले क्रय केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, अमेठी को दिये। समीक्षा बैठक के पूर्व प्रबन्ध निदेशक द्वारा पीसीएफ के कय केन्द्र बीपैक्स निहालगढ़ एवं मुसाफिरखाना का निरीक्षण किया गया। बीपैक्स मुसाफिरखाना में निरीक्षण के समय किसान गिरीजा शंकर मिश्र के गेहूं की तौल की जा रही थी तथा बी पैक्स निहालगढ़ में किसान ओम प्रकाश यादव, ग्राम उतेलवा द्वारा गेहूं विक्रय हेतु लाया गया। निरीक्षण के समय अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्यालय अमेठी द्वारा सचिवों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से कृषकों से संपर्क कर लक्ष्य के अनुरूप गेहूं खरीद कराये जाने के कड़े निर्देश दिये गये।

## अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मणों पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर ब्राह्मणों में भारी रोष

**●अंबेडकर चौराहे पर शिवाय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला की अगुवाई में सर्व समाज के सैकड़ो लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए फूंका पुतला**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मणों को लेकर किए गए अपमानजनक टिप्पणी से ब्राह्मण समुदाय सहित सर्व समाज में भारी आक्रोश है। जिसको लेकर शुकुल बाजार अंबेडकर चौराहे पर शिवाय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ो ब्राह्मणों सहित सर्व समाज के लोगों ने अनुराग कश्यप का पुतला पूछते हुए विरोध जताया। बताते चलें ब्राह्मणों का गौरवशाली इतिहास रहा है प्राचीन काल से समस्त जाति के लोग भारत में ब्राह्मणों को सम्मान देने का कार्य करते हैं और सम्मान करते हैं ऐसे में किसी व्यक्ति द्वारा किसी समुदाय को किसी जाति को टारगेट करके अपमानजनक, आपत्तिजनक टिप्पणी करना बेहद ही निंदनीय है। लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अनुराग कश्यप का पुतला फूंका, इस दौरान शिवाय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मणों का गौरवशाली इतिहास है उन्होंने आचार्य चाणक्य का जिक्र करते हुए कहा कि चाणक्य ने नंदवंश का नाश करके चन्द्रगुप्त मौर्य को अजापाल से प्रजापाल (राजा) बनाया। उनके द्वारा रचित अर्थशास्त्र नामक ग्रन्थ राजनीति, अर्थनीति, कृषि, समाजनीति आदि का महान ग्रंन्थ है अर्थशास्त्र मौर्यकालीन भारतीय समाज का दर्पण माना जाता है। रमेश तिवारी ने कहा कि जमदग्नि और रेणुका से जन्मे ब्राह्मण भगवान परशुराम के बारे में भविष्यवाणी की गई थी कि वे ऐसे समय में प्रकट होंगे जब धरती पर भयंकर बुराई का बोलबाला था। कुछ अत्याचारी राजाओं ने, हथियारों और शक्ति के साथ, अपनी शक्ति का दुरुपयोग करना शुरू कर दिया था, दूसरों की चीज़ों को बलपूर्वक छीनना और लोगों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया था। उन्होंने उन अत्याचारी राजओं और उनके वंशों को



इक्कीस बार धरा से नष्ट करके ब्रह्मांडीय संतुलन को सही किया था। उदय नारायण मिश्र ने कहा कि वैसे तो ब्राह्मण में कई महान योद्धा हुए लेकिन निम्नांकित का जवाब नहीं,क्योंकी इनके युद्ध कौशल और महान देशभक्ति के कारण ही भारत यानि हिंदुस्तान आज भी विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं भगवान श्री परशुराम, पुष्येमित्रसुंग, चाणक्य, मंगल पाण्डे, चंद्रशेखर आज़ाद।एक से एक नवरत्न योद्धा हैं ब्राह्मणों में जिनके बारे में अगर लिखना शुरू किया जाय, तो सातो समंदर का पानी भी कम पड जाय। अंशुमान शुक्ला ने कहा किब्राह्मण समाज की अगर बात करें तो ब्राह्मण समाज दुनिया के सबसे पुराने संप्रदाय एवं जाति में से एक है। पुराने वेदों एवं उपनिषदों के अनुसार ब्राह्मण समाज का इतिहास, सृष्टि के रचियता ब्रह्मा से जुड़ा हुआ है। वेदों के अनुसार ऐसा बताया जाता है कि ब्राह्मणों की उत्पत्ति हिन्दू धर्म के देवता ब्रह्मा से हुई थी। ऐसा माना जाता है कि वर्तमान में जितने भी ब्राह्मण समाज के लोग हैं वे सक भगवान ब्रह्मा के वंशज हैं।ब्राह्मण जाति का इतिहास प्राचीन भारत से भी पुराना माना जाता है, ब्राह्मण जाति की जड़े वैदिक काल से जुड़ी हुई हैं। प्राचीन काल से ही ब्राह्मण जाति के लोगों को समाज में उच्च स्थान प्राप्त था, उस समय ब्राह्मण जाति के लोग सबसे ज्ञानी माने जाते थे। इस जाति के लोगों को प्राचीन काल से ही उच्च एवं बड़े लोगों की श्रेणी में देखा जाता रहा है। सर्व समाज सहित ब्राह्मण समाज के लोगों ने अपमानजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही साथ लोगों ने शुकुल बाजार थाने पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन थाना अध्यक्ष शुकुल बाजार को सौंपते हुए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अनुराग कश्यप पर कठोर कार्रवाई की मांग की है । अंबेडकर चौराहे पर विरोध प्रदर्शन और पुतला फूंके जाने के दौरान प्रमुख रूप से प्सतीश मिश्रा, रविंद्र सिंह, महेश दुबे ,संतोष पांडे, हरकेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, सत्यम शुक्ला, अरुण शुक्ला, राम प्रसाद शुक्ल रमेश तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## संयुक्त कृषि निदेशक ने किया जनपद का दौरान, किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट** – जलागम उत्तर प्रदेश कृषि भवन लखनऊ के संयुक्त कृषि निदेशक वीएन पांडेय ने रविवार को जनपद का दौरान किया। यहां उन्होंने चित्रकूट खरीफ वर्ष 2025-26 में फसलोत्पादन में वृद्धि एवं कम उत्पादकता वाले गांवों का निरीक्षण कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उत्पान एवं उत्पादकता बढ़ाने को लेकर बैठक भी की। संयुक्त कृषि निदेशक ने उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाए जाने की रणनीति, प्राकृतिक खेती के बढ़ावा देने, फसल प्रबंधन, मिलेटस फसल को बढ़ावा देने सहित अन्य तकनीकी जानकारी आदि के संबंध में कृषि भवन चित्रकूट के सभागार में प्रगतिशील कृषकों सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए अधिकारियों, क्षेत्रीय कर्मचारियों व किसानों के सुझाव लिए। साथ ही समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली। संयुक्त कृषि निदेशक ने खेत तालाब के माध्यम से जल संरक्षण कर सिंचाई करने, पानी के सदुपयोग के लिए टपक विधि से सिंचाई करने, मृदा परीक्षण करने, नैनो यूरिया, डीएपी को ड्रोन विधि छिड़काव करने, कृषि, औद्यानिक, साग सब्जी, मछली पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन आदि साथ करने के लिए सुझाव एवं जानकारी दी। इस दौरान मौजूद अधिकारियों ने अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके साथ ही संयुक्त कृषि निदेशक ने कसहाई में सोलर पंप, कंठीपुर में कृषि यंत्र, रगोली में एग्री जंक्शन, बाबूपुर में नमसा योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ल, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक मत्स्य अधिकारी भानु चंद्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, देवेंद्र सिंह, इफ्को से राजवीर सिंह, सहकारिता से धीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति की 4 दिवसीय भारत यात्रा, आर्थिक और भू-राजनीतिक संबंधों पर होगी चर्चा

## अमेरिकी सीनेटर जेडी वेंस भारत यात्रा पर आ रहे है

अमेरिकी सीनेटर जेडी वेंस भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस वार्ता में आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक संबंधों पर चर्चा होने की उम्मीद है। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है।



जेडी वेंस की भारत यात्रा

स्वतंत्र प्रभात

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत आ रहे हैं। यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी, जिसमें उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस और तीन बच्चे भी उनके साथ होंगे। वेंस 21 अप्रैल को भारत पहुंचेंगे और अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान दिल्ली, जयपुर और आगरा का दौरा करेंगे। जेडी वेंस की भारत की आधिकारिक यात्रा 90 दिन की टैरिफ पॉज विंडो के बीच हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, परिवार के अलावा, अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ पेंटागन और स्टेट डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों सहित कम से कम पाँच वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी भी होंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जेडी वेंस और उनके परिवार का सोमवार, 21 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे पालम स्थित वायुसेना स्टेशन पर स्वागत किया जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि वेंस परिवार दिल्ली के आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल में ठहरेगा।

**जेडी वेंस की भारत यात्रा कार्यक्रम**

एक रिपोर्ट के अनुसार, 21 अप्रैल को दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद वेंस और उनके परिवार के स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर और पारंपरिक भारतीय शिल्प बेचने वाले बाजार का दौरा करने की उम्मीद है। इसके बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और उनके साथ डिनर करेंगे। 22 अप्रैल को वेंस जयपुर जाएंगे, जहां वे आमेर किले जैसे प्रसिद्ध स्थलों का दौरा करेंगे। 23 अप्रैल को वे आगरा जाएंगे और ताजमहल तथा शिल्पग्राम का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के समापन पर वेंस 24 अप्रैल को सुबह 6:40 बजे भारत से प्रस्थान करेंगे।

**भारत क्यों आ रहे हैं जेडी वेंस?**

अमेरिकी सीनेटर जेडी वेंस भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस वार्ता में आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक संबंधों पर चर्चा होने की उम्मीद है। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है। चर्चा के मुख्य बिंदु- ऊर्जा विविधीकरण और परमाणु प्रौद्योगिकी में निवेश, द्विपक्षीय व्यापार समझौता और व्यापार वृद्धि और भू-राजनीतिक संबंधों को मजबूत करना। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों में नई गति मिलने की उम्मीद है।

# संक्षिप्त खबरें

## अधेड़ व्यक्ति का छत की कुंडी से लटकता हुआ मिला शव

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के लेवड़ी गांव में शनिवार रात में एक 45वर्षीय व्यक्ति फुल्लर यादव पुत्र ढोढे की लाश घर में छत की कुंडी से लटकती हुई मिली। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। सूचना पर पर पहुंची पुलिस फोरेंसिक टीम जरूरी कार्रवाई पूरी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के लेवड़ी गांव निवासी फुल्लर और उसकी पत्नी दोनों रहते थे इनके बच्चे नहीं थे पत्नी मानसिक रूप से बीमार रहतीं थीं। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच कर छत की कुंडी से शव को उतवाकर पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में एस आई शिवाकांत राय ने बताया मृतक फुल्लर यादव के भाई कमसार गांव में रहते हैं जिनके द्वारा तहरीर मिली है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 300 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा

मथुरा। थाना वृन्दावन पुलिस ने एक अभियुक्त को 350 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा है। थाना वृन्दावन पुलिस ने चेकिंग के दौरान विनोद पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी केहरावली थाना करहल जिला मैनपुरी को 350 ग्राम नाजायज गांजा के अग्रोंच मार्ग से करीब 70 मीटर अन्दर की तरफ कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना वृन्दावन मथुरा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया।

## जंगली सूअर ने किया पर किया हमला

मथुरा। यमुना एक्सप्रेस वे बनने के बाद एक्सप्रेस वे के आसपास के इलाकों में जंगली सूअरों का आतंक है। वहीं एक्सप्रेस वे बनने के बाद नीलगाय की संख्या बेहद कम हो गई है। जंगली सूअर किसानों पर हमलावर हो जाते हैं। बेहद सख्त और ताकतवर जंगली सूअर से किसान डरते हैं और भगाने की बजाय खुद भाग खड़े होते हैं। किसानों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन से किसानों ने मदद मांगी है। रविवार को महावन तहसील के गांव बल्दी गढ़ी में एक किसान पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में कियान बुरी तरह से घायल हो गया। किसान उत्तम सिंह सुबह सात बजे अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। चारा काटते समय अचानक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उनका पैर घायल हो गया। किसी तरह से वह अपनी जान बचा सके। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली सूअरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले भी कई किसान इनके हमले का शिकार हो चुके हैं। वन विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

## अरुण रावल ने प्रमुख सचिव के सामने रखी कलाकारों की बात



प्रमुखसचिव मुकेश मेश्राम से मुलाकात करते अरुण रावल।

मथुरा। ब्रज मंडल के लोकप्रिय गायक एवं आकाशवाणी कलाकार अरुण रावल ने उत्तर प्रदेश सरकार में संस्कृति व पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम से मुलाकात की। रावल ब्रज मंडल में अपने लोक गायन से पहचाने जाते हैं। जिन्होंने पूरे ब्रज मंडल में ब्रज के लोक गायन की परंपरा को आगे बढ़ाया है। अरुण रावल उन्होंने अपनी टीम के साथ पर्यटन विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग एवं संगीत नाटक अकादमी और ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जो भी उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम होते हैं सुंदर प्रस्तुतियां देते रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में संस्कृति व पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम श्री राम लला का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अरुण रावल ने बताया कि मुख्य सचिव से मिलकर अच्छा लगा और मैंने ब्रज मंडल के सभी कलाकारों की बात उन तक पहुंचाई। उन्होंने आश्वासन दिया है की सभी ब्रज के कलाकारों को संस्कृत विभाग एवं पर्यटन विभाग में लगातार काम मिलेगा।

# बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी एक की मौत, एक घायल

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के बरगदवा पुल के पास अनियंत्रित होकर बाइक गड्ढे में गिरी इससे बाइक सवार एक की मौत एक घायल घटना शनिवार की देर रात की है।शनिवार की देर रात बरगदवा पुल के पास बाइक सवार दो युवक बाइक सहित गड्ढे में गिर गए। जिसमें एक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गड्ढे से बाहर निकलवाया जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया।मृतक संदीप गिरी (34) पुत्र सुखराम निवासी गौरा मंगूआ तथा आलोक(16) पुत्र महेश गौतम गौरा मंगूआ का निवासी है।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता का घर के अंदर फंदे से लटकता मिला शव, मृतका के पिता ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात



सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा गावं में रविवार की सुबह विवाहित महिला का शव कमरे के अंदर फंदे से लटकता हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के सेमरा गावं में संगीता (23) पत्नी धर्मेंद्र पासवान का शव कमरें में छत कुंडी में दुपट्टा के फांसी के फंदे से रविवार को सुबह लटकता मिला।

पति धर्मेंद्र पासवान अपने वृद्ध मौसा रामदत्त (80 वर्ष) व मौसी गुजराती (78वर्ष) के घर सेमरा गावं में शादी के बाद से ही रहता है। मृतका का मायका थाना बांसी क्षेत्र के ग्राम मदरहना लाला से लोगों ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। विवाहित महिला के पिता गिरधरन ने अपने बेटी को मारकर फंदे से लटका देने का आरोप ससुराल( मौसा मौसी व पति) के लोगों पर लगाया। घर पर पहुंचे दोनों परिवारों के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि मायके वालों ने लड़के के मौसा रामदत्त (80 वर्ष) व मौसी गुजराती (78वर्ष) को मारा पीटा। उन्हें एम्बुलेंस सीएचसी शोहरतगढ़ ले गये। मृतका की शादी नौ वर्ष पूर्व हुआ था और पांच वर्ष पूर्व गौना हुआ था। उसके पास दो वर्ष का एक बेटा है।मृतका ने आत्महत्या की या मारकर इसे लटका दिया गया है, मामला संदिग्ध है। पुलिस मृतका के पति धर्मेंद्र पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मृतका के पति धर्मेंद्र पासवान को हिरासत में रखा गया है।

# शिक्षण संस्थाओं की उन्नति एवं प्रगति में समाज का हमेशा योगदान रहा है- कुलपति प्रोफेसर कविता शाह

स्वतंत्र प्रभात



सिद्धार्थनगर। विश्वविद्यालय कपिलवस्तु परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाली अक्षय निधि योजना के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर अर्थशास्त्र विषय में तथा बीएड कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दो और गोल्ड मेडल अगले दीक्षांत में प्रदान किया जाएगा। विदित है कि विगत वर्ष सिद्धार्थ विश्वविद्यालय ने समाज के सहयोग से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की योजना प्रारंभ की थी जिसके अंतर्गत समाज के अलग-अलग क्षेत्र से नौ लोगों ने अक्षय निधि में निर्धारित धनराशि जमा की थी जिसके माध्यम से अलग-अलग कक्षाओं में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले गोल्ड मेडल के अतिरिक्त नौ स्पॉन्सर्ड गोल्ड मेडल प्रदान किए गए थे। उसी क्रम में बुद्ध विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग के आचार्य डॉक्टर सतीश चन्द्र द्विवेदी ने स्नातकोत्तर स्तर अर्थशास्त्र विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को अयोध्या प्रसाद द्विवेदी स्वर्ण पदक हेतु निर्धारित दो लाख का चेक तथा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व शिक्षा संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सुमित्रा सिंह ने प्रोफेसर सुमित्रा सिंह स्वर्ण पदक हेतु जो बीएड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को दिए जाने वाले गोल्ड मेडल हेतु दो लाख का चेक कुलपति प्रोफेसर कविता शाह एवं कुलसचिव डॉ अमरेंद्र कुमार तथा आईक्यूएसी निदेशक प्रो सौरभ की उपस्थिति में विश्वविद्यालय को प्रदान किया।

इस अवसर पर कुलपति ने इस वर्ष प्रदान किए गए धनराशि के दाताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की शिक्षण संस्थाओं की उन्नति एवं प्रगति में समाज का हमेशा योगदान रहा है। इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को इस योजना का सीधे लाभ मिलेगा। निश्चित रूप से जब इस प्रकार के मेडल और पुरस्कार विद्यार्थी को मिलता है तो न केवल वह विद्यार्थी अपने अध्ययन में तत्पर होता है उत्साहित होता है अपितु इस तरह की योजनाओं के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों पर भी इसका सीधा प्रभाव दिखेगा और यह कार्य शैक्षणिक वातावरण सृजित करने में अत्यंत ही मूल्यवान है। उन्होंने कहा कि गोल्ड मेडल के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने स्कॉलरशिप हेतु भी समाज के लोगों का आह्वान किया है जिससे विद्यार्थियों विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का जीवन और उनका भविष्य उज्जवल हो सकेगा।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर बिखर गईं भेड, 15 मरीं

## ● ट्रक चालक को केबिन काट कर निकाला बाहर

स्वतंत्र प्रभात



यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे के बाद पलटे कंटेनर और ट्रक।





मथुरा। यमुना एक्सप्रेस वे पर हुए दर्दनाक हादसे में 15 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक के केबिन में फंसे चालक को बमुश्किल गैस कटर से केबिन काट कर निकाला गया। एक्सीडेंट में ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी फंस गया। इस दौरान वह गंभीररूप से घायल भी हो गया था। केबिन से निकालने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा यमुना एक्सप्रेसवे पर थाना महावन क्षेत्र में सुबह साढ़े पांच बजे माइलस्टोन 115 के पास आगरा से नोएडा वाली लेन पर हुआ। यहां एक ट्रक को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। ट्रक में भेड भरी हुई थीं। टक्कर लगने के बाद ट्रक सड़क पर ही पलट गया। खानपुर चौकी प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से मथुरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मथुरा के थाना शेरगढ़ का रहने वाला मुवीन और बरेली निवासी ट्रक चालक सोहेल शामिल हैं। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। मुवीन इंदौर से भेड़ बकरी लेकर अपने गांव शेरगढ़ जा रहा था। गांव पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटा दिया है और यातायात सामान्य कर दिया गया है।

# शिक्षण संस्थाओं के अवैधरूप से लगाये गये होर्डिंग उखाडे





## ● नगर निगम की ओर से लगाया गया मोटा जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। महानगर में शिक्षण संस्थाओं की ओर से लगाये गये अवैध होर्डिंग्स को नगर निगम की टीम उखाड कर अपने साथ ले गई। जिन शिक्षण संस्थाओं की ओर से ये होर्डिंग लगाये गये थे उनके उपर नगर निगम की ओर से मोटा जुर्माना लगाया गया है। नगर आयुक्त के आदेशानुपालन में अवैध क्योस्क बोर्ड, होर्डिंग्स के विरूद्ध चलाये गये अभियान में रविवार को प्रवर्तन दल की टीम व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ बीएसए पुलिया से भूतेश्वर तक, भूतेश्वर से गोवर्धन चौराहे तक, भूतेश्वर से डीग गेट मसानी तक, मसानी से गोकुल रेस्टोरेंट तक छोटे बड़े 38 होर्डिंग्स बोर्ड हटाये गये। इसके अतिरिक्त ऐसे प्रतिष्ठान महानगर में अवैधरूप से लगाये गये होर्डिंग्स को उखाड कर ले जाती नगर निगम की टीम।

जिन्होंने बिना अनुमति के विज्ञापन पट स्थापित किये गये उन जुर्माने की कार्यवाही की गयी। विवरण 1. कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल सरस्वती कुण्ड के द्वारा बिना अनुमति के विज्ञापन पट स्थापित किये जाने पर 26000 रूपये का जर्माना आरोपित किया गया। रमनलाल शोरावाला प्लेग्राउन्ड स्कूल, 15 कृष्णानगर मथुरा के द्वारा बिना अनुमति के विज्ञापन पट स्थापित किये जाने पर 30,000 रूपये का जुर्माना आरोपित किया गया। माउन्ट हिल स्कूल मसानी बाईपास के द्वारा बिना अनुमति के विज्ञापन पट स्थापित किये जाने पर 8000 रूपये का जुर्माना आरोपित किया गया। अभियान के दौरान राजस्व निरीक्षक श्री यादवेन्द्र कुमार व राजस्व विभाग के श्री शंकर लाल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान सोमवार को भी चलाया जाएगा।

# ईस्टर संडेः यीशु मसीह का पुनरुत्थान दिवस मनाया


ईसाई समाज ने हाथों में मोमबत्ती लेकर गिरजाघरों में की प्रार्थना

मथुरा। सेंट्रल मेथॉडिस्ट चर्च मथुरा में ईस्टर तड़के सुबह डान सर्विस में लोगों ने हाथ में मोमबत्ती लेकर यीशु मसीह के जी उठने की खुशी में गीत व भजन गाते हुए चर्च का माहौल भक्ति मय कर दिया। इसके बाद अनुयाईयों ने जुलूस निकाल कर खुशियां मनाई। इस अवसर पर रेजी विलियम ने प्रभु का संदेश सुनाया। चर्च के पास्टर इंचार्ज रेव्ह श्रीपाल ने कहा कि आज का दिन पुनरुत्थान दिवस ईस्टर संडे है। आज के दिन यीशु मसीह अपने मारे जाने के तीसरे दिन मुर्दों में से जीवित हुए। उन्होंने मृत्यु पर विजय प्राप्त की। पास्टर ने देश में अमन शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। डान सर्विस की व्यवस्था हिमांशु एवं रितेश ने संभाली। राजमसीह एवं रजनी ने विशेष गीत प्रस्तुत किया। जैरेथ एवं प्रिंस ने भजन मंडली के साथ प्रभु की आराधना स्तुति की। रेबेका शॉ तथा पीपी चंद ने प्रार्थना की अगुवाई की। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव व सद्भावना फाउंडेशन अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा कि यीशु मसीह ने हमारे पापों के लिए अपने प्राण दिए ताकि ईश्वर और मनुष्य के बीच सीधा रिश्ता बन जाए। इस अवसर पर अरुणा, नीलम,अनिल, मौली, माइकल, राकेश मसीह, राहुल, इंदु, हैनसन, रीतेश, सोनिया, शोर, माग्रेट, बीना, रोशन, प्रशांत आदि ने सहभागिता की।

# मिलीभगत से कब्जा ली दो करोड़ की सरकारी जमीन

## ● अधिकारी और नेताओं की मिलीभगत से किया अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात



अवैध कब्जे को ध्वस्त करती नगर निगम की टीम।

मथुरा। मकान के आगे रास्ते में कच्चा पक्का अतिक्रमण कर नगर निगम की करीब दो करोड़ रुपये की भूमि को कब्जा लिया। नगर निगम ने शिकायत के बाद नोटिस जारी किया। नोटिस मिलने के बाद भी कब्जाधारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कब्जा बरकरार रखा है। नोटिस को का जवाब नहीं मिलने के बाद नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने अवैध अतिक्रमण को नगर निगम की जमीन से हटाने के आदेश दिये। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम की टीम ने अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देश पर नगर निगम मथुरा वृन्दावन की टीम द्वारा ध्रुव घाट के पास स्थित नगर निगम की भूमि सर्वे, पैमाइश के बादद मौहल्ला कम्पू घाट जनरल गंज के खसरा की भूमि बतौर सरकारी रास्ता पर अवैध रूप से बनाये गये निर्माण बाउन्ड्रीवॉल, कमरा आदि को ध्वस्त कर खाली कराया गया। राकेश कुमार त्यागी, सहायक नगर आयुक्त एवं जिलाधिकारी मथुरा द्वारा तैनात मजिस्ट्रेट प्रीती जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं विष्णु अग्रवाल, कानूनगो व वेद प्रकाश तिवारी, लेखपाल के साथ निगम की प्रवर्तन दल की बीम एवं भारी पुलिस बल के साथ श्रब्द्ध द्वारा अवैध निर्माण हटवाया गया। अवैध कब्जेदार ललित यादव, श्री श्याम यादव पुत्र गण बृजमोहन यादव द्वारा रास्ते की भूमि पर अपने मकान को आगे बढ़कर पक्का निर्माण कर लिया गया था। जिन्हें नगर निगम द्वारा नोटिस भी दिया गया, किन्तु इनके द्वारा अवैध निर्माण बाउंड्री वॉल, कमरा, शौचालय, आदि बना लिया गया था। इस रास्ते पर अवैध निर्माण को हटा दिया गया। नगर निगम इस खाली कराये गये रास्ते को पक्का करायेगी। खाली कराई गई भूमि लगभग 400 वर्ग मीटर है। जो काफी मूल्यवान भूमि है। जिसका बाजारी मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपये है।

# संविधान स्वाभिमान यात्रा का समापन

स्वतंत्र प्रभात



मथुरा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में संविधान स्वाभिमान यात्रा का आयोजन हुआ। यह संविधान स्वाभिमान यात्रा निदेशक शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष पर्यन्त संविधान दिवस के अन्तर्गत विविध कार्यक्रम उत्सव के रुप में आयोजन की श्रृंखला में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के साथ यह संविधान स्वाभिमान यात्रा आयोजित की गई। इस उत्सव की शुरुआत जिले के अंतर्गत शैक्षिक संस्थानों में 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती मनाने से हुई है।जिसमें कि आज संस्थान के डीएलएड प्रशिक्षुओं ने संविधान स्वाभिमान यात्रा में प्रतिभाग किया।यह यात्रा संस्थान के प्रवेश द्वार से आरंभ होकर संस्थान के खेल मैदानों से गुजरते हुए कंपोजिट विद्यालय के छात्रों के बीच से कांशीराम कॉलोनी होते हुए संस्थान के प्रशासनिक भवन के सामने इस यात्रा का समापन संस्थान के प्राचार्य राजेंद्र बाबू को डीएलएड प्रशिक्षुओं मिथिलेश, ज्ञान देवी, नेहा, मनीषा, प्रियंका, रजनी, शुभम पुष्कर, आकाश गौतम,वीरेंद्र और दीपेंद्र ने संविधान की कॉपी भेट कर किया। इस संविधान दिवस पखवाड़े के प्रभारी हरेश सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रमों का समापन 28 अप्रैल को होगा। इस संविधान स्वाभिमान यात्रा के प्रभारी विवेक कुमार और डॉ. गौरी शंकर पाण्डेय ने बताया कि इस यात्रा में 130 डीएलएड प्रशिक्षुओं और संस्थान के प्रवक्ताओं नरेंद्र सिंह, हरेश सिंह, संतोष कुमार, विवेक कुमार, दिगंबर सिंह, रचना बाला, डॉ.गौरी पांडेय और हिमांशु मोहन रावत ने प्रतिभाग। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी हरेश सिंह ने दी है।

# तेज आंधी में गिरी दीवार एक महिला की हुई मौत।

दुर्घटना/हादसा

मिश्रिख सीतापुर/गाँव में उस समय हड़कंप मच गया जब तेज हवा और बारिश में छप्पर सहित पक्की दीवार एक महिला के ऊपर गिर गयी और उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार तहसील मिश्रिख क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत माडर के एक मजरा ढेढुवा गाँव में बीती रात तेज आंधी के साथ बारिश होने से छप्पर सहित पक्की दीवार गिर गयी जिसके नीचे दबने से एक रिंकी नामक महिला 34 वर्ष की मौत हो गयी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक महिला के तीन बच्चे है। जिसमें एक लड़का और दो लड़कियां भी है। आज सुबह जानकारी पर पहुँचे पुलिस कर्मियों और राजस्व कर्म चारियों ने मौके पर पहुँच कर जाँच पड़ताल की जिसके बाद पंचायत नामा भरकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। क्षेत्रीय लेखपाल आलोक तिवारी ने बताया जाँच करके कार्यवाही की जा रही है।

# बेंगलुरु ने पंजाब को 7 विकेट से हराया-घर से बाहर लगातार पांचवां मैच जीता, कोहली और पडिक्कल ने फिफ्टी लगाई

## आरसीबी के स्टार बल्लेबा विराट कोहली ने इतिहास रच दिया

आईपीएल 2025 के 37वें मुकाबले में एक और अर्धशतक जड़ आरसीबी के स्टार बल्लेबा विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है। किंग कोहली इस रंगारंग लीग में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए है। इस मामले में उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेविड वॉर्नर का रिकॉर्ड तोड़ा है।





स्वतंत्र प्रभात

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को IPL के 37वें मैच में 7 विकेट से हराया। RCB ने 18वें सीजन में होमग्राउंड से बाहर लगातार पांचवां मैच जीता। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में बेंगलुरु ने बॉलिंग चुनी। पंजाब ने 6 विकेट खोकर 157 रन बनाए। बेंगलुरु ने 19वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही टारगेट हासिल कर लिया।

RCB से विराट कोहली ने 73 और देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन बनाए। कोहली IPL में सबसे ज्यादा 67 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बने। उन्होंने डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। पंजाब से प्रभसिमरन सिंह ने 33 और शशांक सिंह ने 31 रन बनाए। अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार और युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला।

**कोहली ने 59वीं IPL फिफ्टी लगाई**

विराट कोहली ने 15वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। उन्होंने ओवर की पांचवीं गेंद पर सिंगल लिया और 43 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। यह IPL में उनकी 59वीं फिफ्टी रही। वे 8 शतक भी लगा चुके हैं। कोहली IPL में सबसे ज्यादा 67 बार फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बने।

**आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज**

विराट कोहली- 67, डेविड वॉर्नर- 66, शिखर धवन- 53, रोहित शर्मा- 45, केएल राहुल- 43

विराट कोहली के आईपीएल करियर की बात करें तो, ये उनके करियर का 260वां मैच है, वह अभी तक 59 अर्धशतक और 8 शतक जड़ चुके हैं। विराट के नाम टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड है।

# वियतनाम पिकलबॉल ओपन कप में भारतीय एथलीटों का बेहतरीन प्रदर्शन, जीते कुल 7 मेडल

## विजयनाम पिकलबॉल ओपन कप में भारतीय एथलीटों ने बेहतरीन प्रदर्शन

शुक्रवार को हो ची मिन्ह सिटी में खेले जा रहे विजयनाम पिकलबॉल ओपन कप में भारतीय एथलीटों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड, तीन सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। भारतीय टीम ने गुरुवार को ओपन कैटेगरी में अपने सभी पदक जीते। ये आयोजन रविवार को जारी रहेगा, जिसमें इंटरमीडिएट और शुरुआती स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी।



प्रतियोगिताएं होंगी।

स्वतंत्र प्रभात

अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ ने शुक्रवार को बताया कि हो ची मिन्ह सिटी में खेले जा रहे विजयनाम पिकलबॉल ओपन कप में भारतीय एथलीटों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड, तीन सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। भारतीय टीम ने गुरुवार को ओपन कैटेगरी में अपने सभी पदक जीते। ये आयोजन रविवार को जारी रहेगा, जिसमें इंटरमीडिएट और शुरुआती स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी।

शीर्ष स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने असाधारण कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया, जिससे वैश्विक पिकलबॉल सर्किट में भारत का बढ़ता प्रभुत्व सुनिश्चित हुआ और इसकी पुष्टि हुई। टूर्नामेंट में भारत की टॉप पिकलबॉल प्रतिभाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वृषाली ठाकुरे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए, त्याक करीना के साथ ओपन महिला डबल्स में गोल्ड मेडल जीता और वंशिक कपाड़िया के साथ ओपन मिक्स्ड डबल्स में श्रेणी में सिल्वर और कांस्य मेडल जीता।